ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 34, अंक 134, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मोदी ने रचा इतिहास

तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ' 'प्रचंड' ' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

3.0

विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

मंत्रियों को मोदी का मंत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ... आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा

● 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली

के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

खनन माफिया ने सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का निवासी है रोहित
- मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट
- पुलिस से मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, अस्पताल में भर्ती कराए गए

अमृत विचार : थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। गम्भीर हालत में उसे शहर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में दरोगा की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर उप निरीक्षक सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ सिपाही गाड़ी में बैठे रहे। रोहित गाड़ी से बाहर निकला और खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने सिपाही के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे वह घायल हो गया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे। वहां पर कुछ क्षण इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद एसपी विकास कुमार, एएसपी डॉक्टर संजय सिंह, सीओ अमृतपुर रवींद्रनाथ राय, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए।

घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव निवासी चंदन नगला और उसके साथी भूपेंद्र यादव (निवासी ग्राम नगला लाहौरी थाना मेरापुर) और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

अमेठी में सड़क हादसा

बोलेरो-बुलेट में टक्कर, तीन महिलाओं सहित पांच की मौत

अमेठी। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर तेज रफ्तार बोलेरो जीप बुलेट को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए बोलेरो सवार अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे।

- अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे बोलेरो सवार, 6 लोग गंभीर रूप से घायल

पुलिस के अनुसार सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज गांव का रहने वाला अकबर बोलेरो से परिजनों को लेकर मुंशीगंज क्षेत्र के धरई माफी में एक रिश्तेदार के यहां एक मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। बोलेरो जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई।

भीषण हादसे में बुलेट सवार दुर्गेश उपाध्याय (28) निवासी भवापुर पीपरपुर व उसकी बहन वंदना पाठक निवासी पाठक का पुरवा पनियार हाउस और भांजे रुद्र 6 वर्ष की मौत हो गई है। वही बोलेरो में सवार शाहनूर (40) व शबनम (35) निवासी कुड़वार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को निजी साधनों और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल और भेटुआ सीएचसी पहुंचाया। घायलों में अयान (11), अरशद, अकबर (40) और अरमान (10) को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

अमृत विचार : जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।

आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। ● अमृत विचार

- रियासी जिले में घात लगाकर किया गया हमला
- हमले के बाद बस खाई में गिरी, कई घायल

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।

घटनास्थल से बरामद कारतूस।

जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

नई दिल्ली। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

बिजली अभियंताओं ने दी मोदी को बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के बिजली अभियंताओं ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद ग्रहण करना बहुत गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सार्वजनिक क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि बिजली अभियंता मोदी के नेतृत्व में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए तत्पर हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के बाद चार जून को आए परिणाम में एनडीए को सरकार बनाने के लिए बहुमत मिला जिसके बाद मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।

कम नहीं हो रही बिजली की मांग, आपात कटौती शुरू

अधिकतम मांग के समय हुई 250 मेगावाट की कटौती, ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थम नहीं रही है। रविवार को अधिकतम मांग 29,263 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब 250 मेगावाट बिजली की आपात कटौती की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज और अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, पर 'पीक आवर्स' में मांग

बिजली आपूर्ति ठप

- रविवार को अधिकतम बिजली मांग 29,263 मेगावाट दर्ज

के ज्यादा बढ़ जाने के कारण आपात कटौती करनी पड़ रही है। हालांकि, बाकी समय में सभी जिला मुख्यालयों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों, बुंदेलखंड क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार, बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि ओबरा सी परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की बंद इकाई अभी चालू

बीते दिनों में बिजली की अधिकतम मांग

1 जून :	29,322 मेगावाट
2 जून :	28,456 मेगावाट
3 जून :	28,648 मेगावाट
4 जून :	29,344 मेगावाट
5 जून :	28,880 मेगावाट
6 जून :	28,820 मेगावाट
9 जून :	29,263 मेगावाट

नहीं हो पाई है। हालांकि, बिजली अभियंता इस इकाई को चालू करने के प्रयास में लगे हैं। अभियंताओं ने रविवार की देर रात तक इस इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार घट-बढ़ रही है, इस कारण मांग में भी उतार-चढ़ाव जारी है।

नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर जल्द शुरू होगी कार्रवाई

लखनऊ : प्रदेश में नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बीते नवंबर में दरों से संबंधित प्रस्ताव भेजा था। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, आयोग की ओर से विस्तृत प्रस्ताव मांगें जाने पर कॉरपोरेशन उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव भेजेगा। सूत्रों ने बताया कि कॉरपोरेशन दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर विचार कर रहा है। बीते 5 वर्षों में कॉरपोरेशन अपने प्रस्तावों के जरिये दरों में बढ़ोतरी पर जोर देता रहा है, पर उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि इस बार भी दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

हो रही 4400 मेगावाट आपूर्ति

लखनऊ: पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से लगभग 4400 मेगावाट बिजली आपूर्ति हो रही है, जबकि बाकी बिजली अन्य स्रोतों से ली जा रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, ओबरा बिजलीघर से 1090 मेगावाट, अनपरा से 2257 मेगावाट, हरदुआगंज से 671 मेगावाट व पारीछा से 444 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। अन्य बिजलीघरों में रोजाना 991 मेगावाट, बजाज एनर्जी से 226 मेगावाट, बजाज ललितपुर से 1850 मेगावाट, बारा से 1712 मेगावाट, मेजा से 1009 मेगावाट व अनपरा लैंको से 1105 मेगावाट बिजली आपूर्ति उपलब्ध हुई।

एसी व गर्मी से राहत देने वाले अन्य उपकरणों के इस्तेमाल के कारण बिजली की मांग ज्यादा बनी हुई है।

भितरघातियों का ब्योरा मुख्यमंत्री को देने की तैयारी, होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिल्ली से लौटने के बाद नेता-अधिकारी ही नहीं एक-एक करीबी की भी कुंडली खंगालेंगे योगी
- मुख्यमंत्री तक भितरघातियों का नाम मय सबूत पहुंचाने की तैयारी में विश्वासपात्र
- हारे कई उम्मीदवारों ने खुलकर लगाया है अपनों पर साथ न देने का आरोप

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत में बाधक बनने वाले उप्र. के नेता व अधिकारियों के नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटकर आने पर विश्वासपात्र चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले एक-एक नाम का ब्योरा मय सबूत मुख्यमंत्री के सामने रखने की तैयारी में हैं। इन नामों पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मंत्रणा के बाद कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, करीबियों की कुंडली भी खंगाली जानी है जो सही तस्वीर का बखान नहीं कर रहे थे। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी से पहले ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाना प्राथमिकता पर है।

दरअसल, भितरघात का मामला गंभीर इसलिए है, क्योंकि इसको लेकर न केवल हारे हुए कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है बल्कि कुछ जीते हुए सांसदों ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। कुछ विधायकों से नाराज हैं तो किसी का आरोप है कि उन्हें स्थानीय संगठन के नेताओं का समर्थन अपेक्षानुरुप नहीं मिला। इसे लेकर पार्टी प्रमुख ने सभी जिला व महानगर इकाइयों से रिपोर्ट तलब की है। एक ओर संगठन स्तर से रिपोर्ट तैयार की ही जा रही है तो वहीं मुख्यमंत्री स्तर से भी उनके विश्वासपात्र पड़ताल कर सूचना दे रहे हैं।

उप्र. में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिलीं। साथ ही हारे हुए प्रत्याशियों ने खुलकर भितरघातियों को कटघरे में खड़ा कर दिया। फतेहपुर सीट से चुनाव हारीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने तो हार के तुरंत बाद इस पर प्रतिक्रिया दे दी थी। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने जीत में सेंध लगाने वालों के नाम भी संगठन को दिए हैं। जालौन सीट से हारे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने भी साध्वी की तरह क्षेत्रीय पार्टीजन में दो को आरोपी बताया है। हारीं सीटों कन्नौज, बांदा, इटावा, हमीरपुर में भी भितरघात की चर्चा है।

वहीं, उन्नाव से साक्षी महाराज जीते तो अवश्य, लेकिन काफी कम अंतर से, ऐसे में वह अपनों के असहयोग से वह दुखी हैं। इसी तरह चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने भी अपनी पीड़ा सीधे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने की बात कही। आंवला के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार में भी भितरघात को कारण बताया जा रहा है। खीरी सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की सीट पर चुनाव के दौरान गुटबाजी दिखी। इलाहाबाद-कौशांबी धौरहरा लोकसभा सीट से हारीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और इलाहाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को कुछ भितरघातियों के नाम बताए हैं। इन नामों में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी हैं। ऐसे उदाहरण सलेमपुर, बलिया, आगरा, फिरोजाबाद, एटा से भी सामने आए।

राजा भैया को लेकर भी सवाल

लखनऊ : संगठन के लिए बड़ा सवाल यह भी है कि कुंडा विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भाजपा से मैनेज क्यों न हो सके। जबकि उन्हें साधने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और कौशांबी से पार्टी प्रत्याशी विनोद सोनकर कुंडा की बेती कोठी पहुंचे थे। बाद में राजा भैया ने घोषणा की कि इस लोकसभा चुनाव में वह किसी भी दल को समर्थन नहीं देंगे। बावजूद इसके राजा भैया का राजनीतिक दांव क्षेत्र विशेष में भाजपा पर भारी पड़ा।

अफसरशाही में जल्द हो सकता है बदलाव

कृषि, चिकित्सा शिक्षा व गृह समेत कई विभागों में प्रमुख पदों पर नजर आ सकते हैं नए चेहरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, एसीएस (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल व एसीएस (नियुक्ति) देवेश चतुर्वेदी समेत कई विभागों के प्रमुख पदों पर आगामी दिनों में नए चेहरे नजर आ सकते हैं। दुर्गा शंकर मिश्र का जहां 30 जून को रिटायरमेंट है। वहीं, एसपी गोयल के निकट भविष्य में उप्र. से दिल्ली जाने के बाद यहां पंचम तल की अफसरशाही में बड़े बदलाव की संभावना है। इसी क्रम में गृह, कृषि, चिकित्सा-शिक्षा, नियुक्ति, वित्त आदि विभागों में भी फेरबदल संभव है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र उप्र. कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें बीते दिसंबर माह में तीसरा सेवा विस्तार मिला था, जिसकी अवधि इसी माह तक है। वहीं, 1989 बैच के आईएएस अफसर एसपी गोयल 2017 से पंचम तल पर तैनात हैं। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफी भरोसेमंद अफसरों में से एक हैं। आने वाले दिनों में उन्हें केंद्र में महत्वपूर्ण पद मिलने की चर्चा शासन के गलियारों में है। ऐसे में पंचम तल के मुख्य धारा के आईएएस अधिकारियों के हटते ही कई और अफसर इधर से उधर हो सकते हैं। इस प्रक्रिया में नए अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारियां मिलना स्वाभाविक है।

मुख्य सचिव की रेस में मनोज कुमार सिंह आगे

मुख्य सचिव बनने की रेस में 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह का नाम आगे है। मनोज सिंह मौजूदा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के अवकाश पर होने की स्थिति में कार्यभार संभालते रहे हैं। हालांकि वरिष्ठता क्रम में 1987 बैच के दो अफसर अरुण सिंघल व लीला नंदन केंद्र में तैनात हैं। 1988 बैच के रजनीश दुबे राजस्व परिषद के चेयरमैन हैं और अगस्त में रिटायर होंगे। केंद्र में डीओपीटी की सचिव राधा एस चौहान भी 30 जून को सेवानिवृत्त हो रही हैं। बहरहाल, देखना यह है कि दुर्गाशंकर की कुर्सी यहां तैनात किस अफसर को मिलती है या केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से किसी अफसर की वापसी होगी।

हलचल तेज

- कुछ आईएएस अधिकारी जाएंगे दिल्ली, कुछ हो जाएंगे रिटायर

चर्चा है कि इस माह के आखिरी सप्ताह में नए मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव गृह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के पद से लेकर कई विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और जिलाधिकारी भी बदले जाएंगे। दरअसल, लोकसभा चुनाव के बाद एक्शन में नजर आ रहे मुख्यमंत्री योगी विधानसभा चुनाव से पहले जनहित की योजनाओं को तेजी से जमीन पर उतारना चाहते हैं। इसी क्रम में वह शासन-प्रशासन पर अपनी पकड़ बनाने के लिए तेजतर्रार अफसरों की तैनाती करेंगे।

योगी ने 'एक्स' पर मोदी को दीं शुभकामनाएं

लखनऊ : तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। योगी ने अपने एक्स हैंडल से मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले योगी रविवार को मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। उन्होंने लिखा, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। योगी ने लिखा, प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा।

51 जिलों में बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुई परीक्षा

अमृत विचार : प्रदेश के 51 जिलों में रविवार को राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 आयोजित हुई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में दो लाख 23 हजार 384 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें एक लाख दो हजार 16 महिलाएं व युवतियां, एक लाख 21 हजार 367 पुरुष और एक ट्रांसजेन्डर अभ्यर्थी शामिल थे। यह जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान व भाषा और द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षण व विषय योग्यता की परीक्षा आयोजित हुई, जिनमें लगभग 90 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय ने आधुनिक सर्विलांस सिस्टम आईसीसीसी के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की। इसके अलावा, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रीयल टाइम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

पकड़े गए संदिग्ध

परीक्षा के दौरान, प्रयागराज और आगरा में कुल 22 अभ्यर्थियों की पहचान संदिग्ध पाई गई, जिनमें से 2 के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई। शेष अभ्यर्थियों को जांच के बाद परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी गई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . मुकेश पाण्डेय और उनकी टीम ने निरन्तर मॉनीटरिंग करते हुए परीक्षा को सफल बनाया।

छह हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस प्रगति को साझा किया गया। इसके मुताबिक, राज्य में अब तक छह हजार से अधिक युवाओं के छोटे-बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है।

वहीं, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि प्रदान की जा चुकी है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार युवाओं को स्वरोजगार देने के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था।

डेढ़ सप्ताह में मिले हीट स्ट्रोक के 1498 मरीज, 23 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बीते दिनों कुछ एक इलाकों में तापमान में उतार-चढ़ाव भले ही हुआ है, मगर प्रदेश में हीट वेव (स्ट्रोक) का प्रकोप कम नहीं हुआ है। पिछले एक सप्ताह में 821 हीट स्ट्रोक मरीजों की पुष्टि हुई है और हीट वेव की गिरफ्त में आकर 23 मरीजों की मौत हो चुकी है। इस प्रकार बीते डेढ़ सप्ताह में कुल 1498 हीट स्ट्रोक के मरीजों की पुष्टि हुई है।

भीषण गर्मी से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, नगर विकास विभाग द्वारा खुले स्थानों पर छांव व ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए तत्काल कारगर इलाज की व्यवस्था के साथ ही हीट वेव से बचाव के लिए

इन जिलों में हीट वेव का प्रभाव ज्यादा

सबसे ज्यादा मरीज हमीरपुर, महोबा, अयोध्या, बुलंदशहर, मिर्जापुर, गाजीपुर, भदोही, वाराणसी, फतेहपुर आदि जिलों में मिले हैं। सभी अस्पतालों में कोल्ड रूम के साथ ही बेड आरक्षित हैं, पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं, हीट स्ट्रोक मरीजों के इलाज में कोताही न हो इसके लिए जिलाधिकारी समेत सीएमओ द्वारा निगरानी की जा रही है।

- नहीं थम रहा है हीट वेव का प्रकोप, मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी

जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि 1 जून से 7 जून के बीच हीट स्ट्रोक के कुल 821 मरीज पंजीकृत हुए और छह की मौत हुई है। हीट वेव से अब तक 23 मरीजों की मौत हो चुकी है और छह की मौत संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि इनमें वे 15 मृतक भी शामिल हैं, जिन्हें पुष्टि न होने पर संदिग्ध माना गया था। दरअसल, बीते दिनों मतदान ड्यूटी के दौरान मिर्जापुर में 13 कर्मियों की और कौशांबी के दो अन्य मरीजों की मौत हो गई थी। इतना ही नहीं, गत 27 मई से 1 जून तक के मरीजों पर गौर करें तो मात्र चार दिनों में 677 हीट स्ट्रोक के मरीज मिले थे, साथ ही दो की मौत हुई थी।

मालूम हो कि वर्षों बाद हीट वेव ने अपना कहर दिखाया है, भीषण गर्मी में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। अप्रत्याशित मौतें हुई हैं, सरकार द्वारा दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर न निकलने की हिदायत भी दी गई।

जयंत चौधरी के केन्द्र में मंत्री बनने पर दीं शुभकामनाएं



लखनऊ : केंद्र में तीसरी बार शपथ लेने वाली एनडीए सरकार में राष्ट्रीय लोकदल के शामिल होने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ लेने पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के केंद्र सरकार में मंत्री बनने से देश की 68 प्रतिशत आबादी (विशेषकर जो कृषि पर निर्भर हैं) में उमंग व उत्साह का माहौल है। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व अन्य ने जयंत चौधरी को शुभकामनाएं दीं। व्यापार अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा कि जयंत के मोदी सरकार में शामिल होने से प्रदेश के किसानों में बेहतरी की उम्मीद बढ़ी है।

सामाजिक न्याय के मुद्दे से लोगों में पकड़ बनाए रखेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित प्रदेश कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे के जरिये लोगों में अपनी पकड़ मजबूत रखेगी, ताकि इसका लाभ आने वाले चुनावों में भी मिल सके। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में इस पर संकल्प लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि संविधान बदलने की बात करने वाले अब संविधान के आगे नतमस्तक हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन के पीछे पार्टी का सामाजिक मुद्दा है। पार्टी नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाने, जातिगत जनगणना शुरू कराने, जनसंख्या के अनुसार आरक्षित वर्ग के

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

लोगों को उनका अधिकार दिलाने आदि मुद्दे उठाये थे। चुनाव में इसका लाभ मिला। अब पार्टी इन वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने कहा कि पार्टी पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र में किये गये वादों के अनुसार, पार्टी लोगों को न्याय दिलाने का काम करेगी। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ राहुल राजभर, अरशद खुर्शीद, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम खान, डा अलीमुल्लाह खान आदि ने संबोधित किया।

न्याय की आवाज को घर-घर पहुंचाना होगा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रविकांत ने कहा कि यह पार्टी के सामाजिक न्याय के एजेंडे की जीत है। हमें इस पर लगातार चलना होगा। प्रोफेसर अजय आर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के विमर्श को और ताकत देगी होगी। सामाजिक संगठनों में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। सामाजिक कार्यकर्ता ताहिरा हसन ने कहा कि सामाजिक न्याय की आवाज को हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा। यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए।

विवेचनाओं का कराया जाए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए, जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध तरीके से निस्तारण हो। महिला सुरक्षा के लिए महिला बीट/महिला हेल्प डेस्क आदि के कार्यों की समीक्षा कर पुलिस बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाये। लोकसभा चुनाव के सकुशल सम्पन्न होने के बाद कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हें उक्त निर्देश दिए।

कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा करते हुए डीजीपी प्रशान्त कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार, 1 जुलाई से लागू होने वाली नई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने के लिए प्रशिक्षण, आवश्यक उपकरणों की खरीदारी व व्यापक प्रचार-प्रसार पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यालय स्तर से निर्गत सभी कार्य योजनाओं का शत-प्रतिशत अनुपालन

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

सुनिश्चित किया जाए।

प्रशान्त कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में पंजीकृत माफिया गिरोह के सभी सदस्यों के विरुद्ध सफल अभियोजन, सम्पत्ति जब्तीकरण व अन्य विधिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों को अत्याधिक गम्भीरता से लिया जाए।

डीजीपी ने कहा कि निर्धारित समयावधि में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए व अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाए। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को डीजीपी ने निर्देश दिया कि चेन स्नैचिंग संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाया जाए। पुलिस मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में एडीजी एलओ अमिताभ यश, एडीजी स्थापना, एडीजी लॉजिस्टिक्स, एडीजी तकनीकी सेवाएं समेत मुख्यालय के वरिष्ठ अफसरगण मौजूद रहे।

कई जिलों के कप्तानों की बैठक में लगी फटकार

लखनऊ : कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में कई जिलों के कप्तानों की डीजीपी ने फटकार लगाई। अपराध नियन्त्रण में नाकाम और जनसुनवाई में लापरवाह साबित हुए कई कप्तानों से डीजीपी प्रशान्त कुमार ने नाराजगी जताई। साथ ही अपने आचरण में सुधार लाने के लिए उन्हें निर्देश दिए। सूत्रों की मानें तो डीजीपी मुख्यालय ने फील्ड में तैनात ऐसे उपाधीक्षकों और कप्तानों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है, जिनका जिलों में अभी तक खराब प्रदर्शन रहा है। सीतापुर में गत दिनों हुई एक ही परिवार के कई सदस्यों की हत्या की वारदात को लेकर कप्तान चक्रेश मिश्र ने मीडिया को गलत बयानबाजी की, जिससे विभाग की किरकिरी हुई थी। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने उन्हें भविष्य में इस तरह की बयानबाजी से बचने के लिए नसीहत दी। इसी तरह अपराध नियन्त्रण और जनसुनवाई में नाकाम सुल्तानपुर, बहराइच, संतकबीरनगर, गोण्डा, उन्नाव, हरदोई समेत दर्जनभर कप्तानों को डीजीपी ने सुधार लाने की चेतावनी दी।

आगामी भर्ती परीक्षा को लेकर सक्रिय हुई एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जुलाई में जारी हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। इसके लिए बोर्ड स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं, इस बार धांधली अथवा प्रश्नपत्र लीक जैसी घटना न हो, इसके लिए एसटीएफ ने भी कमर कस ली है। अधिसूचना जारी होने से पहले एसटीएफ की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गई है। फिलहाल विगत आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा मामले में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

धांधली मुक्त परीक्षा कराना एसटीएफ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट होने के बाद सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा को निरस्त करते हुए छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बोर्ड ने उसी हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी थी। अब सूचना मिल रही है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। ऐसे में एसटीएफ अलर्ट मोड पर आ गई है। एसटीएफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती धांधली मुक्त परीक्षा कराना है। हालांकि पिछली भर्ती परीक्षाओं का प्रश्नपत्र आउट कराने के मामले में एसटीएफ ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। अब तक 300 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। कार्रवाई का डर बनाए रखने के लिए लगातार धरपकड़ अभियान जारी है। बताया जा रहा कि प्रश्नपत्र आउट करने में शामिल जो आरोपी अभी तक नहीं मिल सके हैं, उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बार की पूरी भर्ती प्रक्रिया एसटीएफ की नजर में रहेगी।

डीएसपी के स्थानांतरण को एसपी ने डीजीपी कार्यालय को लिखा पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजस्थान की महिला डॉक्टर के साथ विवाहेत्तर संबंधों में फंसे बस्ती के डीएसपी के तबादले के लिए पुलिस अधीक्षक बस्ती ने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है। उधर, मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण एसपी सिद्धार्थनगर ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अर्ध शासकीय पत्र पर मुख्यालय जल्द फैसला ले सकता है।

ये भी बताते चलें सीओ विनय कुमार चौहान की महिला मित्र ने यह रिपोर्ट बस्ती में दर्ज न कराकर राजस्थान के जयपुर में करायी थी। बाद में रिपोर्ट जयपुर से बस्ती ट्रांसफर होने के बाद महिला थाने में दर्ज हुई। यह भी बताते चलें कि डीएसपी विनय कुमार चौहान जब मथुरा में बतौर सीओ तैनात थे, तभी उनकी मुलाकात महिला डॉक्टर से हुई थी। मुलाकात दोस्ती में बदली, फिर दूसरा विवाह करने को लेकर दोनों राजी भी हुए। महिला डॉक्टर पहले से विवाहित है। उसका पति राजस्थान के एक नगर निगम में नौकरी करता है।

योजना

कुल 9 .33 करोड़ जनधन खाताधारक, 6 .14 करोड़ को जारी हो चुका है रूपे कार्ड, लगभग पांच करोड़ महिलाएं हैं जनधन खाता धारक

जनधन खाता खुलवाने में उप्र अव्वल, महिलाओं की संख्या सर्वाधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाता खुलवाने के मामले में प्रदेश शीर्ष पर पहुंच गया है। देश में जनधन खाताधारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या प्रदेश में है। खाता धारकों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक लगभग 5 करोड़ है। कुल 9.33 करोड़ जनधन खाताधारकों में से 6.14 करोड़ खाता धारकों को रूपे कार्ड जारी हो चुका है।

- देश में जनधन खाता धारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या उप्र में

शासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस सिलसिले में वित्त मंत्रालय की ओर से रिपोर्ट जारी की गई है। मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 9 करोड़ 33 लाख 66 हजार 265 खाताधारक हैं। 29 मई तक के इन आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें 6 करोड़ 71 लाख 78 हजार 705 खाताधारक ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों के निवासी हैं, जबकि दो करोड़ 61 लाख 87 हजार 560 खाताधारक शहरी और मेट्रो सिटी में रहने वाले गरीब हैं। 9.33 करोड़ खाताधारकों के खातों में कुल 47,427.21 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। प्रदेश में रूपे कार्डधारकों की संख्या 6 करोड़ 14 लाख 39 हजार 64 है, जो देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा देश में महिला जनधन खाताधारकों की संख्या जहां 29.11 करोड़ है, वहीं प्रदेश में यह संख्या लगभग पांच करोड़ है।

एक वर्ष में खुले 65 लाख नए खाते

वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में लगभग 65 लाख जनधन खाते खोले गए हैं। इनमें से अब तक 91 प्रतिशत से अधिक खातों के आधार सीडिंग का कार्य पूरा हो चुका है। मार्च 2023 तक प्रदेश में जनधन खातों की संख्या 8 .68 करोड़ थी जो मार्च 2024 में बढ़कर 9 .28 करोड़ पहुंच गई।

एक लाख का दुर्घटना बीमा भी शामिल

प्रधानमंत्री जनधन योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक मूल बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षारता, ऋण की उपलब्धता, बीमा व पेंशन सुविधा समेत सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को रूपे डेबिट कार्ड दिया जाता है, जिसमें एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी शामिल है।

आज का मौसम

लू चलने के साथ तेज उमस और गर्मी रहेगी।

44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

रायबरेली - अमेठी के भावनात्मक रिश्तों को और मजबूत करेगा गांधी परिवार

राहुल गांधी और केएल शर्मा की जीत का आभार प्रकट करने कल आएगा परिवार, आगमन की जोर-शोर से चल रही तैयारी, कार्यकर्ताओं में दिख रहा उत्साह

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। रायबरेली और अमेठी हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है और इसे भाजपा हर बार भेदने की पुरजोर कोशिश करती रही है। लोकसभा चुनाव में रायबरेली से राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत और अमेठी में पुराने वैभव को प्राप्त होने से सभी गदगद हैं। अब गांधी परिवार रायबरेली व अमेठी से भावनात्मक रिश्ता और मजबूत करेगा। इसके लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी,प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरीलाल शर्मा 11 जून को आ रहे हैं।

गांधी परिवार इस जीत के लिए दोनों जिलों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित गठबंधन के नेताओं व जनता का आभार प्रकट करेंगे। इसको लेकर तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जहां रायबरेली सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है तो वही अमेठी में इस बार फिर अपनी सीट वापस पा ली है। इन दोनों सीटों पर दिलचस्प चुनाव रहा। रायबरेली और अमेठी की जनता ने जिस विशाल बहूमत से जीत दिलाई, इसको लेकर गांधी परिवार काफी खुश है। वहीं, अभी तक सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के तौर पर जाने जाने वाले केएल शर्मा ने भाजपा की तेजतर्रार नेता स्मृति ईरानी को डेढ़ लाख से अधिक मतों से शिकस्त दी है। देश में कांग्रेस को पिछली बार की अपेक्षा इस बार जनता ने काफी प्रेम दिखाया है। जिसकी बदौलत कांग्रेस को 99 सीटों पर सफलता मिली है। पार्टी की सफलता से गदगद नेताओं का जोश खुशी से लबरेज है। यूपी में अच्छे प्रदर्शन के बाद सोनिया गांधी सहित पूरा गांधी परिवार उत्साहित और उत्तर प्रदेश की तरफ आशा भरी नजरों से देखने लगा है। राहुल गांधी और किशोरी लाल शर्मा की जीत के बाद इन दोनों जनपद के नेताओं का दिल्ली में आना-जाना शुरू हो गया है यहां के नेता आप बधाइयां देने दिल्ली पहुंच रहे हैं।

जीत के प्रमाण पत्र के साथ राहुल, केएल शर्मा, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी। (फाइल फोटो)

नहर कोठी के पास हो सकता है कार्यक्रम : गांधी परिवार से दिल्ली से भेंट कर वापस लौटे जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि गांधी परिवार रायबरेली की जनता का आभार प्रकट करने के लिए 11 जून को एक विशाल कार्यक्रम करने जा रहा है। कार्यक्रम के स्थान के चयन को लेकर जोरों शोरों से चर्चा चल रही है। जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी का मानना है कि दोनों जनपदों के मध्य यह कार्यक्रम होना है। इसके लिए अभी फिलहाल यह कार्यक्रम रायबरेली और अमेठी के मध्य नहर कोठी के पास होना माना जा रहा है, क्योंकि नहर कोठी से दोनों जनपद में की सीमाएं सटी हुई है।

रायबरेली और अमेठी से पूरे देश को संदेश : विनय द्विवेदी

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी की जनता ने पूरे देश को संदेश दिया है। भारतीय राजनीति में राहुल युग का आगाज हुआ है। यह एक बदलाव का संकेत है। रायबरेली और अमेठी का गांधी परिवार से पारिवारिक नाता है। यही वजह है कि गांधी परिवार जिले के विकास को लेकर निरंतर प्रयासरत है। आने वाले समय में जिले में और तेजी से विकास होगा।

दोनों जिलों के बॉर्डर पर होना है कार्यक्रम

अमेठी व रायबरेली की जीत के बाद गांधी परिवार एक बार फिर दानों जिलों की तरफ आशा भरी नजरों से देखने लगा है। वहींदानों जिलों के बीच में किसी जगह को तय करना है, जहां पर कार्यक्रम अच्छे से हो सके। इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। उनका मानना है कि ऐसे कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है।

10 हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल

कांग्रेस के आभार कार्यक्रम में दोनों जनपदों के दस हजार कार्यकर्ताओ को बुलाया गया है। इस कार्यक्रम में गठबंधन के भी सभज सहयोगी मौजूद रहेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई। गांधी परिवार का रायबरेली और अमेठी से हमेशा गहरा लगाव रहा है। इस बार दोनों जिलों ने खुशी को दोगुना किया है।

एक नजर

12 को रायबरेली जायेगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। डीह थाना क्षेत्र के ग्राम बारा में लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सपा कार्यकर्ता से मारपीट का मामला तूल पकड़ रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को मामले की जांच करने के लिए पत्र जारी किया है। गांव निवासी जीतेंद्र यादव का पैर मतदान के दिन हुई मारपीट में टूट गया था। उन्होंने आरोप ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पर लगाया गया है। मामले में दोनों तरफ से नामजद मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। पूरे मामले का संज्ञान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लिया है। सपा मुखिया के निर्देश पर विधायक व पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, पूर्व एमएलसी सुनील सिंह यादव, सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव 12 जून को गांव आएंगे और मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेजेंगे।

बियर की दुकान में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लालगंज कस्बे के गुरुबक्शगंज चौराहे के निकट स्थित बियर शॉप में लेनदेन को लेकर ग्राहक से मारपीट हो गई थी। मामले में बियर शॉप के सेल्समैन संतोष पुत्र रामनारायन निवासी भोजपुर थाना सरेनी ने सराफा मंडी लालगंज निवासी अतुल सोनी और तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज करने की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में लालगंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संतोष की तहरीर पर अतुल सोनी खागा वाले और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ है।

कार्यशाला में सीखीं नाट्यकला की बारीकियां

रायबरेली, अमृत विचार। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास एवं भारतीय जननाट्य मंच (इप्टा) की ओर से संयुक्त रूप से नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागिों ने नाट्य कला की बारीकियां सीखी। रामकृष्ण पब्लिक स्कूल परिसर में उद्घाटन समाजसेवी जेपी त्रिपाठी ने किया। इप्टा रायबरेली के संस्थापक संतोष डे प्रतिभागियों को नाट्यशास्त्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तीसरे दिन प्रतिभागियों को अभिनय के सूत्र बताए गए। अमन जयसवाल, राहुल यादव, लवकुश, रेनू श्रीवास्तव, विमलेश मिश्रा, सान्वी मिश्रा, अतुल मिश्रा, उत्कर्ष वर्मा, अनिल द्विवेदी, आराध्या वैश्य, स्वास्तिक मिश्रा आदि प्रतिभागी हैं।

तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार श्रमिक को रौंदा, मौत

हसनगंज के निकट हुआ हादसा, कार छोड़कर मौके से चालक फरार

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसनगंज के निकट रविवार की सुबह करीब छह बजे तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में साइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हसनगंज निवासी रामू पुत्र रतिपाल साइकिल से भट्ठे में मजदूरी करने के लिए जा रहा था। गांव से महज़ 500 मीटर आगे ही पहुंचा था कि तभी अनियंत्रित कार ने उसे रौंद दिया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक रामू अपने माँ बाप की अकेली संतान था। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चे छोड़ गया है। देर शाम पारिवारिकजनों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। चालक अपनी कार को घटना स्थल से थोड़ी दूरी पर खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने कार के मालिक की तलाश में जुट गयी है। इस बारे में कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार चालक की तलाश की जा रही है। मिलने के बाद चलाक पर उचित कार्रवाही की जायेगी।

ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के दोस्तपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार की सुबह करीब पांच बजे के करीब एक किशोरी ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के दोस्तपुर गांव की रहने वाली रूबी पुत्री राम मिलन का शव श्री राज नगर रेलवे स्टेशन के करीब दोस्तपुर रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार की सुबह कटा हुआ पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। बताते हैं कि मृतका किसी बात से नाराज थी और उसने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। इस बारे में कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

दोस्तपुर रेलवे क्रासिंग, जहां पर युवती की किशोरी हुई थी मौत।

बाजार से लौट रहे दो भाइयों पर जानलेवा हमला

अमावां, अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में आपराधिक वारदातें तेजी से बढ़ रही है। पुलिस के ढीले रवैये के चलते अपराध में पिछले एक महीने में काफी वृद्धि हुई है। शनिवार की देर शाम बाजार से घर लौट रहे दो भाइयों को पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया तो हमलावर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस महज जांच करने का बहाना बनाती रही।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के कोड़रस खुर्द लहुरिया गांव निवासी शिवाकांत पुत्र रामचंद ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि वह

▸▸ घात लगाये बैठे हमलावरों ने पीट-पीटकर किया अधमरा, हालत गंभीर

अपने छोटे भाई विकास के साथ शनिवार की शाम 7 बजे खसपरी बाजार से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर शारदा नहर पुल के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रमाकांत दीक्षित पुत्र लाल बहादुर, दुर्गेश पुत्र रमाकांत,अतुल दीक्षित पुत्र रमाकांत दीक्षित,दीपक दीक्षित पुत्र कमलाकांत ने गालियां देते हुए पीट कर अधमरा कर दिया। वहीं, इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

सरेनी, रायबरेली। थाना क्षेत्र के भक्ता खेड़ा गांव में एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी अमजद अली का शव रविवार दोपहर को गांव के सड़क किनारे आम के पेड़ से लटकता मिला था। इसके बाद आसपास हड़कम्प मच गया। लोगों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों व पुलिस को दी।वहीं,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया मृतक की बेटी ने पिता के अवसाद में रहने की बात बताई है जांच कराई जा रही है।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

सरेनी,रायबरेली,अमृत विचार। शनिवार की रात को थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर रात 12 बजे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना क्षेत्र के मुर्दीपुर मझिगवा गांव के रहने वाले गुड्डू सिंह (38) पुत्र वेंकट रमन सिंह ने बीती रात करीब दस बजे जहरीला पदार्थ खा लिया।

एनएचएआई ने गिराया ब्लॉक प्रमुख का भवन, हुआ हंगामा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। एनएचएआई की सीमा परिधि में आए ब्लाक प्रमुख के भवन को ढहा दिया गया। हाईवे के चौड़ीकरण के दौरान एनएचएआई ने यह कार्रवाई की है। भवन के ध्वस्तीकरण की जानकारी मिलने पर समर्थकों के साथ पहुंचे ब्लाक प्रमुख के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। राजमार्ग पर करीब एक घंटे तक बवाल होता रहा। इससे कुछ देर के लिए वाहनों का आवागमन तक प्रभावित रहा। पुलिस को जाम हटवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस दौरान सड़क की सीमा परिधि में आए क्षेत्र के हजारों भवनों को एनएचएआई ने तोड़ डाला है। इसमें से अधिकांश भवनों का मुआवजा दे दिया गया है। कुछ भवन जिनकी जमीन और निर्माण के दस्तावेजों में त्रुटियां थी, उन्हे मुआवजा नहीं मिला है। ऊंचाहार की ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्य का एक भवन राजमार्ग के किनारे जलालनहार गांव के पास बना हुआ था। एनएचएआई ने जब इसे तोड़ने की कोशिश की तो उनके पति बीएन मौर्य और अन्य परिजनों ने बिना मुआवजा दिए भवन तोड़ने पर रोक लगा दी। काफी समय तक मामला ठंडा रहा। रविवार को एनएचएआई के अधिकारी पुनः जेसीबी लेकर भवन तोड़ने पहुंचे तो ब्लाक प्रमुख के परिजन भी आ गए। ध्वस्तीकरण के विरोध में जमकर हंगामा करने लगे। मामला बिगड़ता देख सुरक्षा के दृष्टिकोण से एनएचएआई के अधिकारियों ने पुलिस बल बुलाया। काफी विरोध के बावजूद भवन को तोड़कर जमींदोज कर दिया गया। इस दौरान राजमार्ग पर हो रहे हंगामे के कारण खासा मजमा लगा रहा है।

जेसीबी से ध्वस्त किया जाता ब्लॉक प्रमुख का भवन। अमृत विचार

भवन के ध्वस्तीकरण का विरोध करते ब्लाक प्रमुख पति व अन्य। अमृत विचार

▸▸ करीब एक घंटे तक लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर चला हंगामा, पुलिस ने जाम हटवाया

ससुराल में दामाद ने मचाया तांडव, सास समेत दो महिलाओं को पीटा

सूची, रायबरेली, अमृत विचार। डीह थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बेटी और दामाद में अनबन के चलते दामाद ने अपने आठ साथियों के साथ ससुराल सहित दो अन्य घरों में जमकर तोड़फोड़ की। सास सहित दो महिलाओं को जमकर पीटा। पीड़ित सास ने दामाद सहित आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। ग्राम पूरे मेडई मजरे मऊ गांव निवासी रूकसाना का विवाह भदिहा मजरे बहुतई निवासी रियाजुल के साथ हुथा था। जिसमे अनबन चल रही है। नाराज रियाजुल अपने आठ साथियों के साथ रविवार की दोपहर अपनी ससुराल पूरे मेडई पहुंचा और आलमारी, बक्सा, फ्रिज, टैक्टर, कुर्सी सहित अन्य सामान तोड दिया और घर में रखा अनाज तहस नहस कर दिया। इतना ही नहीं विरोध करने पर सास सहीमुन और किस्मतुन को जमकर पीटा, जिससे दोनो महिलाएं घायल हो गयी। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

चोरियों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। पुलिस की निष्क्रियता एवं लचर कार्यशैली से थाना क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलन्द हैं। पुलिस चोरियों अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। बीते मार्च, अप्रैल, मई में हुई करीब एक दर्जन चोरियों का जहां खाक छानती फिर रही खाकी अभी तक खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि बीती रविवार की रात थाना क्षेत्र के तौली में चोरों ने रमाकांत पुत्र बाबूलाल के यहां दीवाल में नकब काटकर करीब 20 हजार से अधिक के पीतल के बर्तन व एक लाख से अधिक के सोने-चांदी जेवरात पार कर दिए।

चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

पीड़ित रमाकांत ने बताया कि सुबह करीब 4:30 बजे उसके छोटे भाई की पत्नी श्रीकान्ती उठी तो देखा कि उसके घर का दरवाजा खुला था। दरवाजा खुला देखकर जब उन्होंने उसे बताया तो उन लोगों ने घर के अन्दर जाकर देखा तो घर के अन्दर सामान विखरा पड़ा था। घर की पिछली दीवार से सेंध कटी थी। चोरों ने 20 हजार से अधिक बर्तन व एक लाख के जेवरात पार कर दिए हैं। डायल 112 नम्बर पर सूचना दी गई थी, पुलिस आई थी। इसके साथ ही थाने में लिखित तहरीर दे दी गई है। लगातार हो रही चोरियों की वारदातों से पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खुल गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

तलवार से केक काटने का वीडियो वायरल

रायबरेली, अमृत विचार। जिले में तलवार से युवक का केक काटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमें में हड़कम्प मच गया। फिलहाल अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस द्वारा गलत तरीके से किये जा रहे कार्यों को लेकर समय-समय पर कार्यवाही किए जाने के बावजूद भी युवा सबक नहीं ले रहे हैं। रविवार को जब सोशल मीडिया में एक युवक का तलवार से केक काटते वीडियो वायरल हो गया।वायरल वीडियो हरचंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ब्रह्म की प्राप्ति से समाप्त हो जाते हैं भ्रम

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली

अमृत विचार। संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए साध संतों ने सत्संग में बढ़-चढ़कर क हिस्सा लिया। जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा विजय बहादुर सिंह द्वारा सुसंगत को संबोधित करते हुए कहा कि परम ब्रह्म परमात्मा सर्वत्र सर्वव्यापी है।

जब सद्गुरु की कृपा से ब्रह्म की प्राप्ति हो जाती है तो दुनिया के सारे भ्रम स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। भ्रमित जीवन किसी को भी कभी सुंदर मार्ग पर नहीं ले गया। एक परमात्मा कण-कण में है। जब इस परमात्मा में संत महात्मा गुणगान करते हैं। यह सत्य है। कि हमारे जीवन में आ जाता हमारा नजरिया बदल जाता है। हम संसार में सब कुछ मानकर बैठे थे।

सद्गुरु इस भ्रम से निकाल दिया। अभी समझ आ गई है कि यह प्रभु की रचना है। यह परिवर्तनशील है। परमात्मा जो कायम रहने वाला है, जो कभी नष्ट नहीं होगा। इस मौके पर बसंत लाल, संजय सिंह, शिव मूरत, हरकेश, राम सुमेर, उषा, वंदना, कमल, पूनम आदि साथ संगत मौजूद रहे।

जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग सुनते श्रद्धालु।

आरोग्य मेले में 63 मरीजों का उपचार

जगतपुर, रायबरेली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमे 63 मरीज ने पंजीकरण करवाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में डॉ. सुफैल अहमद की अध्यक्षता में 63 मरीजों का उपचार किया गया। आरोग्य मेले में खांसी, जुखाम, बुखार, शुगर, बीपी, एनीमिया, हाइपरटेंशन आदि रोगों के मरीज ने अपना उपचार करवाया। डॉ. सुफैल अहमद ने बताया कि आए हुए मरीजों को उपचार के बाद निशुल्क रूप से दवाई वितरण की गई है। इस दौरान उन्होंने दोपहर में तेज धूप से बचने की सलाह दी। कहा कि हीट वेव का काफी खतरा है। जरूरत पड़ने पर ही लोग दोपहर में निकले।

मनमानी | गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी की मांग को पूरा करने के लिए जोरों पर अवैध खनन, जिम्मेदार मौन

चुनावी व्यस्तता में मिट्टी खनन से बदल दी इलाके की सूरत

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। धरती को छलनी करके अवैध खनन का काला कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। चुनाव आचार संहिता लगने और अफसरों के चुनावी व्यस्तता का फायदा उठाकर गंगा एक्सप्रेस वे की आईटीडी कंपनी ने क्षेत्र में खूब उत्पात किया है अपितु एनएचएआई के चौड़ीकरण में काम करने वाली कंपनी के कारोबार ने भी खूब तबाही मचा रखी है।

इस कंपनी ने भी बिना अनुमति लिए पूरे क्षेत्र के कई स्थानों पर खनन के नाम पर जगह-जगह कुआं बना दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र का भूगोल ही बदल गया है।

एनएचएआई के चौड़ीकरण में बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है। क्षेत्र के नजनपुर, सनबीरवन, शाहाबाद, सवैया मीरा, लक्ष्मीगंज गांव समेत करीब आधा दर्जन स्थानों पर कंपनी द्वारा मिट्टी का खनन तेजी से किया जा रहा है। इनमें से अधिकांश खनन की अनुमति नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रशासनिक अमला चुनाव में व्यस्त था। ऐसे में कंपनी ने खूब उत्पात मचाया है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर अनुमति हेतु जिला प्रशासन से आवेदन करने के साथ ही खनन का काम शुरू कर दिया। अभी तक आवेदन पत्रावली लंबित है और मौके पर खनन का काम पूरा करके समतल मैदान को तालाब और तालाब को कुआं बना दिया गया है। गांव-गांव 15 से 20 फीट का गहरा कुआं खोद दिया गया है, जिससे कृषि भूमि के साथ मानव और मवेशी जीवन को भी खतरा पैदा हो गया है।

अवैध खनन में लगे वाहन। अमृत विचार

बिना अनुमति खोद डाले गए खेत

गंगा एक्सप्रसेव-वे और सड़क चौड़ीकरण में लगी कंपनियों ने किसानों के साथ मिलकर उनकी निजी कृषि योग्य भूमि में खूब खनन किया जा रहा है। किसानों को चंद रुपए देकर बिना प्रशासनिक अनुमति के खेत खोद डाले गए। इसमें क्षेत्रीय लेखपाल और तहसील स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत भी रही। यही कारण रहा कि रात-दिन चल रहे खनन के अवैध काले कारोबार पर कोई रोक नहीं लगा पा रहा है। जमीनी हकीकत की जानकारी जिला स्तरीय अधिकारियों को पता नहीं है और स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखे बंद किए है। जिससे धरा की ऊंचाई भी कम हो रही है। आने वाले दिनों में यह पूरा क्षेत्र तराई जैसा नजर आने वाला है।

घर में आग से गृहस्थी का सामान जला

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। विद्युत शार्ट-सर्किट से रविवार की दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे पूरी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में लाखों की क्षति हुई है।

यह घटना रविवार की दोपहर क्षेत्र के भागीपुर गांव में हुई है। दोपहर गांव के निवासी बाबूलाल का परिवार भीषण गर्मी में अंदर आराम कर रहा था, तभी विद्युत शार्ट-सर्किट से एक कमरे में अचानक आग लग गई। आग ने जब भीषण रूप धारण किया तब मामले की जानकारी परिवार और गांव वालों को हुई। इसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि ग्रामीणों के होश उड़ गए। तत्काल मामले की सूचना दमकल विभाग को दी गई और ग्रामीणों ने मिलकर आग को रोकने के प्रयास शुरू किया, जिससे यह हुआ कि आग दूसरे घरों तक नहीं पहुंच सकी। इस बीच मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है, किंतु तब तक बाबूलाल की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। इस अग्निकांड में करीब तीन लाख रूपए की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

घर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

148 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

जनपद के तीन केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई परीक्षा, जिलाधिकारी ने सभी केंद्रों का किया निरीक्षण

एफजी कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा देने जाते अभ्यर्थी। अमृत विचार

बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

एक अन्य केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड शैक्षिक सत्र 2024-26 के प्रवेश के लिए बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को संपन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 148 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में प्रथम पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक जिले के तीन केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें प्रत्येक पाली में कुल 1284 अभ्यर्थी आवंटित थे। जीआईसी 384, जबकि जीजीआईसी और एफजी कॉलेज में 450 - 450 अभ्यर्थियों के सापेक्ष जीआईसी में प्रथम पाली में 334, द्वितीय पाली में 332, जीजीआईसी में प्रथम पाली में 404, द्वितीय पाली में 405 और एफजी कॉलेज प्रथम पाली में 398 और द्वितीय पाली में 399 अभ्यर्थी शामिल हुए। अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमृता सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव गृह उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परीक्षा के सफल आयोजन कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पहले ही सुनिश्चित करा दिया गया था। जिला समन्वयक शांति भूषण प्राचार्य सर्वोदय इंटर कालेज ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है।

वेटलिफ्टिंग में गोल्ड जीत तेजस्वी व कपिल ने किया जिले का नाम रोशन

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ सब जूनियर कैटेगरी में कपिल शर्मा ने 210 किलो व तेजस्वी यादव ने 145 किलो भार उठाकर जीता स्वर्ण पदक

अमृत विचार। दिल्ली में इंटरनेशनल हेल्थ स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेस्टिवल द्वारा आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रायबरेली के तेजस्वी यादव ने सब जूनियर कैटेगरी में 145 किलो का बारबेल को उठाकर स्वर्ण पदक जीता है।

तेजस्वी यादव ने आईएचएफएफ द्वारा आयोजित करवाए गए शेरू क्लासिक स्ट्रांगमैन डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में 60 किलो की कैटेगरी में 145 का भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ-साथ इसी प्रतियोगिता में रायबरेली के ही कपिल शर्मा ने भी जूनियर केटेगरी मे गोल्ड मेडल जीता है। कपिल शर्मा ने 74 किलो की कैटेगरी में 210 का भार उठा कर यह पुरस्कार जीता है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हुई है जिसमें कई देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। रायबरेली के दोनों खिलाड़ियों ने वेट लिफ्टिंग में कीर्तिमान स्थापित करके रायबरेली का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। दोनों खिलाड़ियों के परिजनों एवं साथियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

ग्रामीणों ने रुकवाया मार्ग का निर्माण, किया प्रदर्शन

जेई के आश्वासन पर शान्त हुए गांव के लोग

संवाददाता, रायबरेली

घटिया सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

शिवगढ़, अमृत विचार। मानक के अनुरुप सड़क की विशेष मरम्मत न होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग व कार्यदायी संस्था के खिलाफ विरोध में प्रदर्शन करते हुए मानक के अनुरुप सड़क बनवाने की मांग की है।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे से जुड़े गूढ़ा-बडवल सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य चल रहा है। बेड़ारू से बड़वल चौराहे तक 3.5 किलोमीटर लम्बे इस सम्पर्क मार्ग की कुल लागत 56 लाख रुपए से अधिक है। जिसमें मानक के हिसाब से डस्ट, गिट्टी, तारकोल नहीं डाला जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने निबडवल गांव के पास निर्माण कार्य को रूकवाते हुए पीडब्ल्यूडी व कार्यदाई संस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण पूर्णमासी, जगदीश, धर्मवीर, बुधई, राम सुमिरन, देवतादीन सहित ग्रामीणों ने धांधली का आरोप लगाते हुए बताया कि एक तरफ सड़क बन रही है। दूसरी तरफ उखड़ रही है न तो सही तरीके से गिट्टी डाली गई है और न ही पानी डाला जा रहा है। तारकोल भी मानक के हिसाब से नहीं डाला जा रहा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सही तरीके से सड़क नहीं बनाई गई तो सड़क पर बैठकर भूख हड़ताल करेंगे। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई अमन यादव से भी दूरभाष के माध्यम से शिकायत की है। जेई अमन यादव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मानक के हिसाब से ही निर्माण कार्य होगा तब जाकर कहीं ग्रामीण शांत हुए। जेई अमन यादव ने बताया कि शिकायत मिली है निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। गुणवत्तापूर्ण मानक के हिसाब से कार्य होगा किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

संतों ने शुरू की योग दिवस की तैयारी

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। सनातन धर्मपीठ बड़ा मठ डलमऊ के संतों ने योग दिवस को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को बड़ा मठ घाट पर योग अभ्यास किया। आगामी 21 जून को होने वाले योग दिवस के पूर्व योग गुरु डॉ रवि प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन में संतों को योग अभ्यास कराया गया और सभी को योग के लिए जागरूक किया गया। योग गुरु द्वारा उपस्थित संतों को अनुलोम विलोम, प्राणायाम, कपालभाति, वज्रासन, ध्यान मुद्रा, सर्वांगासन, ताडासन, सूर्य नमस्कार, हलासन, मयुर आसन सहित अन्य योगों का योग का अभ्यास कराया गया।योग गुरु रवि प्रताप सिंह ने बताया कि योग करने से सुगर, बीपी, पीठ दर्द, पेट सम्बन्धी विकार एवं अन्य बीमारियों से छुटकारा मिलता है। वहीं संतो द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान में रविवार को गंगा तट के पक्का घाट, शुकुल घाट, संकट मोचन घाट, पथवारी घाट, बड़ा मठ घाट सहित अन्य घाटों पर फैली गंदगी की साफ सफाई की गई और कूड़े को निस्तारित कर सभी को गंगा को स्वच्छ रखने की अपील की गई।

सेवा संकल्प दिवस का हुआ आयोजन

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से घंटाघर पर सेवा संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रदेश युवा मंत्री सोनू वर्मा द्वारा छोले और शरबत का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के जन्मदिन को पूरे प्रदेश में सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसमें किसी भी रूप में जन सेवा का कार्यक्रम किया जाता है, विगत 24 वर्षों से मंडल द्वारा यह कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला संरक्षक संदीप जैन, जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने बताया कि जनपद की समस्त इकाइयां बछरावां, महाराजगंज, सलोन, डलमऊ में भी सेवा संकल्प दिवस का कार्यक्रम आयोजित है। जिला महामंत्री प्रभाकर गुप्ता, कोषाध्य चंद्रप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष मंडल ने प्रत्येक जून के माह में प्याऊ लगाकर एक माह तक जल सेवा करने का संकल्प लिया है। प्रभारी वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला, नगर अध्यक्ष केके गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक सिंह को सम्मानित किया गया।

मोदी के शपथ लेने पर भाजपाइयों ने बांटे लड्डू

एक -दूसरे का मुंह मीठा कराते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, लालगंज

रायबरेली, अमृत विचार। केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में सरकार बनने और शपथ ग्रहण की खुशी में लालगंज नगर में लड्डू बांटे गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जनमानस के साथ ढोल नगाड़ा बजाकर प्रसन्नता जताई। इसके पहले विस संयोजक सुशील शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल चौक पहुंचकर भाजपा के संस्थापक भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और भाजपा का झंडा फहराया।

विस संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद दूसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार शपथ ग्रहण कर रही है। पीएम मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण करने से भाजपा कार्यकर्ता प्रफुल्लित है।दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि एनडीए के सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से अपना नेता चुना है। इस मौके पर सभासद कैलाश बाजपेई, वरिष्ठ नेता रविनंदन सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, अशोक शुक्ला, ब्रह्मेंद्र विक्रम सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, राम प्रताप सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह मुन्ना, राजेश सिंह फौजी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, नीलेश शुक्ला, मोहम्मद याकूब, राधेश्याम गुप्ता, शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र सोनी, रोहित सिंह, राजेश निर्मल, विमल धानुक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर हो रहा निर्माण कार्य ठप

संवाददाता, रायबरेली

शौचालय पर गरजता बुलडोजर (फाइल फोटो)। अमृत विचार

▸▸ सरकारी आवासों व शौचालय हो चुके हैं जमींदोज, बाथरूम के लिए यात्री लगाते हैं चक्कर

अमृत विचार। शहर स्थित रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए तीसरा प्रवेश द्वार बनाया जाना है। जिसको लेकर चौड़ा रास्ता होने की जगह चाहिए थी।

इसके लिए रेलवे स्टेशन के पार्किंग की ओर जगह तलाशी गई थी। इस रास्ते में पड़ने वाले कर्मचारियों के कमरे, वाहन स्टैंड, शौचालय व मजदूर यूनियन के कार्यालय आ रहे थे। जिसके बाद कमरों को खाली कराकर कर्मचारियों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। सब कुछ खाली होने के बाद जेसीबी से ध्वस्तीकरण का काम भी शुरू हो गया। एक सप्ताह तो खूब तेजी से काम चला, लेकिन अचानक काम मे ब्रेक लग गया और इस समय काम भी बंद चल रहा है।

अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन को और बेहतर तरीके से सजाने और उसके विकास के लिये काम होना था, लेकिन इन दिनों काम बंद हो गया है। ध्वस्तीकरण की शुरुआत होने पर सबसे पहले कर्मचारियों के आवासों को तोड़ा गया। वही रेलवे स्टेशन परिसर में बने सुलभ शौचालय को जमीदोज किया गया, लेकिन इन सभी को ध्वस्त करने में जितनी तेजी दिखाई गई उतनी तेजी से आगे काम नही हो पाया। आलम यह है कि आज तक मलवा भी वही पड़ा हुआ है। शुलभ शौचालय के ध्वस्त होने के बाद अब स्टेशन आने वाले लोगों को मल मूत्र के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। रविवार को रिश्तेदार को छोड़ने आये गंगाखेड़ा गांव निवासी सुजीत व राहुल अनिल, वसीम आदि ने बताया कि बाहर शौचालय न होने से दिक्कत है। स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन ने बताया कि काम बंद है जल्द ही शुरू हो जाएगा।

वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को समारोह में सम्मानित किया गया। नरेंद्र सिंह फौजी ने कहा कि जवान देश की सीमा पर हर मौसम में तैनात रहते है। घर और समाज से दूर रहते है। उनके देश के प्रति समर्पण भाव को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व सैनिकों से युवा पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए। इस दौरान अपने जीवन के 80 वर्ष पूरे कर चुके वरिष्ठ सेनानी वेटरन आरएन चौधरी एवं वेटरन शिव कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया।

समारोह में सम्मानित वरिष्ठ पूर्व सैनिक। अमृत विचार

हौसला | थर्ड स्टेट सब जूनियर कैडेट व जूनियर प्रतियोगिता 2 से 4 अगस्त तक कानपुर में होगी

150 ताइक्वांडो खिलाड़ी 43 डिग्री में कर रहे तैयारी

संवाददाता, रायबरेली

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले ताइक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार

लालगंज, अमृत विचार। लालगंज कस्बे में इन दिनों जिले भर के करीब 150 खिलाड़ी रायबरेली ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव डा अताउर रहमान की निगरानी में अनुभवी कोचों से ताइक्वांडो को प्रशिक्षण 43 डिग्री के तापमान में मार्डन कोच फैक्ट्री में ले रहें हैं। यहां खिलाड़ी इण्डोर हाल के अलावा हॉकी के सिंथेटिक कोर्ट पर भी पसीना बहा रहे है।

दरअसल, प्रशिक्षण लेने वाले 150 खिलाड़ी कानपुर के द स्पोर्ट्स हब में 2 से 4 अगस्त तक इण्डिया ताइक्वांडो की ओर से यूपी ताइक्वांडो संघ की देख-रेख में होने वाली थर्ड सब-जूनियर कैडेट व जूनियर बालक-बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और पदक जीतने की तैयारी में जुटे हैं। उदीयमान ताइक्वांडो प्रशिक्षु अब स्टेट ताइक्वांडो में पदक जीतने की तैयारी में लगे हुए हैं। रायबरेली ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव डॉ. अताउर रहमान ने बताया कि 43 डिग्री के घटते व बढ़ते तापमान में भी खिलाड़ी विशेष शिविर में अभ्यास कर रहे हैं। अताउर रहमान ने बताया कि यह कैम्प रायबरेली के लालगंज के मॉडर्न कोच फैक्ट्री के गोमती क्रीड़ागन में लगा है। यहां सुबह करीब 5 से 9 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय व रानी लक्ष्मीबाई अवार्डी खिलाड़ी डिम्पी तिवारी के अलावा सहायक कोच पूनम यादव, अखण्ड दीप सोनकर, महताब आलम और सलमान खान प्रशिक्षण दे रहे है। जबकि जितेन्द्र प्रजापति फिटनेस कोच की भूमिका अदा कर रहे हैं।

खेत में खड़ी फसल को नष्ट कर रहा पड़ोसी

ऊंचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के गांव ब्राह्मणों का नंदौरा मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी धर्मराज तिवारी का आरोप है कि उनकी जमीन के पास गांव के एक व्यक्ति ने भवन बना रखा हैं। उसने अपने घर का पूरा कीचड़ पीड़ित के खेत में डालता है, जिससे उसके खेत की फसल नष्ट हो जाता है।

पीड़ित जब उसे रोकता है तो वह लोग मारपीट के लिए अमादा हो जाते है। रविवार को कोतवाली पहुंचे पीड़ित किसान ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला जमीनी है, इसे समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारित कराया जायेगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम यूनुस से बदलकर युनुस अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **युनुस अंसारी पुत्र सत्तार ग्राम हरपुर बाबू टोला, पोस्ट कोटवा बाजार, जिला कुशीनगर 274305**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शेख तौसिफ आजीमुल्लाह से बदलकर तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख पुत्र आजीमुल्लाह शेख ग्राम बेलहसा, पोस्ट जिगिना ठाकुर, जिला सिद्धार्थ नगर।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद कलाम से बदलकर कलाम खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **कलाम खान पुत्र नसीमुद्दीन ग्राम सेमरी पोस्ट सेमरी खानखोट जिला सिद्धार्थ नगर।**

NOTICE

I RITESH, S/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY FATHER'S SERVICE RECORD AS 'RITESH KUMAR' INSTEAD OF "RITESH' AS PER MY CBSE BOARD HIGH SCHOOL MARKSHEET.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SAFIUDDEEN से बदलकर SHAFIUDDIN CHAUDHARY रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **SHAFIUDDIN CHAUDHARY S/O JAMALUDDIN निवासी– ग्राम हरैया, सिद्धार्थनगर 272151**

NOTICE

I MIRA PATEL, W/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY HUSBAND'S SERVICE RECORD AS MIRA' AND 06/01/1983 INSTEAD OF MIRA PATEL' AND '20/12/1981' AS PER MY HIGH SCHOOL MARKSHEET.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम जाका उल्लाह अब्दुल हकीम से बदलकर जकउल्लाह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जकउल्लाह पुत्र अब्दुल हकीम अहेशानुल्लाह 35 नया मोहल्ला लेडुआ महुआ, पोस्ट व थाना बखिरा, जिला सन्त कबीर नगर 272199**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जुबैरिया रूमान (ZUBAIRIYA RUMAN) से बदलकर जवेरिया रूमान (JAVERIA RUMAN) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जवेरिया रूमान पुत्री मोहम्मद शमीम (MOHD SHAMIM) मोहल्ला दरियाचक रसुलपूर गोरखनाथ गोरखपुर 57C नीयर बीएसएनएल टॉवर के पास पोस्ट गोरखनाथ थाना तिवारीपुर जिला गोरखपुर**

NOTICE

I CHANDRAPATI, M/O ARMY NO. JC572674W, RANK NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY SON'S SERVICE RECORD AS 'CHANPATI' AND "05/02/1953' INSTEAD OF 'CHANDRAPATI' AND '01/01/1955 AS PER MY AADHAR.

सूचना

मैरे पुत्र रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY का नाम विप्लव पाण्डेय VIPLAV PANDEY त्रुटिवश अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही पुत्र के हैं। भविष्य में उसे रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY के नाम से जाना जाये। **अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र जगत नारायण पाण्डेय निवासी 790 हर्ष नगर इटावा आधार संख्या 329783236479**

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

पुरानी रंजिश में प्रधान पुत्र ने की पिटाई

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : पुरानी रंजिश के चलते देर रात सो के लिए गए एक व्यक्ति की गांव के ही पूर्व प्रधान के पुत्र ने पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। मामला थाना लोनीकटरा क्षेत्र के दोहरी मजरे दौलतपुर गांव से जुड़ा हुआ है। यहां के निवासी प्रतिमूर्ति पुत्र दिनेश रावत ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात गाव के थोड़ी दूर स्थित नहर पर शौच के लिए गया हुआ था, तभी वहां पुरानी रंजिश को लेकर नाराज गांव के पूर्व प्रधान नन्हा के पुत्र सुरेंद्र ने शराब के नशे में लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

पेड़ काट रहे ग्रामीण को विपक्षियों ने पीटा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : वन विभाग से अनुमति लेकर पेड़ काट रहे व्यक्ति की विपक्षियों ने जमकर पिटाई कर दी। थाने पर दर्ज कराई गई शिकायत में थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम परींवा निवासी देवी शंकर ने ग्रामवासी रामचंद्र, आशा, विकास रिंका, प्रियंका आदि पर आरोप लगाया है कि वह अनुमित लेकर पेड़ काट रहे थे। जिसपर इन लोगों ने एकजुट होकर मारा पीटा। लोनीकटरा पुलिस ने पीड़ित की प्राथमिकी दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

दो बाइकों की टक्कर में महिला घायल

रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के भिटरिया हैदरगढ़ रोड स्थित टड़िया गांव के पास दो मोटर साइकिल के आमने-सामने टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को एक समाज सेवी ने एक कार की मदद से सीएचसी रामसनेहीघाट में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक, हैदरगढ़ व भिटरिया दोनों तरफ से आ रही तेज़ रफ़्तार मोटर साइकिल आमने-सामने से टकरा गईं।

445 ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

शहर में बनाए गए थे चार परीक्षा केंद्र, रही कड़ी सुरक्षा, 1594 परीक्षार्थी थे पंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

शहर के जीजीआईसी केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। फोटो : अमृत विचार

अमृत विचार : शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई गई। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पंजीकृत 1592 में से पहली पाली में 223 तो दूसरी पाली में 222। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जिला समन्वयक एवं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर जनेस्मा के साथ शहर के जीजीआईसी, जीआईसी और अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

रविवार को हुई इस परीक्षा में कोई भी नकलची पकड़ा नहीं गया है। पूरी शुचिता के साथ परीक्षा संपंन कराई गई है। उन्होंने बताया कि पहली पाली में 1371 तो दूसरी पाली में 1372 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी। जबकि दोनों पालियों में 445 लोगों ने परीक्षा छोड़ दी है। जनेस्मा को परीक्षा का नोडल बनाया गया था। इन सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की गई है। साथ ही परीक्षा को नकल विहीन एवं पारदर्शिता से कराने के लिये प्रत्येक केन्द्र पर 2-2 ऑब्जर्वर की भी तैनाती की गई थी। वहीं प्रत्येक सेंटर पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहा। परीक्षा को लेकर शहर में जाम की भी स्थिति देखी गई। हालांकि यातायात पुलिस कर्मियों ने जाम न लगने को लेकर कमर कसी रखी।

धर्म परिवर्तन कराने वाले दो गिरफ्तार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : दलित बस्ती में जाकर चंगाई सभा कर लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। देवा कोतवाली क्षेत्र के गौरैया गांव की दलित बस्ती में कुछ लोग चंगाई सभा का आयोजन कर वहां के लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। गांव के कुछ लोगों ने जब इसका विरोध किया तो यह लोग झगड़ा करने पर उतारू हो गए, जिस पर ग्रामीणों ने दो लोगों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों लोगों को थाने ले आई।

इंस्पेक्टर देवा अनिल कुमार पांडे ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ निवासी अभिषेक मसीह निवासी व थाना थाना इटौंजा अनिल मसीह के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।

आग में जलकर राख हुईं दो घरों की गृहस्थी

आग लगने से जला घर। अमृत विचार

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : शाम करीब चार बजे टिकट नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरेडलई में रविवार को अनजान कारणों से लगी आग की लपटों से दो घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

गांव के निवासी दशरथ के घर लगी आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी मशक्कत की लेकिन तब तक आग ने बगल के घर राजू व घेराव के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। लेकिन दमकल की गाड़ी जब तक पहुंचती ग्रामीणों ने आग पर नियंत्रण पा लिया। लेकिन आग बुझाने में सफलता मिलने तक तक दशरथ के घर पर छपरे के नीचे खड़ी एक मोटरसाइकिल जल गई व दो भैंसें आग से जलकर मर गईं।

जेईई मेंस में श्रीसांई कॉलेज का दबदबा

संवाददाता, बाराबंकी

आयुषी वर्मा | कुशाग्र बैसवार | चंदन यादव | सक्षम तिवारी
हमजा अंसारी | मुन्ना चौरसिया | अंकुर | सहर्ष श्रीवास्तव

अमृत विचार : यूपी बोर्ड और नीट परीक्षा परिणामों के बाद जेईई मेंस में भी श्री सांई डिग्री कॉलेज बड़ेल के छात्रों का एक बार फिर दबादबा कायम रहा। इस कॉलेज के नौ मेधावियों ने कठिन परिश्रम के बलबूते जेईई मेंस में बेहतरीन मेरिट के साथ सफलता हासिल की।

जेईई मेंस के जारी हुए परीक्षा परिणाम में श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के छात्र सक्षम तिवारी ने मेरिट सूची में 1798वीं रैंक, हासिल किया तो वहीं आयुषी वर्मा ने 3072वीं रैंक तो कुशाग्र बैसवार की 3167वीं रैंक आई। अंकुर ने 5229 वीं रैंक तो हमजा अंसारी ने 5288वीं रैंक के साथ परिणामों को अपने पक्ष में लाने मे कामयाब रही। चंदन यादव को 4175 वीं रैंक, मुन्ना चौरसिया को 72 89 वी रैंक व सहर्ष श्रीवास्तव ने 22373 वीं रैक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले अधिकतर मेधावी मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक कर रखते हैं और अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों व कालेज के प्रबंधक नवनीत तिवारी व सुरेंद्र सिंह को देते हैं।

योगी पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले की शिकायत

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने से आहत भाजपा नेता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

सीठूमऊ गांव निवासी मोहम्मद तोशीर ने मुख्यमंत्री योगी को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चरण धोते हुए दिखाया है। इस पोस्ट को देखते ही इसी थाना क्षेत्र के दतौली चंदा गांव निवासी संजय तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को ट्वीट कर मामले की जानकारी दी। शिकायत के बाद अधिकारियों के निर्देश पर देर शाम कोतवाली पुलिस आरोपी के गांव सीठूमऊ पहुंची। पता चला कि आरोपी वर्तमान में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में रह रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण का लाइव कार्यक्रम देखते चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता व भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर खुशी की लहर

बाराबंकी, अमृत विचार : केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी तीसरी बार ताजपोशी को देखकर जिले में भाजपाइयों में खुशी की लहर है। शहर समेत सभी तहसील क्षेत्र में भाजपायों ने लड्डू बांट खुशी बनाई। इस दौरान भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने टीवी के माध्यम से दिल्ली से प्रधानमंत्री मोदी का शपथ ग्रहण समारोह को देखकर मुबारकबाद दी।

जिला मुख्यालय समेत फतेहपुर रामनगर रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ क्षेत्र में भाजपायों द्वारा खुशी मनाई गई।

पेट दबाने से बच्चेदानी आ गई थी बाहर, लगाया आरोप

हैदरगढ़, बाराबंकी

▸▸ परिजन ने अंतिम संस्कार के बाद शिकायत करने की कही बात

निशा

अमृत विचार : शनिवार को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर लाई गई प्रसूता की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है और प्रसूता के अंतिम संस्कार के बाद इसकी शिकायत अधिकारियों से करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार पलिया गांव निवासी सुरजीत अपनी पत्नी निशा 28 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर आशा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर लाए थे। रात्रि लगभग 11 बजकर 30 मिनट पर बच्ची को जन्म देने के करीब 15 मिनट बाद ही प्रसूता की हालत गंभीर हो गई। जिसके बाद ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्सों द्वारा प्रसूता को गंभीर अवस्था में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया संस्थान के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर इलाज के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पति का आरोप है कि महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लापरवाही से पेट दबा देने की वजह से बच्चेदानी बाहर आ गई थी और इस वजह से महिला की मौत हुई है। मृतका के पति ने कहा कि अंतिम संस्कार के बाद इसकी शिकायत अधिकारियों से कर कार्रवाई की गुहार लगाई जाएगी।

बिना पढ़ाई के मनुष्य पशु के समान : साहू

साहू समाज ने मेधावियों को किया सम्मानित

रामसनेही घाट, बाराबंकी

कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पंचायत राम सनेही घाट में पूर्व कानूनगो लालता प्रसाद साहू के निवास पर साहू तैलिक एकता एवं विकास समिति साहू चौपाल द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके क्षेत्र में साहू समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र साहू एडवोकेट ने समाज के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि बिना पढ़ाई के मनुष्य पशु के समान होता है। इस अवसर पर राजनीतिशास्त्र के प्रवक्ता रूपेश साहू ने बताया कि शिक्षा शेरनी के उस दूध के समान है, जिसे पीने से व्यक्ति दहाड़ने लगता है। कार्यक्रम में यह बताया गया कि भले ही एक रोटी कम खानी पड़े लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। शिक्षा के बगैर समाज के लोग अपने अधिकार को जान नहीं पाते और सुख सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकुमार गुप्ता ने किया । कार्यक्रम में साहू समाज के जिलाध्यक्ष अनूप साहू, जितेंद्र साहू, अंजनी कुमार साहू ,श्याम नाथ साहू, अनिल साहू, पवन साहू, दीपचंद साहू, शिवम साहू , शंकर दयाल साहू सहित साहू समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

10 उपनिरीक्षकों के तबादले

कार्यालय संवादाता, बाराबंकी

▸▸ एसपी ने पुलिस लाइन से चार कर्मियों को भेजा थाने

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद विभागों में तबादलों का दौर शुरु हो गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने दस उपनिरीक्षकों का तबादला करते हुए पुलिस लाइन में रहे चार को अलग-अलग थानों पर भेजा है।

चौकी प्रभारी बेलहारा में तैनात रहे उपनिरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह को एसपी ने चौकी प्रभारी माती थाना देवा बनाया है। रामनगर थाने के एसएसआई चंद्रहास मिश्रा को चौकी प्रभारी बेलहारा, चौकी प्रभारी सहादतगंज रहे मृदुल मयंक पांडेय को चौकी प्रभारी सिविल लाइस बनाया है। वहीं राजेश गुपा से थाना लोनीकटरा से चौकी प्रभारी सहादतगंज, उपनिरीक्षक रणवीर सिंह को नगर कोतवाली से चौकी प्रभारी कस्बा जैदपुर तो उपनिरीक्षक मंजीत सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बडेल बनाया है। इसी तरह उपनिरीक्षक घनश्याम वर्मा को थाना हैदरगढ़ से थाना देवा, श्रीनाथ यादव को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली, उपनिरीक्षक रमेश कुमार को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली और उपनिरीक्षक विनोद सोनकर को पुलिस लाइन से थाना हैदरगढ़ भेजा है।

38 लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को 38 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई की गई। जबकि दो वारंटी व 18 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उर्स के मेले में सज गई जुए की दुकानें

सूरतगंज, बाराबंकी

मेले में लगी दुकान पर सट्टा लगाते युवा। अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बा सुढ़ियामऊ में चल रहा तीन दिवसीय मेला अब जुवारियों का अड्डा बन गया है। यहा झूले,सर्कस, खिलौने आदि की दुकानों के साथ अब जुएं की भी दुकानें सजने लगी हैं। जिन पर युवा एक के चार कर रहे हैं।

थाना रामनगर क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियामऊ में स्थित हज़रत बूढ़न शाह के उर्स पर तीन दिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में झूला, सर्कस, खिलौना, मौत का कुआं आदि की दुकानें लगी हुई है। इसी में करीब आधा दर्जन जुए की भी दुकानें संचालित की जा रही है। जिन पर युवाओं की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां युवा कार्यक्रमों को छोड़कर इन्हीं दुकानों पर एक के चार करने में जुटे रहते हैं। रविवार रात कुछ ऐसा ही देखने को मिला, इन दुकानों पर एक के बदले चार का लालच दिया जा रहा था।

डीडीसी के घर से लाखों की चोरी

कोठी, बाराबंकी

अमृत विचार : अज्ञात चोरों ने घर के अंदर दाखिल होकर अलमारी का लाकर तोड़कर 90 हजार नगदी व करीब चार लाख रुपये कीमत के जेवरात उठा ले गए। रविवार घटना की जानकारी पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की है।

कोठी थाना क्षेत्र के कैसरगंज चौराहा निवासी सपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य सिद्धौर सोनी यादव गर्मी के चलते अपने पुत्र अभिनव, पुत्री अनन्या व पति गोकरननाथ यादव के साथ घर के बाहर सोई हुई थीं। इसी का फायदा उठाकर शनिवार रात घर के अंदर घुसे चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला व लाकर तोड़कर 90 हजार रुपए नगदी समेत सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गए। रविवार सुबह सोनी यादव की नींद खुली तो घर के अंदर दाखिल हुई। यहां बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। चीखपुकार पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी सूचना पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

हीट स्ट्रोक
हेतु रोकथामः

- हाइड्रेट रहने हेतु पानी के का सेवन अधिक से अधिक करें यद्यपि आप प्यासा महसूस न भी कर रहे तब भी प्रत्येक 2 घंटे के अन्तराल पर पानी जरूर पियें।
- उन चीजों का सेवन न करें जो आपको डिहाइड्रेट (शरीर में पानी की कमी) कर सकती हो जैसे– शराब।
- उच्च तापमान और आद्रता (अत्याधिक धूप) वाले क्षेत्र में लम्बे समय तक रहने से बचें।
- यदि किसी कारण से उच्च तापमान वाले क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता हो तो बीच–बीच में ब्रेक लें।
- हीट एक्सहोर्शन होने के प्राथमिक लक्षण एवं संकेतों को पहचानें और शरीर का तापमान कम करने हेतु उचित कदम उठाएं जिससे स्थिति खराब होकर हीट स्ट्रोक में परिवर्तित न हो पाएं।
- हलके ढीले रंगीन कॉटन के कपडे पहनें।
- छाया या ठंडी जगह पर ठहरें जिसमे शरीर का तापमान न बढें।

हीट स्ट्राइक का प्रबंधन और उपचारः

- रोगी को ठंडे स्थान पर ले जाएँ।
- यदि किसी व्यक्ति को हीट स्ट्रोक होने का अंदेशा हो, तो उस व्यक्ति को छायादार जगह पर हो सके हो एयर कंडीशन कमरे में या पंखे के सामने रखें जिससे शरीर का तापमान कम हो सकें।
- शरीर का तापमान कम करने के लिए अतिरिक्त कपडे हटा दें और व्यक्ति के शरीर पर ठंडा पानी या आइस पैक लगाएं।
- रिहाइड्रेट करनाः पसीना, वाष्पीकरण या अन्य रूप से हुए तरल पदार्थो की कमी को पूरा करने के लिए, पानी या इलेक्ट्रोलाईट युक्त घोल पीने के लिए दें (यदि व्यक्ति होश में हो)।
- यदि मरीज़ बेहोश हो जाता है या मानसिक स्थिति बदल जाती है तो, मरीज़ को लिटाएं और मरीज़ के पैरों को शरीर के स्तर से ऊपर उठाएं।
- चिकित्सीय सहायता लेनाः इमरजेंसी रेस्पोंस सिस्टम को सक्रीय करने के लिए 108 पर कॉल करें और आगे के प्रबंधन और इलाज हेतु मरीज को अस्पताल ले जाएँ।
- स्थिति की गंभीरता के आधार पर, आई बी फ्लूइड और अन्य चिकित्सा हस्तक्षेप भी आवश्यक हो सकती हैं।

डा. संजय पांडेय, अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सूरतगंज, बराबंकी

डा. शेख रिज़वान, चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सूरतगंज, बराबंकी

डा. अवधेश कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा, अधिकारी
बाराबंकी

Call 108

उदासीनता | एक जून से लागू करनी थी व्यवस्था, दुकानदारों को अभी तक नहीं है जानकारी

रोक के बाद भी एक साथ बिक रहा पान मसाला और तंबाकू

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

धनोखर चौराहे पर स्थित दुकान पर बिकता पान मसाला व तंबाकू। अमृत विचार

केस 1 : शहर के छाया चौराहे के पास स्थित एक दुकान पर पान मसाला के साथ तंबाकू बेची जा रही थी। दोनों की लड़ी दुकानदार ने दुकान पर टांग रखी थी। नए नियम के बारे में पूछा गया तो बताया जानकारी ही नहीं है।

केस 2 : शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर पान मसाला के साथ तंबाकू बेची जा रही थी। यहां भी दोनों की लड़ी दुकानदार ने लगा रखी थी। दुकानदार को नये नियम की जानकारी कोई जानकारी नहीं थी।

केस 3 : धनोखर चौराहा व रेलवे स्टेशन रोड के आस पास की दुकानों पर भी पान मसाला बेचने वाली दुकानदारों को नये नियम की जानकारी नहीं थी।

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद एक ही दुकान पर पान मसाला व तंबाकू की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश दिये हैं। एक जून से यह नियम लागू कर दिया जाना था, लेकिन पांच दिन बाद यानी 9 जून तक भी जिले में यह प्रक्रिया लागू नहीं हो पाई। खुले आम जिले की अधिकतर दुकानों पर पान मसाला व तंबाकू बेचा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी खाद्य पदार्थ में तंबाकू और निकोटिन को एक साथ मिलकर प्रयोग किया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

अमृत विचार की टीम ने रेलवे स्टेशन चौराहा, बस स्टॉप चौराहा, नाका चौराहा, धनोखर चौराहा व कचहरी के आसपास जाकर पान मसाला व गुटखा बेचने वाली दुकानों की पड़ताल की। इस दौरान तमाम दुकानों पर पान मसाला व तंबाकू एक साथ रखी देखी गई। उच्चतम न्यायालय और प्रदेश सरकार के आदेश के बारे में दुकानदारों से जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें नये नियम के बारे में जानकारी ही नहीं है। एफएसडीए की सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह ने कहा कि हर हाल में आदेश का पालन कराया जाएगा।

एक नजर

मोदी के शपथ लेने के बाद मनाया जश्न

बाराबंकी, अमृत विचार : रविवार को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ली। जिसके बाद पूरे जिले में उत्सव जैसा माहौल दिखा। जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं में एक अलग उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री पद की शपथ के बाद शहर, देवा कस्बा, हैदरगढ़, टिकैतनगर और दरियाबाद समेत पूरे जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के बीच जमकर मिठाई बांटी व आतिशबाजी की। जगह-जगह लोगों ने टीवी स्क्रीन और एलईडी लगाकर शपथ ग्रहण समारोह को लाइव दिखा।

जालसाज गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असन्द्रा पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सैंजे पावर टेक्नोलाजी कम्पनी के नाम पर निवेशकों का पैसा कम समय में दुगना करने की लालच देकर पैसा हड़पने के मामले में जनपद अंबेडकर नगर के ग्राम मेडरी थाना क्षेत्र इब्राहिमपुर निवासी अंजलि पटेल पटेल को गिरफ्तार कर लिया। अंजलि पटेल ने अलग-अलग खातों में पैसा जमा करा कर निवेशकों का पैसा हड़प लिया। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया ।

चौकी इंचार्ज पर रंजिशन कार्रवाई का आरोप

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : खेत के समतलीकरण कार्य में लगे हुए ट्रैक्टर को दरोगा ने सीज कर बिना परमिशन के खनन किए जाने के आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित ने कप्तान को दिए गए पत्र में जांच उपरान्त न्याय दिलाए जाने की मांग की है। पीड़ित ने ड्राइवर को अशब्द व पिटाई करने के भी आरोप लगाए हैं। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव के असलम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बताया है कि उसने कुछ दिन पूर्व एक मामले में न्यायालय की शरण लेकर लालपुर के चौकी प्रभारी हरिशंकर उपाध्याय के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। तो इसी बात की रंजिश रखते हुए दरोगा ने कार्रवाई की है। खेत में पुलिस बल के साथ पहुंचे दरोगा चार ट्रैक्टर थाने ले आए और सीज कर दिया।

एक करोड़ मिली धनराशि, संवरने लगी भगहर झील

यूपीपीसीएल संस्था करा रही सौंदर्यीकरण, पर्यटन विभाग कर रहा मॉनीटरिंग, नैनीताल की झीलों जैसी बिखरेगी छटा

पांच करोड़ रुपये के डीपीआर को चुनाव से पहले मिली थी स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले के विश्वविख्यात महादेवा मंदिर के नजदीक स्थित भगहर झील को पर्यटन विभाग ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रहा है। यह झील 84 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। इसका सौन्दर्यीकरण कराकर आगंतुकों के लिए उपयोगी बनाया जायेगा। इसके लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की डीपीआर को शासन स्तर से लोकसभा चुनाव से पहले स्वीकृति मिली थी। वहीं निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए एक करोड़ की धनराशि भी जारी की गई थी। इसके बाद यहां झील के संवारने का काम शुरू हो चुका है। इसे लेकर आसपास के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

> भगहर झील का कायाकल्प होना है। स्वीकृति मिल गई है। यूपीपीसीएल को काम दिया गया है। सौंदर्यीकरण का काम शुरू कराया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है।
>
> **मनीषा चौधरी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, बाराबंकी**

यह झील अत्यधिक प्राचीन है, इसमें विभिन्न प्रजाति के जलीय जीव के अलावा देशी-प्रवासी पक्षी दुर्लभ प्रजाति के पक्षी भ्रमण करते रहते हैं। इसके आसपास बुनियादी सुविधाओं के विकास किये जाने से झील का संरक्षण भी होगा तथा पक्षी प्रेमियों एवं पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा स्थल भी उपलब्ध होगा। प्रसिद्ध महादेवा मंदिर लखनऊ के करीब होने से यहां भारी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न अवसरों पर मंदिर के दर्शन एवं पूजन के लिए आते रहते हैं। पर्यटन विभाग अब इस झील को ईको पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए तैयार है। यहां पहले से बागवानी है, इसके पास से पाथवे बनाया जाएगा। इतना ही नहीं झील के भीतर और किनारे वॉकवे बनाया जाएगा। बच्चों के लिए खेल स्थल बनेगा। इस स्थान पर झूले भी लगाए जाएंगे। पर्यटक आएंगे तो उनके लिए खाने-पीने की सुविधा होगी, इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा कैंटीन भी बनायी जायेगी। इस झील में प्रवासी पक्षी भी खूब आते हैं, इसलिए मिट्टी का टीला भी बनाया जाएगा। झील के किनारे सीढ़ियां बनी हैं, इंटरप्रेटेशन सेंटर, गजिबो, वाच टावर समेत अन्य सुविधाएं हैं। ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी। ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने के बाद भगहर झील का भ्रमण करने वालों की संख्या बढ़ जाएगी। क्षेत्र की इस झील के कायाकल्प की सूचना के बाद आसपास क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

सूरतगंज क्षेत्र में भगहर झील को संवारने के कार्य में जुटे मजदूर। अमृत विचार

खूबसूरती के साथ बढ़ेंगी सुविधाएं

इस झील को खूबसूरत बनाने के साथ सुविधाएं मुहैया कराने के लिए पर्यटन विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्य के लिए शासनस्तर से उप्र. प्रोजेक्टर कारपोरशेन लिमिटेड कंपनी को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। और कार्य की शुरुआत के लिए एक करोड़ की धनराशि भी जारी कर दी गई है। पूरा काम पर्यटन विभाग की देखरेख में शुरू कराया गया है।

झुलसा रही धूप, नहीं सूख रहा पसीना

दो दिन की राहत के बाद फिर पारा 42 डिग्री पार, तेज धूप के चलते सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

अमृत विचार : चिलचिलाती धूप और गर्मी से जिले का तापमान रविवार को फिर बढ़ गया। कई जगह सड़कों पर सन्नाटा दिखा। बहुत जरूरत पड़ने पर ही लोग घरों से निकले। तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल दिखा। गर्मी के कारण गला सूखता रहा। गर्मी का प्रकोप इतना तेज रहा कि कूलर और पंखे तक जवाब दे गए। जगह-जगह बिजली कटौती के कारण लोगों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने दो दिन में और गर्मी बढ़ने का आसार जताया है।

तीन दिन राहत के बाद से फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार और शनिवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 40.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रविवार को अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस और अधिक दर्ज किया गया। रविवार को अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को सुबह आठ बजे से ही गर्मी का कहर शुरू हो गया। घर में कूलर और पंखा के सामने बैठने पर भी राहत नहीं मिली। गर्मी से निजात दिलाने वाले खाद्य पदार्थों नींबू, शिकंजी, शर्बत, खीरा, ककड़ी, लीची, ठंडे पानी की मांग काफी बढ़ गई। गर्म हवा शाम को भी चलती रही।

बच्चे को धूप से बचाने के लिए मां ने दिया दुपट्टे का सहारा।

छाता लेकर ड्यूटी करता ट्रैफिक सिपाही। अमृत विचार

15 से 20 जून तक मानसून आने की संभावना

भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। केरल में एक जून को मानसून के टकराने के बाद 15 से 20 जून के बीच जिले में मानसून पहुंचने का अनुमान जताया गया है। बारिश होने के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं लोग मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ ही किसान भी अपने खेतों की सिंचाई को लेकर भी मानसून के इंतजार में बैठे हैं।

हैंडपंप खराब, पानी की किल्लत, ग्रामीण परेशान

सिद्धौर, बाराबंकी

अमृत विचार : सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंतपुर मजरे गहा में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप सालों से खराब पड़ा है। प्रधान से लेकर एडीओ पंचायत को भी मौखिक एवं लिखित प्रार्थना पत्र के साथ अवगत कराया गया, परंतु इस ओर कोई भी अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नहीं गया तथा निराशा ही हाथ लगी।

लगभग 150 घरों की आबादी में मात्र लगभग चार नल लगे हुए हैं। जिनमें से एक मंदिर के पास लगा हैंडपंप खराब कई महीनों से पड़ा है। दूसरा संतोष के दरवाजे पर लगा हैंडपंप एक वर्ष से ज्यादा दिनों से खराब है। जिसकी शिकायत ब्लॉक स्तर पर भी कई बार की गई है परंतु कोई सुनने वाला नहीं है। इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं। यहां तक की जानवरों के लिए भी नल का ही सहारा है क्योंकि निजी लगे हैंडपंप दो माह पहले से ही वॉटर लेबल दूर होने के कारण पानी छोड़ चुके हैं। सरकारी नलों का सहारा बचा है यहां तक की गांव के लोग प्यास बुझाने के लिए दूर-दराज से पानी घरों को ले जाते हैं। वीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंतपुर मजरे गहा में खराब पड़ा हैंडपंप।

लापरवाही : बाराबंकी शहर के सीएमओ कार्यालय के पास गुजर रहे नगर पालिका परिषद के कूड़ा वाहन की छत पर बैठे कर्मचारियों को अपनी जान की चिंता नहीं है। यह बड़े आराम से वाहन के ऊपर आगे वाले हिस्से पर बैठे दिखाई दिए। ऐसे में वाहन चालक के अचानक ब्रेक लगाने मात्र से इन महाशय की जिंदगी पर भी ब्रेक लग सकती है। ● सुभाष मिश्रा

विद्युत कनेक्शन के लिए मांग रहे रकम

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : विद्युत कनेक्शन करने के नाम पर आवेदकों से अफसर जमकर वसूली कर रहे हैं। इसे लेकर लोगों को आक्रोश फैला है।

सतरिख क्षेत्र में भीषण गर्मी चल रही है, गर्मी से निज़ात पाने के लिए आवेदकों में विद्युत कनेक्शन लेने की मांग बढ़ गई है। जिसका फायदा पावर कारपोरेशन उठा रहा है। सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर आवेदन करना होता है। फिर यह आवेदन विभागीय पोर्टल पर आता है। जिसके बाद औपचारिकता पूरी करवाकर जेई को रिपोर्ट लगानी होती है। इसी औपचारिकता को पूरी कराने व रिपोर्ट लगाने के नाम पर आवेदकों का शोषण हो रहा है। लाइनमैन आवेदक से संपर्क साधता है और रिपोर्ट लगवाने के नाम पर घर और खंभे की दूरी का हवाला देकर जमकर वसूली हो रही है। अगर किसी ने रकम देने में आनाकानी की तो जेई की रिपोर्ट में औपचारिकता पूरी न होने का जिक्र कर आवेदन निरस्त करने की संस्तुति भी कर दी जाती है। जिसके बाद आवेदक को दोबारा इसी प्रक्रिया को अपनाना पड़ता है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ आवेदकों ने बताया है कि पावर कारपोरशन में कनेक्शन के नाम पर जमकर वसूली हो रही है, रुपये नहीं देने पर ऑफिस में महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं, पेपरो में बेवजह इतनी कमी बता देते है कि कनेक्शन होना ही मुश्किल हो सकता है। एसडीओ विद्युत विनोद यादव बताते हैं कि कनेक्शन लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व ऑनलाइन है। अगर कोई सत्यापन अथवा रिपोर्ट लगवाने के नाम पर पैसा मांगता है और यदि शिकायत मिलती तो जांच कर सम्बंधित पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ रिपोर्ट लगाने के नाम पर हो रहा आवेदकों का शोषण, लगाने पड़ रहे कार्यालय के चक्कर

सार-संक्षेप

ट्रायल के दौरान प्रदर्शन करते खिलाड़ी। अमृत विचार

अंडर-14 में 33 तो अंडर-23 में 25 खिलाड़ी चयनित

बाराबंकी, अमृत विचार : डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा ज़िले के अंडर-14, अंडर-23 एवं रणजी ट्रॉफी के ट्रायल्स का आयोजन लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया गया। बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सचिव डॉ. सीए जावेद ने बताया की अंडर-14 में 33 , अंडर 23 में 25 ,रणजी ट्रॉफी में 21 बच्चों ने ट्रॉयल्स में प्रतिभाग किया है। यहां से चयनित बच्चों को जोन के लिए लखनऊ भेजा जायगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों के सिलेक्टर की भूमिका गौरव तिवारी एवं प्रणव त्रिपाठी ने निभाई। इस अवसर पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज़ खान, तारिक़ जिलानी, अफाक अली, राजेश अरोरा बब्बू, रवि श्रीवास्तव, जतिन चौधरी, परवेज़ अहमद आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

मोबाइल छीनने वाले गिरोह का एक बदमाश गिरफ्तार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : बाइक सवारों द्वारा राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले गिरोह के एक सदस्य को मोबाइल के साथ पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके अन्य साथियों की तलाश अभी जारी है। मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत मोहम्मदपुर खाला मुख्य चौराहे पर कुछ दिनों पूर्व 23 मार्च को चन्दूरा निवासी शिवा विश्वकर्मा दुकान बंद कर घर जा रहा था। तभी तीन बाइक सवारों ने हाथ से फोन छीनकर सूरतगंज ओर फरार हो गए थे। तो 28 मई की देर शाम को बंजरिया के अनीश बाजार को जा रहे थे कि इसी तरह एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने इनका भी मोबाइल छीन कर भाग निकले थे। लेकिन अनीश को कॉलेज की ओर से फोन मिला था, जो मुख्यमंत्री की ओर से बांटा गया मोबाइल था। जिसका चोर सॉफ्टवेयर बदला नहीं सके और इसे अनपढ़ एक महिला को बेच दिया था। महिला द्वारा जैसे ही फोन में सिम डाला गया तो अनीश के मोबाइल में, जी-मेल पर वह मोबाइल नंबर शो करने लगा। तभी उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूरतगंज चौकी पर तैनात एसआई शवाब हैदर ने फोर्स भेज कर, तत्काल उस युवक को पकड़वाया। तो उसने महिला के हाथों फोन बेचे जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल की है। उधर प्रभारी निरीक्षक कन्हैया लाल यादव ने बताया कि पकड़े गए युवक को कोर्ट पर पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

चेयरमैन ने किया स्थलीय निरीक्षण

बोरिंग का निरीक्षण करते चेयरमैन रामशरण पाठक। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए लगवाए जा रहे इंडिया टू मार्का हैंडपंप का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि भीषण गर्मी में नगरवासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए चेयरमैन के द्वारा अभियान चलाकर पूरे कस्बे में खराब पड़े हैडपंपों की मरम्मत कराने आवश्यकता अनुसार नए हैंड पंपों को लगवाने के लिए बोरिंग करवाने का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। चेयरमैन द्वारा लगातार घूम घूमकर कस्बे के हर मोहल्ले में निरीक्षण किया जा रहा है और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

सारी दुनिया जीत लोगे, मगर अपनों से हार जाओगे...

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियामऊ में स्थित हजरत बूढ़न शाह की दरगाह पर चल रहे तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन शनिवार रात ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने फीता काटकर किया। सदारत सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज़ अहमद व निजामत हिलाल बंदायू ने किया।मु

शायरे का आगाज कारी परवेज यजदानी की नात ए-पाक से किया गया। वहीं शायरा चांदनी शबनम ने पढ़ा,' मौत आती है तो करती हैं इशारा हमको,जिंदगी फिर न मिलेगी ये दुबारा हमको। 'कवि ओम शर्मा ने पढ़ा,'सारी दुनिया को पढ़ जाओगे डूबतों को उभार जायेंगे,सारी दुनिया से जीत लोगों मगर आप अपनों से हार जाओगे।,'शायर अली बाराबंकवी ने पढ़ा,'नया कानून लाया जा रहा है हमें बागी बताया जा रहा है,लड़े आपस में हिंदू और मुसलमान कदम ऐसा उठाया जा रहा है। गुफरान चुलबुल ने पढ़ा,'ससुर मांगी है खव्ही मां मारुती, हमारे पास जो पुछव खड़खड़ा भी नही है। शायर वसीम रामपुरी ने पढ़ा ,'मेरे खुदा मेरा भारत महान हो जाए जमी हिंद की एक आसमान हो जाए, कुछ ऐसे फैले तिरंगे के रंग चारों तरफ कि सारी दुनिया ही हिंदुस्तान हो जाए। शायर काविश रुदौलवी ने पढ़ा ,'परेशां क्यों रहें बेटियों की खातिर हमारी फूल सी बिटिया बहुत है। शायर कलीम तारिक ने पढ़ा,'उसकी फितरत तो सांप जैसे हे जब वह बोलेगा जहर बोलेगा। शादाब सरल बहराईची ने पढ़ा" गेसुओं के बादल ने चांदनी को घेरा है, जुगनुओं का मौसम है, फिर भी क्यों अंधेरा है। इस मौके पर मेला संरक्षक इमरान प्रधान सुढियामऊ, मेला अध्यक्ष गुल्ले नेता, शुऐब अंसारी, असलम, वेश चूड़ीवाले, जमील, मुजम्मिल हुसैन, फरहान अंसारी, राजू, कल्लू, छोटू, जावेद अंसारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

काव्यपाठ करते डॉ .ओम शर्मा। अमृत विचार

▸▸ ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

अनदेखी जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही गणेशपुर के ग्रामीणों पर पड़ रही भारी

एक वर्ष से बंद है टंकी से पानी की आपूर्ति

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही गणेशपुर के ग्रामीणों पर भारी पड़ रही हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने को लेकर लाखों की लागत से करीब 7 वर्ष पूर्व बनाई गई पानी की टंकी शो-पीस बनी हुई है। इसके चालू न होने से भीषण गर्मी में ग्रामीणों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि गांव के लोगों की पेयजल समस्या को देखते हुए सरकार ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत गणेशपुर में रामलीला मैदान के पास वर्षों पहले पानी की टंकी का निर्माण कराया था। जिसके बाद गांव के घरों में पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई थी। पानी लेने के लिए ग्रामीणों द्वारा विभाग से कनेक्शन भी कराए गए थे। टंकी लगने के कुछ दिनों तक ग्रामीणों को जरूरत के अनुसार पानी की सप्लाई मिली,लेकिन यहां के मोटर में एक वर्ष पूर्व तकनीकी खराबी होने के चलते पानी की आपूर्ति बंद हो गयी थी। पानी की सप्लाई बंद होने के बाद ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। इससे परेशान ग्रामीण दीपक, दुर्गेश, भोला, महेश, मनीराम, शेर मोहम्मद, राम फेयर, विनोद, शिवम, राजकुमार सहित दर्जनों लोगों का कहना है, करीब एक वर्ष से पानी की सप्लाई बंद है, मामले की शिकायत विभाग के अधिकारियों से की है। तमाम शिकायतों के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। जिससे ग्रामीणों के लिए शुद्ध पेयजल संकट गहराया है। इस भयंकर गर्मी में अपनी हलक सींचने के लिए गांव के लोगों को इधर-उधर दौड़ लगानी पड़ती है।

▸▸ खराब हुए मोटर को सही कराने पर नहीं दिया गया ध्यान

ग्राम गणेशपुर में बंद पड़ी पानी की टंकी।

लोगों से रक्तदान करने की अपील

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हरीराम पाल की अध्यक्षता में हुई।

पंचायत में सर्वप्रथम 15 तारीख को जिले पर होने वाले रक्तदान पर चर्चा की गई तथा लोगों से अपील की गई। रक्तदान केंद्र बाराबंकी ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे तथा सभी ग्राम अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि 16 जून को राष्ट्रीय पंचायत हरिद्वार में अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचें। 12 जून गोशुपुर में संगठन विस्तार की बैठक, 13 जून को टिकरा में सदस्यता अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया जाएगा।

व्यापारियों ने अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

टिकैतनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिन व्यापारियों ने रविवार को धूमधाम से मनाया। केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। हवन पूजन कर व्यापारियों ने प्रसाद वितरण किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला की अगुवाई में व्यापारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि व्यापारी सर्व समाज की रीढ़ है। व्यापार से अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन हर वर्ष सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। व्यापारी हित में उन्होंने अपना जीवन संकल्पित कर दिया है। व्यापारियों के हितों की रक्षा को लेकर उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया। उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना उन्होंने इसी सोच को लेकर की थी, जो आज देश भर में सक्रिय है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल टिकैतनगर उनके बताए रास्ते पर अग्रसर है। संदीप बंसल के संघर्षों की बदौलत व्यापारी समाज का मान-सम्मान के साथ अपने व्यवसाय कार्य को आगे बढ़ा रहा है। इस दौरान हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

प्रसाद वितरित करते चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता। अमृत विचार

आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना।

42.5° अधिकतम तापमान | 26.5° न्यूनतम तापमान

एक नजर

रोडवेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

अयोध्या। अमृत विचार : रोडवेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी पुरस्कृत किए जाएंगे। यह कर्मचारी सभी शाखाओं से चुने जाएंगे, लेकिन क्षेत्र स्तर से यातायात विभाग के उत्कृष्ट कर्मियों की सूची मांगी गई है। इसको लेकर यहां भी कार्रवाई शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रबंधन ने निगम स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक मुख्यालय स्तर से सभी संबंधित शाखाओं वित्त, प्रशासन, प्राविधिक शाखा, भवन, प्रवर्तन शाखाओं से ऐसे कर्मचारियों को सूची मांगी गई है, लेकिन क्षेत्रीय स्तर से केवल विभाग के यातायात अनुभाग से उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मचारियों की सूची मांगी गई है। सूत्रों के मुताबिक इसको लेकर काम शुरू कर दिया गया है। आरएम कार्यालय ने भी इससे जुड़ी सूचना मांगे जाने की बात कही है।

घर में घुस कर पीटा मुकदमा दर्ज

रुदौली अयोध्या। कोतवाली रुदौली के ग्राम फिरोजपुर पवारान में दबंगों ने घर में घुस कर महिला की पिटाई की।मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। ग्राम फिरोजपुर पवारान के रेनू सिंह के पति काम से बाहर गये थे।भेलसर निवासी साहिद पुत्र कलीम व सलमान पुत्र मुख्तार पति को पूछते हुए घर में घुस आए। लात मार कर पति को गाली देने लगे। उनके न होने पर मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक रुदौली कोतवाली देवेन्द्र सिंह ने बताया कि रेनू सिंह की तहरीर पर साहिद पुत्र कलीम व सलमान पुत्र मुख्तार निवासी ग्राम भेलसर कोतवाली रुदौली अयोध्या के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

भूमि विवाद में युवक घायल

बड़ागांव, अयोध्या। रौनाही थाना सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सीबार गांव में शनिवार को भूमि विवाद में दो पक्ष आमने सामने आ गए। वाद विवाद इतना बढ़ा कि लाठी-डंडों से एक दूसरे पर हमलावर हो गए। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया राम अवध घर के सामने दीवार उठा रहा था, जिसका विरोध मेराज ने किया तो राम अवध ने पीट दिया। मेराज की ओर से मिली तहरीर पर मेडिकल कराकर केस दर्ज किया गया है।

13 किमी रामपथ पर कब्जा, फुटपाथ पर सजी हैं दुकानें

सरदारगंज से नया घाट तक हर 500 मीटर पर है अतिक्रमण | साहबगंज इलाके में फुटपाथ पर ही लगती हैं सब्जी मंडी | 22 से अधिक हॉट स्पॉट पूरे कब्जे वाले | 13 हॉट स्पॉट आधे कब्जे वाले, आठ गलियों वाले डेंजर पॉइंट्स

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : नव्य अयोध्या में चार चांद लगाने के लिए बनाए गए 13 किलोमीटर के खूबसूरत रामपथ का फुटपाथ भी अतिक्रमण और कब्जे से घिर गया है। सड़क चौड़ीकरण के बाद पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए बनाए गए पत्थरनुमा फुटपाथ पर हर 500 मीटर पर दुकान लग रही है। इतना ही नहीं इस फुटपाथ पर सब्जी मंडी से लेकर वाहनों के शो-रूम तक का कब्ज़ा हो चुका है। नतीजा पैदल चलने वाले सड़क पर ही चलने को मजबूर हैं। जिम्मेदारी जिनकी हैं वह रामपथ का निर्माण कर चैन की बंसी बजा रहे हैं।

नगर के हृदय स्थल चौक से लेकर हॉट स्पॉट रिकाबगंज और फतेहगंज तक का इलाका अतिक्रमण की चपेट में है, लेकिन रामपथ के फुटपाथ पर कब्जा और अतिक्रमण बड़े सवाल खड़ा करने वाला है। खासकर पैदल चलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक तिहाई सड़क पर गाड़ियों का रेला खड़ा रहता है, वहीं फुटपाथ पर अतिक्रमण। ऐसे में बीच सड़क पर चलना न केवल मजबूरी बल्कि जान का जोखिम भी है।

रामपथ के खूबसूरत फुटपाथ पर अतिक्रमण और कब्जे को लेकर 'अमृत विचार' की टीम ने शनिवार शाम छह बजे से रात आठ बजे तक पूरे 13 किलोमीटर का मौका-मुआयना किया। नयाघाट से लेकर सहादतगंज तक 22 से अधिक हॉट स्पॉट मिले। जिन पर पूरी तरह से कब्ज हो चुका है। वहीं 13 ऐसे स्थान मिले जहां दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान का साजो-सामान सजा रखा है। आठ ऐसे स्थान मिले जो रामपथ को गलियों से जोड़ते हैं जहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गंभीर बात यह है कि इस 13 किलोमीटर के रामपथ पर आधा किलोमीटर भी फुटपाथ खाली नहीं मिला।

जिला अस्पताल रोड पर मुकुट काम्पलेक्स के निकट यह देखिए हाल।

रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के निकट फुटपाथ पर ही पार्किंग।

पैथोलॉजी वालों भी किसी से पीछे नहीं

नियावां चौराहे से रिकाबगंज रोड पर मुड़ते ही दोनों ओर की दुकानों का सामान फुटपाथ पर फैला दिखता है। कहीं-कहीं तो फुटपाथ नजर ही नहीं आता है। किराने की दुकान हो या गिफ्ट कॉर्नर सभी ने फुटपाथ को अपनी जागीर समझ रखा है। रिकाबगंज चौराहे से पहले दोनों ओर बनी पैथोलॉजी आदि वालों ने भी फुटपाथ को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

चुनाव खत्म जागो नगर निगम

50 हजार से अधिक दुकानें रामपथ पर दोनों ओर

यहां तो सड़क के दोनों और फुटपाथ पर कब्जा

जिला अस्पताल रोड पर तो दोनों ओर फुटपाथ भूल जाइये। पुलिस चौकी के बगल निजी एम्बुलेंस चालक डेरा जमाए रहते हैं। अस्पताल से सट कर फुटपाथ पर चाय-नाश्ता, जूस आदि के ठेलेवाले। पुराने सीएमओ कार्यालय के बगल का फुटपाथ मिस्त्री तो आगे का एक निजी क्लीनिक वाले के कब्जे में है। हनुमानगढ़ी रिकाबगंज के इर्द-गिर्द और सामने दोनों ओर का फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में है। शुक्र इतना है कि पुलिस लाइन मोड़ से रोडवेज की ओर बढ़ने पर फुटपाथ के थोड़े बहुत दीदार हो जाते हैं।

आईटीआई के सामने रामपथ के फुटपाथ का यह हाल।

शाम ढलते ही हो जाता है अतिक्रमण

उदया चौराहे के पहले आईटीआई के सामने डोसा आदि के स्टाल तो फुटपाथ के बाद लगे हैं, लेकिन फुटपाथ खाली नहीं है। वजह रोज यहां चटखारे लेने वालों की जुटान के कारण बाइक की पार्किंग हो जाती है। दिन में तो कम लेकिन शाम ढलते ही पूरा फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में होता है। यहां दुकानदारों ने फुटपाथ पर ही स्टूल और छोटी-छोटी मेज रख फुटपाथ को अपना मिनी रेस्टोरेंट बना रखा है। नतीजा उदया चौराहे से पैदल आने वाले सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होते हैं।

साहबगंज में फुटपाथ पर लगी सब्जी मंडी।

हफ्ता जाता है तो काहे फुटपाथ खाली हो

फुटपाथ पर कब्जे का जलजला देखना है तो साहबगंज पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर तीसरी गली के मोड़ पर आइये। यहां सात से आठ सब्जी के ठेले फुटपाथ पर आराम से लगाए जाते हैं। पूछा तो तमक कर बोले क्या प्राधिकरण ने दुकान लगाने के लिए मना किया है? नगर निगम पैसा लेता है, रसीद कटती है। फुटपाथ पर सजने वाली इस सब्जी मंडी को लेकर गंभीर बात यह है कि यहां आगे के दुकानदारों ने भी दुकानें फुटपाथ पर ही सजा ली हैं। बगल में पुलिस चौकी है लेकिन शायद अतिक्रमण पर निगाह नहीं पड़ती। एक सज्जन ने बताया वहां भी हफ्ता जाता है तो काहे फुटपाथ खाली हो।

अंगूरीबाग में फुटपाथ पर चल रही है मिस्त्री की दुकान।

फोटो खींची तो गुस्से से लाल हो गया

साहबगंज से गुदड़ी बाजार चौराहे तक फुटपाथ पर कम अतिक्रमण दिखा लेकिन आगे बढ़ने पर अंगूरीबाग में फुटपाथ पर कब्जा तो दिखा ही, सड़क पर खड़ी गाड़ियों की पार्किंग भी दिखी। तीन-चार बाइक मिस्त्रियों ने फुटपाथ को ही अपनी दुकान बना रखा है। फुटपाथ पर ही गाड़ियों को दुरुस्त किया जाता है, जब कैमरे की फ्लैश चमकी तो एक ने सिर उठा कर देखा। बोला कुछ नहीं लेकिन आंखों में गुस्सा साफ दिखाई दिया। बगल में बैठ गाड़ी बनवाने वाले ने जरूर कहा फुटपाथ पर कब्जे की फोटो खींच रहे हैं क्या।

वी मार्ट के सामने फुटपाथ बन गया है पार्किंग।

शिकायत के नाम पर सांप सूंघ जाता है

अंगूरीबाग से आगे बढ़ने पर वी मार्ट के सामने बने फुटपाथ पर भी कब्जा दिखा। यहां वी मार्ट वालों ने ही नहीं अगल - बगल के दुकानदारों ने भी साजो-सामान फुटपाथ पर सजा रखा है। वी मार्ट के कर्मी अपनी बाइक स्कूटी आदि खड़ी करते हैं तो दुकानदारों ने कूलर, एक बगल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स वाले तक ने सामान रख रखा है। वी मार्ट से लेकर नियावां चौराहे तक के फुटपाथ पर खुला अतिक्रमण है। आसपास के लोगों ने खुद कहा इससे बड़ी तकलीफ होती है लेकिन शिकायत के नाम पर सांप सूंघ जाता है।

फुटपाथ से अतिक्रमण और कब्जा हटाने की जिम्मेदारी अयोध्या विकास प्राधिकरण की नहीं है। इसके लिए नगर निगम का प्रवर्तन दल और पुलिस है। उनसे पूछिए रामपथ के फुटपाथ से कब्जे क्यों नहीं हटाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया है। दुकान और पार्किंग के लिए नहीं। **-सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण**

सड़क नगर निगम की ही नहीं बल्कि पीडब्ल्यूडी की भी है। अभी कुछ जगहों पर धूप की वजह से लोगों ने दुकानों के आगे छतरी लगा रखी थी। सब्जी के ठेले हटवाकर शिफ्ट किए जाएंगे। राहगीरों को चलने में परेशानी हुई तो कार्रवाई निश्चित की जाएगी। **- संतोष शर्मा, नगर आयुक्त**

महाराष्ट्र सदन के लिए ढाई एकड़ भूमि आवंटित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में भक्त निवास महाराष्ट्र सदन निर्माण की कवायद तेज हो गई है। रविवार को महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग के मंत्री रवींद्र चव्हाण अयोध्या पहुंचे। उनके साथ कई विधायक और उनके परिवार के सदस्यों के साथ मंत्रालय के लगभग 70 अधिकारी भी मौजूद रहे। सबसे पहले रामजन्मभूमि परिसर में दर्शन पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद मंत्री रवींद्र चव्हाण एनएच 27 के निकट शाहनवाजपुर माझा में 76 करोड़ की लागत से आवंटित ढाई एकड़ भूमि को देखने पहुंचे।

इस दौरान आवास परिषद कार्यालय में निर्धारित राशि का लगभग 10 प्रतिशत जमा कर आवंटन प्राप्त किया। अयोध्या में एक स्थानीय होटल में आये सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया। मंत्री रवींद्र चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बीच वर्षों से नजदीकियां रही हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा की। हमें सौभाग्य मिला कि यहां पर रामलला के दर्शन के लिए आए हैं। अयोध्या में प्रतिदिन महाराष्ट्र से भक्त आते हैं। इसलिए महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्रिमंडल ने यह निर्णय लिया कि अयोध्या में ढाई एकड़ की भूमि पर महाराष्ट्र सदन भक्ति निवास तैयार किया जाएगा। राम मंदिर से 4 किलोमीटर दूर स्थित भूमि पर नेशनल हाईवे से सटे स्थान के पास प्रदेश सरकार के द्वारा यह जगह दी गई है। अगले 2 माह के अंदर कार्य प्रारंभ कर देंगे। हमें यकीन है कि प्रदेश सरकार के द्वारा जिस प्रकार से विकास का कार्य हो रहा है उसमें महाराष्ट्र सरकार के द्वारा एक योगदान होगा। इसके लिए हम लोग आए हैं।

भूमि देखने पहुंचे मंत्री रवींद्र चव्हाण बातचीत करते हुए। अमृत विचार

▸▸ महाराष्ट्र के लोनिवि मंत्री ने मंत्रालय के साथ किया रामलला का दर्शन

सीएम योगी की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर केस

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव का एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फोटो में योगी आदित्यनाथ को अखिलेश यादव के साथ आपत्तिजनक रूप से दिखाया गया है। वायरल फोटो मनीष यादव नाम के यूजर ने फेसबुक स्टेटस पर लगाया है। वायरल फोटो देखने के बाद भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है। वही इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

एसओ खंडासा विवेक सिंह ने बताया कि ग्राम खंडासा निवासी मनीष यादव के नाम एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि फोटो को वायरल करने वाले एक युवक को खंडासा पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

11 फीसदी ने छोड़ दी बीएड प्रवेश परीक्षा

अयोध्या,कार्यालय

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को दो पालियों में जनपद के नौ केंद्रों पर सकुशल संपन्न हो गई। कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की बात प्रकाश में नहीं आई है। अलबत्ता गर्मी और तपिश को लेकर कुछ परीक्षार्थियों को परेशानी सामने आई। एक-दो को केंद्र प्रभारियों की ओर से प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया है। लगभग 11 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं आए।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की निगरानी में आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में कुल नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और 4453 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था। साथ ही पुलिस और प्रशासन को लगाया गया था। प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से 12 बजे के बीच 4453 अभ्यर्थियों में 3936 (88.38 फीसदी) ने परीक्षा दी, जबकि 517 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

द्वितीय पाली में दो बजे से सायं 05 बजे के बीच 4453 अभ्यर्थियों में 3941 (88.50 फीसदी) ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 512 गैर हाजिर रहे। मजिस्ट्रेट की निगरानी में शिक्षकों व कक्ष निरीक्षकों से एक-एक अभ्यर्थी की सघन जांच व तलाशी कराई गई। साकेत केंद्र पर परीक्षा के दौरान भीषण गर्मी और उमस के चलते एक परीक्षार्थी की तबियत बिगड़ गई। मुख्य नियंता डॉ अनिल सिंह की ओर से पीड़ित परीक्षार्थी को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया।

परीक्षा के प्रशासनिक नोडल एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। पहली पाली में 517 और दूसरी पाली में 512 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे हैं।

परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की स्कैनिंग कर ऑनलाइन डाटा बेस से मिलान करता ड्यूटी में लगा स्टाफ।

▸▸ नौ केंद्रों पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए 4453 अभ्यर्थियों को जारी हुआ था प्रवेश पत्र

तैयारी सरयू तट स्थित रानी हो पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोला जाएगा

कोरियाई पार्क में रहेगा लग्जरी कॉटेज और वेज रेस्टोरेंट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच मधुर संबंधों को मजबूत करने के लिए सरयू तट स्थित रानी हो कोरियाई पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए कॉटेज और वेज रेस्टोरेंट जैसी सुविधा भी होगी। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

अयोध्या में 2018 के दीपोत्सव आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से रानी हो पार्क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया था। बीते 4 मार्च को लोकभवन में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्क का लोकार्पण भी किया जा चुका है, जिसके संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदायी संस्था आईएचडब्ल्यूएचसी को चुना गया है।

सरयू तट स्थित रानी हो मेमोरियल पार्क। अमृत विचार

दो हजार मीटर में फैला है पार्क

सरयू तट पर 2 हजार वर्ग मीटर में फैला रानी हो मेमोरियल पार्क का निर्माण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था। नवंबर 2021 में इसका कार्य पूर्ण हो गया, जिसमें मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, वाटर टैंक, फुट ओवर ब्रिज, सब स्टेशन, ट्यूबवेल, पाथवे, शौचालय, फाउंटेन, लैंडस्केपिंग, स्कल्चर, गार्ड रूम, म्यूरल, ऑडियो-विडियो सिस्टम, बाउंड्रीवॉल, पार्किंग व तालाब का निर्माण किया गया है।

समुद्र दिखाने के लिए बनी है वाटर बॉडी

डिप्टी डायरेक्टर पर्यटन राजेन्द्र यादव ने बताया कि पार्क के संचालन के लिए इसे निजी संस्था को सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि यह पार्क दक्षिण कोरिया और भारत सरकार की संयुक्त योजना के तहत बना है। पार्क में अवध की संस्कृति को दर्शाने के लिए अवध पवेलियन और कोरिया के कल्चर को दर्शाने वाली कोरियन पवेलियन के साथ ही समुद्र को दिखाने के लिए वाटर बॉडी बनी है।

कोरिया के प्रचलित सामान भी मिलेंगे

कार्यदायी संस्था के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि अयोध्या और कोरिया को जोड़ने वाले इस पार्क में किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों के माध्यम से ही यहां की व्यवस्था भी संचालित हो इसके लिए कोरियन शैली के वेज रेस्टोरेंट, कोरिया में प्रचलित सामानों की दुकानें, बाहर से आने वालों के ठहरने के लिए लग्जरी कॉटेज, कांफ्रेंस हॉल, मनोरंजन केंद्र, कोरियन-इंडियन कल्चर के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए हॉल शामिल है।

बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय पार्टी से निष्कासित

अयोध्या। अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी ने अपने लोकसभा प्रत्याशी रहे सच्चिदानंद पांडेय को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। वहीं प्रत्याशी ने इस्तीफा देने की बात कही है। रविवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार ने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते सच्चिदानंद पांडेय को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। वह पार्टी कार्यकर्ताओं से अक्सर वाद-विवाद कर रहे थे और उनको कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन सुधार नहीं आया, जिसके चलते पार्टी से निष्कासित किया गया। उधर, सच्चिदानंद पांडेय का कहना है कि शनिवार को उनकी बहन मायावती से मुलाकात हुई थी। मुलाकात में उन्होंने विस्तार से यथास्थिति सामने रखी थी और फिर पार्टी को इस्तीफा भेज दिया था। अभी भी वह लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए सवर्सुलभ रहेंगे और वादे के मुताबिक रोजगार आदि के लिए काम करेंगे।

सच्चिदानंद पांडेय

प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता आज से

अयोध्या। अमृत विचार : उप्र स्टेट रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में चार दिवसीय 22वीं प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता जिले की भवदीय शूटिंग रेंज में सोमवार से आयोजित होगी। वरिष्ठ शूटिंग कोच व प्रतियोगिता कोआर्डिनेटर शनि कुमार वर्मा ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे यूपीएसआरए के पदाधिकारी करेंगे। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रान्तों के लगभग तीन हजार एयर रायफल व एयर पिस्टल शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। महिला व पुरुष वर्ग के विभिन्न कैटेगरी में होने वाली प्रतियोगिता में एयर रायफल व एयर पिस्टल के उप्र के सहित हरियाणा, नोयडा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। इसमें यूपीएसआरए की ओर से नियुक्त ऑफीसियल, निर्णायक व रेफरी प्रतियोगिता में निष्पक्ष निर्णय देंगे। यूपीएसआरए के निर्देशन में प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार आयोजित होने वाली प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता से क्वालीफाई खिलाड़ी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे। अभी तक दिल्ली, नोएडा, पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर आदि में ही प्री-स्टेट प्रतियोगिता आयोजित होती रही है। प्रतियोगिता को लेकर शूटिंग खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन– संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।

संपादकीय

शपथ ग्रहण में विदेशी अतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं का शामिल होना चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधी पड़ोसियों को कड़ा संदेश दे गया। शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए नेताओं की यात्रा, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। समारोह में श्रीलंका, मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। उधर भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान को शपथ ग्रहण में न बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति की ओर इशारा करता है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध विवादास्पद मुद्दों से ग्रस्त रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद चिंता का एक प्रमुख विषय है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारतीय महासागर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट को आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है और तेजी से नौसैनिक ठिकानों और बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। अपनी इस नीति के जरिए चीन पड़ोसी देशों पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

गौरतलब है पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना भारत की विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने में भारत के रणनीतिक हितों की पूर्ति करता है। समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रभावी सहयोग आवश्यक है। साथ ही मिशन 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक पहल है। इसे 2015 में शुरु किया गया था। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है। इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में समावेशी, सहयोगी तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। चीन के साथ संबंधों को देखते हुए नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी चीन के स्वच्छंद कारनामों पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे। साफ है कि नरेंद्र मोदी इस कार्यकाल में भी चीन को रोकने की दिशा में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करेंगे।

महामारी जैसी है कोल्ड ड्रिंक्स की बढ़ती खपत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है।

गर्मी के मौसम में नॉन-अल्कोहलिक, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या सॉफ्ट-ड्रिंक्स की मांग बढ़ती है जो अकसर मिठास वाली होती हैं। इनमें से कुछेक फ्रूट जूस या फ्रूट कन्सेंट्रेट के इस्तेमाल से बनाई गई हैं, ऐसा बताया जाता है। फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एफ़एसएसएआई) की सील सब पर लगी होगी। एक ग्रीन 'डॉट' भी यूनिट लेबल पर छपी होगी। ये ठंडी भी होंगी क्योंकि गर्म पेय तो कोई नहीं पीएगा। शरीर की पाचन प्रणाली और सेहत पर समग्र रूप इसका खराब से लेकर घातक असर तक होने के साक्ष्य अनुसंधान करके वैज्ञानिकों ने जुटाए हैं। ये बातें अगर मैन्युफैक्चरर लेबल लिख दे तो सॉफ्ट-ड्रिंक का एक भी टेट्रा-पैक या बोतल नहीं बिकेगी। लेकिन हमदर्द ने रूह-अफ़ज़ा को जिन जड़ी-बूटियों के सत से रस बनाकर तैयार किया था वह बिलकुल सुरक्षित पाई गईं। बाज़ार से कोल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स खरीदना स्वभावानुसार आसान है, बशर्ते जेब में पैसा हो। ग्रीष्म ऋतु में नींबू और बेल फल का रस निकालकर पीने में तो मेहनत और समय लगता है, इसलिए लोग तुरत कुछ ठंढा पीकर, ठंढा अहसास पाना चाहते हैं। इस बात से बेखबर रहना चाहते हैं कुछ भी, कितना भी ठंढा शरीर में पहुंचे शरीर पहले इसे बॉडी टेम्परेचर अर्थात 33 डिग्री सेल्सियस पर लेकर आता है और फिर इसे पचाने में लग जाता है। इस कारण से शरीर के पीनियल ग्लैंड अथवा 'तापमान रेगुलेटर' पर दबाव बढ़ता है और यह कार्य ग्लैंड द्वारा नर्वस सिस्टम के जरिये से और रक्त संचार की मात्रा और गति को बढ़ाकर किया जाता है। इससे बॉडी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और शरीर को ठंढा रखने के चक्कर में हमारा शरीर चुस्त होने की अपेक्षा निढाल ही होता है। नींबू पानी, बेलफल रस और दही की लस्सी (प्रो-बायोटिक्स) शरीर को न केवल न्यूट्रीएंट्स देते हैं बल्कि वास्तव में ही बॉडी टेम्परेचर को मैंटेन करके रखते हैं।

गर्मियों में इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स की अत्याधिक मात्रा हमारे पेट तक पहुंचती है। इन ड्रिंक्स में प्रीज़रवेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि शेल्फ-लाइफ बढ़ाई जा सके। इनमें पेयों में मौजूद सिंथेटिक और रिफाइंड शुगर की वजह से बहुत से लोगों के 'गाल ब्लैडर' में स्टोन या पथरी होने की संभावना बनती है, कोल्ड ड्रिंक्स

> भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है।

की खपत एक महामारी जैसी है और कमर्शियल जगत में इसे फास्ट ग्रोइंग कज्यूमर गुड्स के दायरे में माना गया है। आश्चर्य होता है कि सन 2023 के साल में भारत में 6.94 बिलियन लीटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज की खपत हुई और इस साल की प्रोजेक्शन्स 7.21 बिलियन लीटर है। एक लीटर की कीमत अगर औसतन रु. 50 है तो भी यह फिगर सन 2023 के लिए रु. 347 बिलियन अर्थात 35 अरब भारतीय रुपये के बराबर बैठती है। इस साल तो यह 38 अरब रुपये के बराबर होने की उम्मीद है। यह भ्रम पालना छोड़ दिया जाना चाहिए कि चिल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने से शरीर में ठंडक का संचार होगा, बल्कि इसे पी लेने के बाद इसमें मौजूद मिठास और पेय के गाढ़ेपन के कारण नार्मल वाटर पीने की जरूरत पड़ सकती है ताकि जो पीया है उसे 'डायल्यूट' किया जा सके। इसके लिए ग्राहक एक बोतल बंद ठंढा पानी खरीद कर पीएगा। सॉफ्ट ड्रिंक्स के गाढ़ेपन और मिठास को डाल्युट करने के लिए ही अतिरिक्त पानी की जरूरत होती है। यह एक दुष्चक्र है जिससे छुटकारा पाने की तुरत जरूरत है।

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है। दिखाने के लिए जरूर कुछ ड्राई फ्रूट्स के कुतरे हुए बीज या फिर कद्दू के मुरब्बे को सतह पर चिपका दिया जाता है।

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है। कुछ पदार्थ ऐसे हैं जो सिर्फ एक व्यसन या एडिक्शन पैदा करने में समर्थ हैं जैसेकि पेय में मिलाई गई 'कैफीन'। कैफीन में ऐसा क्या है जो शीतल पेय के प्रति लत पैदा करता है? इसका न्यूरो-केमिकल मैकेनिज्म ऐसा है कि मनुष्य-मस्तिष्क में न्यूरोन्स पर एक खास तरह के संवेद ग्राही मौजूद होते हैं जो कैफीन के अणुओं के संपर्क में आकर स्टिमुलेट होते हैं और एक खास रस या रसायन का स्राव करके रक्तवाहिकाओं में प्रवाहित करते हैं। इससे नर्वस सिस्टम के बाकी अणु भी रिसेप्टर्स से जुड़ कर स्टिमुलेट होते हैं या 'झूमने' लगते हैं। जब तक ब्लड स्ट्रीम में इस 'रस' की मात्रा का एक निश्चित स्तर मौजूद रहता है आदमी को 'वेल-बीइंग' अर्थात आनंद की अनुभूति बनी रहती है। इसका लेवल डाउन होते ही मनुष्य के अन्दर फिर से उसी कोल्ड ड्रिंक को पीने की प्रबल इच्छा जाग्रत होती है जिसमें कैफीन मिली होती है। 'क्यूरियस' जर्नल के सन 2018 के अंक 10(6) में प्रकाशित एक समीक्षात्मक अध्ययन और इसके अंत में उल्लिखित 24 संदर्भ अध्ययनों में से चंद स्टडीज सिर्फ चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि गंभीर परिणाम बताने वाली और बेहद चिंताजनक हैं। खासतौर से उन माता-पिता के लिए जिनके कमसिन वय के और किशोर बच्चों को सोडा ड्रिंक्स और कैफीन मिश्रित शीतल पेय लेने की लत लग चुकी है। बच्चों को एनर्जी के लिए जितनी शुगर की रोजाना जरूरत पड़ती है उसका 30 प्रतिशत तो वे शीतल पेय में मिली हुई शुगर से ही ले रहे हैं। इंग्लैंड का उदाहरण लें तो नेशनल डाइट एंड न्यूट्रीशन सर्वे (2008-12) के आंकड़ों से मालूम होता है कि उधर के बच्चे जो शीतल पेय ले रहे हैं इनमें अनेक में सोडियम बेंजोएट मिला हुआ पाया गया। यह बेन्ज़िक एसिड का सोडियम तत्व है जिसे फ़ूड संरक्षक के बतौर शीतल पेय निर्माता इंडस्ट्री इस्तेमाल करती है। इसे तरल दवाओं और सूखे खाद्य पदार्थों में भी शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए मिलाया जाता है। लेबल पर लिखा भी हो या न भी लिखा हो, लेकिन आमजन को इससे क्या? इन्हें तो स्वाद चाहिए और 'न्यूरो-स्टीमुलेटरी' आनंद! संघ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले रेगुलेटर फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने साल 2024 के ही मार्च महीने में फाइल नंबर आरसीडी-15001/12/2023-रेगुलेटरी-एफ़एसएसएआई-पार्ट (1)(ई-10434) के अंतर्गत हीथ और एनर्जी ड्रिंक्स के मामले में उद्योग और रिटेलर्स द्वारा पालन करने के लिए मीमो जारी किया था लेकिन न तो व्यापारी और न ही फ़ूड सेफ्टी इंस्पेक्टर्स को इससे कोई लेना-देना है। अर्थात घोर लापरवाही है। सोडियम बेंजोएट की सुरक्षित से अधिक मात्रा शरीर में प्रवेश करती है तो सूजन, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, भूख न लगना, ओक्सिडेटिव स्ट्रेस और एलर्जी तक हो सकती है। ओक्सिडेटिव स्ट्रेस खतरनाक होता हो सकता है और इस अवस्था में शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' की बहुतायत हो जाती है। साथ में इन्हें निरस्त करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स अत्यधिक कम हो जाते हैं। शरीर द्वारा चयापचयी प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। भारत का फ़ूड रेगुलेटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज में जिन रसायनों को मिलाने की इज़ाज़त देता है उन सभी का मात्रा तय की गयी है। सोडियम बेंजोएट के लिए यह मात्रा 300 पीपीएम निर्धारित है अर्थात 10 लाख डेसीलिटर में सिर्फ 300 ग्राम 0.03 प्रतिशत है और एक लिटर की बोतल में यह 0.003 प्रतिशत रहेगी। यह एक जटिल मामला है जिसकी बायो-केमिस्ट्री और बायो लॉजिकल प्रक्रियाओं को समझे बिना ही हम शीतल पेय पिए जा रहे हैं और ऐसी व्याधियों से दो-चार होते हैं जिन्हें सिर्फ न्यूट्रीशन बायोकेमिस्ट/वैज्ञानिक ही समझ पाता है, आम डॉक्टर नहीं। इसलिए पीड़ित व्यक्ति के ओइए आम अस्पताल में इनकी टॉक्सिसिटी हटाने और इलाज की कोई सोच नहीं होती। शीतल पेय में मिलाए गए आर्टिफीसियल स्वीटनर एस्पार्टेम के कारण 'इंसिडेंट स्ट्रोक', अनिद्रा न्यूरोटॉक्सिसिटी, और 'डेमेंशिया' हो सकता है लेकिन इससे आगे तो सिर्फ मृत्यु है।

प्रसंगवश

एक थप्पड़ की संविधान व्यथा

> कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा।

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा की टिकट पर निर्वाचित कंगना रानावत के गाल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कांस्टेबल कुलविन्दर द्वारा कथित रूप से मारे गए थप्पड़ से बखेड़ा खड़ा तो हो गया है। घटना की यादों पर पपड़ी पड़ जाएगी और उसे भुला भी दिया जाएगा। लेकिन इस थप्पड़ ने जनविमर्श तलाश करने के लिए मुझ जैसे लोगों को कुरेद दिया है।

संविधान की आत्मा भाग तीन में है। वहां मूल अधिकार में, बोलने की, यूनियन बनाने, आने जाने, रोजगार की तरह-तरह की आज़ादियों का ऐलान है। हाथ के हाथ उन पर लगे प्रतिबंधों का ब्यौरा भी है। सवाल यह है कि यदि नागरिकों के साथ सियासी या प्रशासनिक जुल्म हो रहा है। तो क्यों कंगना रानावत जैसे और लोगों के द्वारा भी भारतीय किसानों के सबसे बड़े आंदोलन में उनके परिवारों की महिलाओं के शरीक होने पर फब्तियां कसी जाएं कि 100-100 रुपए लेकर ये औरतें वहां बिठाई गई हैं। तो उसका प्रतिरोध किस तरह हो? ऐसे हर मुद्दे में गोडसे और सावरकर को नहीं, गांधी को ही खींचकर लाया जाता है। गांधी ने कहा था अहिंसा कायरों का धर्म नहीं है। वीर हृदय की प्राण वायु है। अंतिम सीमा तक अटल रहो लेकिन अगर कोई तुम्हारी मां, बहन, पत्नी या अन्य किसी का शील हरण करने की कोशिश करे तो समझाओ। प्रतिरोध करो फिर बताएं आगे क्या कहा था?

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा। मैं कतई हिंसा के पक्ष में नहीं हूं। हालांकि उन्मादित होकर एक थप्पड़ मारने को मैं हिंसा नहीं, आक्रोश मानता हूं। कानून भी उसे यही मान सकता है। ऐसे अपराधी को तो चेतावनी देकर भी छोड़ा जा सकता है। बिना चूं चपड़ के भी कुलविन्दर का खेद रिकार्ड कर मामला समाप्त कर सकता है। उसकी सेवा शर्तों के तहत मामूली कार्यवाई हो सकती है। लेकिन यह जनविमर्श नहीं है। संविधान में खुद गांधी के सिद्धान्तों की परीक्षा ज़रूरी है। सिविल नाफरमानी, निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह की गांधी की परिभाषाएं भी उनके साथ चली गईं। क्योंकि तब तक अंगरेज़ भी चला गया था। संविधान निर्मित आज़ाद भारत में सिविल नाफरमानी की नपुंसक परिभाषा नहीं हो सकती। डीजीपी साहब के जूतों पर अर्दली पालिश करे। उनके कुत्तों की सेवा करे। मेम साहब की डांट खाए। छुट्टी के दिन भी काम करे। अगर प्रतिरोध करे तो झूठे आधारों पर उसकी नौकरी ले ली जाए। भारत में निचली सरकारी सेवाओं का तितिम्मा बुनना अंगरेज़ी न्याय कुल की जूठन नहीं हो सकती। अगर कुलविन्दर ने छुट्टी ली होती और थप्पड़ मारती या सड़क या बाज़ार में ऐसी घटना होती। तब कानून की पैनी नज़र से अपराधों की नस्लें तक अलग हो जातीं। सवाल है कि भारत के नागरिकों की आत्मा का कोई आसमान है भी कि नहीं। जिस देश का सबसे बड़ा लोकसेवक हेट स्पीच का उत्पादन करता रहे। हेट स्पीच के उत्तेजक सम्मेलन हों। सुप्रीम कोर्ट समझाइश की नस्ल की नसीहत दे। लेकिन हो कुछ नहीं। तब नागरिक आजादी कहां है? याद रहे निर्वीर्य कुंठा दैहिक प्रतिरोध के मुकाबले नपुंसक होती है। मैं फिर कहता हूं। कतई हिंसा का समर्थन नहीं करता। ऐसा भी हुआ है हज़ारों बार कि किसी बड़े सरकारी अधिकारी पर सरकारी कर्मी द्वारा हमला किया गया हो। जूता फेंककर या थूकने की कोशिश की गई हो। लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की हो। सुरक्षा कक्ष में कंगना के साथ बदसलूकी भी हुई और वे इसका बखेड़ा नहीं खड़ा करतीं तो बात तो आई गई हो जाती। लेकिन वे चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने मामले को तूल दिया कि मुझे पंजाब में पनप रहे उग्रवाद और आतंकवाद की इस कारण चिंता हो रही है। एक थप्पड़ से आतंकवाद का अद्भुत रिश्ता कायम किया गया? उसका शिकार देश की सबसे बड़ी नेता और बाद में उसका बेटा भी तो हुए थे। इस घटना से राजनीतिक उत्कर्ष और करीअर हासिल करने की कोशिश हो? तो उससे तो एक थप्पड़ की हिंसा ही बेहतर है।

जनता ने अपने विवेक से विपक्ष की भूमिका अदा की

अठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि केंद्रीय सत्ता के मुकाबले कोई संगठित विपक्ष नहीं था बल्कि जनता ने अपने विवेक से सत्ता के मुकाबले विपक्ष की भूमिका अदा की है। एक ओर राजनितिक परिस्थितियों का यथार्थ और दूसरी ओर जनता का निर्णयात्मक व्यवहार, इन दोनों के बीच द्वंद्वात्मक संबंध दिखाई देता है। धार्मिक भावनाओं को इस्तेमाल करके नफ़रत के बीज बोना और सांप्रदायिक मानसिकता का राजनीतिक इस्तेमाल करना सबसे सफल गुजरात में रहा जिसे 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' कहा गया। अगर संकेतों को समझा जाए तो ये जनादेश उन स्वयंभू भगवानों को रास्ता दिखाते हैं, वे चाहे सत्ता में बैठे हों या मठों या आश्रमों में।

बंगाल में जनता ने ममता के कुशासन से असंतोष जताया है तो मोदी के सुशासन को भी नहीं अपनाया है। केरल में माकपा को यह सीख दी है कि सत्ता के लिए संगठन में गुटबाजी का असर हानिकर होता है। यही कारण है कि अच्युतानंदन की लोकप्रियता को विजयन नहीं पा सके। इसी प्रकार, जहां जो राजनितिक विकल्प मिला, लोगों ने उसे चुना। अपवाद हो सकते हैं। जनतंत्र में असली भाग्य-विधाता जनता है, यह चुनाव भली-भांति स्पष्ट करता है। सबसे दिशाबोधक हिंदी प्रदेश है जिसे विशेषज्ञ और ज्ञानी गोबरपट्टी कहते हैं और राजनीतिज्ञ धर्म के अफीम की प्रयोगशाला समझते है। जिस उत्तर प्रदेश पर सबके दांव लगे थे उसने अयोध्या की सफलता और मथुरा-काशी की योजना द्वारा जीवन के वास्तविक सवालों की अवहेलना करने वाली राजनीति को शिक्षा दी है, अगर वे ग्रहण करने की योग्यता रखते हों।

उत्तर प्रदेश में छह केंद्रीय मंत्रियों का चुनाव हार

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

> साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है।

जाना और कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना की शर्मनाक पराजय इस बात के द्योतक हैं कि धर्म का सहारा लेकर व्यभिचार का जाल फैलाने वाले आसाराम-रामरहीम से लेकर राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके स्त्रियों की अस्मिता को छिन्न-भिन्न करने वालों या उनके संरक्षकों को जनता ठुकरा रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि भारत की अशिक्षित-दरिद्र जनता का विवेक कितना मूल्यवान है। उसके निर्णय में असंगतियां ऐतिहासिक कारणों से हैं।

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है। दक्षिणपंथी राजनीति और वामपंथी राजनीति के अतिवाद का समाधान जनता बाकी 'मध्यमार्गी' दलों में नहीं देखती। इसके पीछे दो ठोस कारण हैं। एक, जातिवाद और नरम सांप्रदायिकता का उपयोग करते हुए भी कांग्रेस न पूर्णतः जातिवादी या सांप्रदायिक दल है, न संगठन की प्राथमिकता के नाम पर बंगाल जैसी अराजकता या केरल जैसी गुटबाजी में जनहित भूल जाती है। आपस में लड़ते-भिड़ते साथ चलते हुए जनता को सांस लेने लायक परिस्थियां देने का वातावरण संविधान के माध्यम से कांग्रेस ने ही बनाया है। जनतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण जनता का जाग्रत विवेक है, उतना ही महत्वपूर्ण विपक्ष की देशव्यापी मौजूदगी है। दूसरा, इस देशव्यापी मौजूदगी का श्रेय राहुल गांधी की न्याय-यात्राओं को है। देश को समझने के लिए, जनता की की मनोभावना से जुड़ने के लिए गांधी जी के बाद राहुल ने ही ऐसा अभियान चलाया,

इसी से यह संदेश भी निकालता है कि जिस राहुल को सत्ताधारियों ने अरबों रुपये खर्च करके 'पप्पू' बनाया था, उसी को इस चुनाव में 'मोदी बनाम राहुल' बताकर प्रतिष्ठित करने को बाध्य हुए। यह फर्क मीडिया और प्रचारतंत्र की ताकत से जनसंपर्क की ताकत का अंतर स्पष्ट करता है। इसीलिए जनता का विवेक महत्वपूर्ण तो है ही, निर्णायक भी है। इस जनता को मुख्यधारा मीडिया और ट्रोल सेना के बल पर काबू में रखने की कोशिश लगातार की गई। लेकिन जनता ने प्रचार के इन दोनों साधनों को व्यर्थ सिद्ध करते हुए सोशल मीडिया को अधिक अपना और भरोसेमंद माना। केवल पूंजी की शक्ति से चलने वाले निजी चैनलों के सामानांतर छोत्र-छोटे सोशल मीडिया चैनलों ने राहुल की यात्राओं से लेकर सत्ता के अत्याचारों तक हर पहलू से लोगों को अवगत रखा। यही कारण है कि जनता किसी प्रेरित प्रचार की जगह राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों से परिचालित हुई। महंगाई, बेरोज़गारी, गरीबी, किसानों से छल और विषमता उसके लिए वास्तविक चिंताएं थीं, मंदिर और धर्म नहीं। जनता की यह जागरूकता न केवल लोकतंत्र के जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह उसकी सुंदरता भी है।

सोशल फोरम

छल की भाषा

> आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है।

आज से पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था कि छल ही सत्ता और हर फायदे की गंगोत्री है। छल की भाषा का उद्देश्य है ऐसी चीजों को लोगों के विश्वास, अवधारणा या घटना के रूप में स्थापित करना, जिनका यथार्थ आधार न हो। छल की भाषा सम्मोहक होती है। कई दशक पहले 'लकड़सुंघवा' की चर्चा होती थी, अब वह एक विराट संगठन है। छल की भाषा निर्मित करने के लिए झूठ पूरे भावावेग के साथ बोलना होता है और उसे प्रचार की शक्ति चाहिए। लोग प्रदर्शित सब्जबाग में खो जाते हैं, जैसे बच्चे मेले में गुम हो जाते हैं। इसका सबसे विडंबना-भरा रूप तब सामने आता है जब नागरिक सिर्फ उस यथार्थ से ही दूर नहीं कर दिए जाते जो वे वस्तुतः रोज भोग रहे हैं, बल्कि वे अपनी श्रेष्ठ परंपराओं और आधुनिक मूल्यों से भी विच्छिन्न कर दिए जाते हैं। सब खोते-खोते अंत में बची रह जाती हैं कुछ पुरानी खाइयां-कुछ नई जंजीरें!

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

छल की भाषा का निर्माण कई तरह से होता है, जिनमें एक है सफाई से तथ्य को विकृत करना। छल की भाषा से अपने को ढका जा सकता है, क्योंकि कोई क्षमतावान व्यक्ति अब अपना वास्तविक चेहरा दिखाना नहीं चाहता। इसलिए वह झूठ को आभासी सच में बदलता रहता है। उसकी भाषा चालाकियों से भरी होती है। कैसी भयावह स्थिति है, प्रचार में जो है वही सच है!

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है। साहित्य का काम है सचाई पर से सभ्यता के कृत्रिम आवरण को हटाना, जबकि साहित्यकार पर इस सभ्यता का भारी दबाव है। उसकी सामाजिक हैसियत नगण्य कर दी गई है। वह बोलता है, पर इतना अंतर्विभाजित है कि अब सुना नहीं जाता।

–फेसबुक वॉल से

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्य रूप से मानव गतिविधियों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम चक्र, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।

आज विश्व की जनसंख्या वृद्धि जिस कारण नाना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा दुरुपयोग और विभिन्न भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए मानव जनित अप्रतिम बुद्धि के तकनीकी/ प्रोद्यौगिकी प्रयोगों से न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र के लिए संकट विषय बना है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण का सर्व प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि ही परिलक्षित होता है। यह स्पष्ट भी है न केवल भारत अपितु विश्व में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण या अपघटन, तापमान वृद्धि, प्राकृतिक सम्पदाओं का दोहन आदि जनसंख्या वृद्धि एवं मानव जनित भौतिक सुखों तथा अनैतिक कार्यों का ही परिणाम है।

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण का द्वितीय सबसे बड़ा कारण स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही अनियंत्रित-अनियोजित- अटिकाऊ भौतिक विकास रहा है। अधिकतर देश की नीतियां/ कार्य छोटे-छोटे लक्ष्यों को देखते हुए बनाई गइ उनके दीर्घकालिक परिणाम नहीं देखे गए। न ही उन अल्पकालिक भौतिक विकास कार्यक्रमों के कोई सशक्त नीतियां बनी। अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रयोग के साथ ही पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान वन-प्राकृतिक संपदाओं के अनैतिक दोहन के कारण होता है। हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या से हजारों सरकारी कार्यालय-भवन बने, देश में हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने, एक्सप्रेस वे बने, रेल मार्ग बने, सुरंग खुदी, राज्य क्षेत्र तथा विधायक-सांसद निधि से सड़कें बनीं लेकिन आज भी प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए देश में ऐसा कानून नहीं बन पाया कि उक्त स्थानों में भौतिक विकास की भेंट चढ़ने वाले पेड़-पौधों के स्थान पर कार्यालयों-भवनों के चारों ओर उतने ही पेड़-पौधे पल्लवित-विकसित किए जाएं, जितने भौतिक सुखेच्छा से काटे गए। पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान वृद्धि मानव के लिए संकट बनती जा रही है।

भारत में पर्यावरण प्रदूषण का तृतीय सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग। बिस्किट,टाफी, खिलौने, कुरकुरे, ओयस, लेस, पानी बोतल आदि बहुत सारी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में केवल प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है और जागरूकता के अभाव में प्लास्टिक रेपर को यत्र-तत्र फेंक देना, उसमें कचरा भरना, उस कचरे का विकृत रूप लेना, नालियों के बंद हो जाने पर विभिन्न विषाणुजनित बीमारी पैदा होना, डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ना,जानवरों के खा देने पर बहुतायत उनको नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति को खत्म करना, प्लास्टिक की गंदगी से जल प्रदूषित होना या नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचकर समुद्री जीवों मछली, शील, कछुये, शार्क सहित कई जीवों के लिए अति घातक है। एक अध्ययन के उपरान्त लगभग 344 समुद्री जीवों की इस प्लास्टिक के उलझाव में आकर मृत्यु हो चुकी है जो बहुत चिंताजनक है। अन्ततः स्पष्ट है कि सरकारों को अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही अब जनसंख्या नियंत्रण, भौतिक विकास में नियंत्रित- नियोजित- टिकाऊ विकास तथा प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के विषय में कठोर नीतियां अविलंब बनानी आवश्यक हैं। साथ ही उनका अनुवीक्षण करना उतना ही जरूरी है इसी से साझा सम्पत्तियों की सुरक्षा, संतुलन और संरक्षण संभव है जो मानव- जीवन और भविष्य के लिए आवश्यक है।

राजधर्म और धर्मदंड

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव-समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया–जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया-राजानाम्सृजत्प्रभु। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य -स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है की जैसे जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा-स्टेट विल विदरएबे अर्थात लोक का शासन होगा-जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है अथर्ववेद–3/4/2 में कहा गया-त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वमिमाम- हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हे वरण करती है, अर्थात राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। इसी ऋचा में कहा गया है-वि भजा वसूनि-राज्य राजा की सम्पति नहीं होती वल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। ईश्वर ने राजा को कैसे बनाया इस संबंझ में मनुस्मृति-7/4 में बताया गया की-इंद्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के नित्य अंश से ईश्वर ने राजा को बनाया।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति7/14–19 में राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है-राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्नकिया है। देशकाल, शक्ति व, शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए\वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है, ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं।

एक नजर

सर्वसम्मति से जगदीश बने जेंवार प्रमुख चौधरी

भेटुआ, अमेठी। क्षेत्र के नाई समाज की बैठक आयोजित कर जेंवार प्रमुख चौधरी का चुनाव किया गया। बैठक में अठगंवा के 56 गांवों के करीब 250 प्रमुख लोगों ने प्रतिभाग किया। अठगंवा समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले भेटुआ के टिकरी गांव निवासी शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि बैठक में जगदीश प्रसाद शर्मा को सर्व सम्मति से आजीवन जेंवार प्रमुख रहने का निर्णय लिया गया। बैठक में आसपास के 14 कोस के लोग भी रहे। बैठक की अध्यक्षता राधेश्याम शर्मा व संचालन विजय शर्मा ने किया।

पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। थाना मुंशीगंज पुलिस ने रविवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। अभियुक्त मेवालाल (50) निवासी ग्राम सुमेरपुर को मुसवापुर मोड़ के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही के बाद उसे जेल भेज दिया।

गर्मी अधिक होने के कारण परेशान है लोग

अमेठी। पिछले तीन सप्ताह से लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं। 10 बजे के बाद रास्ता चलना मुश्किल हो रहा है। इस समय धूप में घर से निकलना ख़तरे से खाली नहीं है। मौसम विभाग ने एलार्ट जारी किया है। आगामी एक सप्ताह तक तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई है। तीन दिन पहले हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई है। तापमान अगले दिनों तक बरकरार रहेगा। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। हवाएं 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली।

संघ से संवादहीनता और पार्टी के अतिआत्मविश्वास से हारीं स्मृति इरानी

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा की संघ और सहयोगियों के साथ बरती गई संवादहीनता ने नतीजे में बड़ा अंतर पैदा किया। संवाद के अभाव में संघ के कार्यकर्ता पहले की तरह मैदान में नहीं उतरे, तो वहीं भाजपा ने विपक्ष की ओर से आरक्षण व संविधान खत्म करने की जनता में बनाई जा रही अवधारणा के मजबूत होने की सूचना पर विश्वास नहीं किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की भाजपा के खुद सक्षम होने के बयान से भी संघ के कार्यकर्ताओं में गलत संदेश गया। नाम न छापने की शर्त पर शुकुल बाजार क्षेत्र एक संघ कार्यकर्ता ने बताया कि बीते दो चुनाव की तरह इस बार चुनाव के पूर्व भाजपा ने समन्वय पर ध्यान नहीं दिया।

चुनाव से पहले रणनीति सहित दूसरे मुद्दों पर बातचीत नहीं हुई। मत प्रतिशत में गिरावट और कार्यकर्ताओं की उदासीनता की रिपोर्ट आने पर भाजपा के एक शीर्ष नेता ने दूसरे चरण के बाद संघ के वरिष्ठ नेता कृष्ण गोपाल से संपर्क साधा। तब संघ की ओर से निर्देश जारी हुए। हालांकि, इसी बीच पांचवें चरण के बाद जब पार्टी अध्यक्ष ने एक साक्षात्कार में भाजपा के अपने दम पर सक्षम होने की बात कही तो इसका बेहद नकारात्मक प्रभाव पड़ा। बताया गया कि चुनावी रणनीति तय करने के मामले में भाजपा ने इस बार सहयोगियों से भी दूरी बना ली।

चुनाव पूर्व न तो सहयोगियों के साथ संयुक्त बैठक हुई और न ही संयुक्त प्रचार की कोई रूपरेखा ही तैयार हुई। प्रचार की योजना का इंतजार करते रहे। अंतिम समय बाद प्रचार के लिए पूछा गया। कुल मिलाकर संघ से संवादहीनता और भाजपा नेताओं के अति आत्मविश्वास से परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। जनता को बरगलाने में विपक्ष कामयाब रहा। सपा और कांग्रेस के आरक्षण व संविधान खत्म करने की बातों से जनता में डर बैठा, और भाजपा उसे आश्वस्त करने में विफल रही।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का चुनाव के बीच आया बयान भी साबित हुआ नकारात्मक

कार्यशैली को लेकर थी नाराजगी

संघ सूत्र ने माना कि टिकट वितरण में खामियों और कार्यकर्ताओं की नाराजगी जैसी अनेक सूचनाएं उसके पास थीं। चूंकि समन्वय और संवाद नहीं था, इसलिए इसे दूर नहीं किया जा सका। संघ सूत्रों ने यह भी माना कि मतदाताओं और कार्यकर्ताओं में सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि सांसद, स्थानीय पदाधिकारियों की कार्यशैली को लेकर गहरी नाराजगी थी।

आरक्षण-संविधान खत्म करने की बातों का दिखा असर

सलाह-सूचना की अनदेखी, अमेठी लोकसभा चुनाव में विपक्ष की आरक्षण-संविधान खत्म होने की धारणा का व्यापक असर दिखा। उत्तर प्रदेश के भाजपा के सहयोगी दल के नेता ने बताया कि कई बार सूचना दी गई कि विपक्ष की इस मुहिम का ओबीसी, एससी, एसटी में मजबूत असर पड़ रहा है, लेकिन इस सूचना की लगातार अनदेखी की गई। भाजपा के नेता बता रहे थे कि उसने आरक्षण बनाम मुस्लिम कोटा को मुद्दा बना कर विपक्ष की इस मुहिम को धराशायी कर दिया है।

आगे बन रही और पीछे उखड़ती जा रही सड़क

35 करोड़ से बन रही सड़क निर्माण में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार, स्थानीय लोगों में रोष

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार। जिले में सड़को के निर्माण में सरकारी धन की बंदरबांट के चलते भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। हाल यह है कि सड़क बनती है चार दिन बाद ही उखड़ने लगती है। ताजा मामला जगदीशपुर विधानसभा के बाजार शुकुल ब्लॉक का है। क्षेत्र में 35 करोड़ की लागत बन रही इन्होंना से रीक्षघाट जाने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क भी भ्रष्टाचार की शिकार हो गई।

अभी हाल ही में बनी यह सड़क जगह-जगह उखड़ने लगी है। जिसके चलते बाइक और साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश फैल रहा है। लोगों ने घटिया सड़क निर्माण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

15 किलोमीटर लंबी उक्त सड़क लंबे समय से बदहाल थी। क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से दर्जनों बार सड़क के निर्माण की मांग की। किसान यूनियन से लेकर अन्य राजनीतिक दलों के नेताओ ने कई बार धरना प्रदर्शन किया। तब जाकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व सांसद स्मृति ईरानी और क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी के प्रयास से इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ। 35 करोड़ की लागत से लकी ट्रेडर्स कायदाही संस्था द्वारा बन रही यह सड़क बनने के साथ ही उखड़ना शुरू हो गई है। मवैया चौराहा निवासी रामगोपाल, राजकरन, विपिन कुमार, दिनेश कुमार आदि ने बताया कि आगे- आगे सड़क का निर्माण हो रहा है और पीछे-पीछे सड़क पर पड़े डामर की गिट्टियां उखड़ रही हैं। जो दुर्घटना का सबब बनी गई हैं। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों ने डीएम से सड़क निर्माण की जांच कराकर निर्माण कार्य मानक अनुरूप कराये जाने की मांग की है।

नवनिर्मित सड़क की उखड़ी गिट्टियां।

यह है नियम

नियम के मुताबिक सड़क निर्माण से पहले पूरी धूल मिट्टी पूरी तरह साफ की जाती है। धूल भरी सड़क पर तारकोल चिपकता नहीं है और सड़क उखड़ने लगती है। साफ करने के बाद सड़क पर गिट्टी चिपकने के लिए तारकोल गिराया जाता है। इसके बाद गर्म तारकोल में तय टेंपरेचर पर गिट्टी को पूरी तरह भूना जाता है। गिट्टी भूनने के बाद गरम तारकोल मिलाकर सड़क पर बिछाया जाता है, जिसस गिट्टी सड़क पर पूरी तरह चिपक जाती है और सड़क मजबूत रहती है। यही नहीं नियमानुसार संबंधित इंजीनियर को साइट पर रहकर काम कराना होता है। मगर यहां इंजीनियर के साइट पर न रहने के चलते ठेकेदार मनमाने तरीके से अपना फायदा देखते काम कर रहे हैं। निर्माण कार्य में धांधली से नाराज ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से की है। मगर अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे हैं, जिसके चलते यह सड़क पूरी तरह कामचलाऊ बनाई जा रही।

क्या कहते जिम्मेदार

मानकों की अनदेखी कर रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर पूछने पर पीडब्लूडी के अभियंता ने कहा कि टीम गठित कर जांच कराया जाएगा। जहां-जहां सड़क निर्माण में अनियमितता मिलेगी वहां फिर से सड़क तोड़वाकर निर्माण कार्य कराया जाएगा।

स्मृति ईरानी ने किया था भूमिपूजन

बीते 28 फरवरी को पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी के साथ इस सड़क का पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया था जिसके बाद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था।

खुलेआम बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ, विभाग अनजान

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से दुकानदार खुलेआम मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं। जिसका सेवन करने के बाद लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को मिलावटीखोरी की जानकारी है, लेकिन कमीशनबाजी के चलते कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत वारिसगंज, रानीगंज, आनंद नगर, जगदीशपुर कमरौली, जाफरगंज आदि स्थानों पर दुकानदार बिस्कुट, नमकीन, मसाला, दाल, दूध, पनीर, मक्खन, मिठाई, रिफाइनंड और सरसों के में मिलावट और दोयम दर्जे के पदार्थ बेच रहे हैं। जिसके सेवन से गर्मी में लोग बीमार हो रहे हैं। दुकानों पर जांच पड़ताल न होने से एक्सपायरी डेट का सामान भी बेचा जा रहा है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

मजे की बात तो यह है कि कुछ दुकानदार पैकेट पर अंकित उत्पादन व एक्सपायरी की तारीख पर लेबल चिपका कर नवीन तारीख की लेबल चिपका कर ग्राहक को गुमराह कर रहे हैं। इसके बावजूद भी विभागीय जिम्मेदार अधिकारीगण सबकुछ जानते हुए भी किसी भी तरह की कार्रवाई करने मे नाकाम है। नाम ना छापने की शर्त पर दुकानदारों ने बताया कि इसके एवज में संबंधित विभाग वालों को सुविधा शुल्क देना पड़ता है। इस सम्बंध मे उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने बताया कि जल्द ही टीम गठित कर दुकानों पर छापेमारी की जाएगी। सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा जाएगा। दोषी पाए जाने पर दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साइबर थाना व सोशल मीडिया सेल का किया निरीक्षण

अमेठी अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रविवार को साइबर क्राइम थाना व मीडिया सेल का निरीक्षण किया। साइबर क्राइम थाना के अभिलेखों के रख-रखाव व साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना को शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये। इसके बाद सोशल मीडिया सेल का निरीक्षण किया। कहा कि बकरीद आदि के दृष्टिगत सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर सतत सतर्क दृष्टि बनाये रखें। कार्यालयों की साफ-सफाई व अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शहरेन्द्र कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

हादसे ने दो परिवारों को कर दिया तबाह

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : जिले में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो परिवार तबाह हो गए। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजवाया। घायलों को सुलतानपुर जिला चिकित्सालय एवं गौरीगंज जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुलेट सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो पेड़ से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शी अखिलेश मिश्र ने कहा कि हादसे के बाद तुरंत हम लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देने के बाद सभी को बाहर निकालकर निजी वाहन और एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया। दरअसल, यह घटना मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे के पास हुई। यहां एक बोलेरो और बुलेट के बीच में टक्कर हो गई और बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो सवार 2 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं बुलेट सवार भाई-बहन और एक बहन के बेटे की मौत हो गई। बोलेरो में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

मुंशीगज थाना क्षेत्र के धरईमाफी गांव के रहने वाले कल्लू के भाई मट्ठलू की एक दी पहले हार्टअटैक से मौत हुई थी। उसी की मिट्टी में शामिल होने के लिए सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज के रहने वाले रिश्तेदार अकबर अपने परिजनों के साथ धरईमाफी गांव आ रहा था। बोलेरो अभी जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट बाइक को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकरा गई। बोलेरो में महिलाओं बच्चों समेत 6 लोग सवार थे। जिसमें अकबर, शाहनूर, शबनम, अरसद, अयान और अरमान थे। जिसमें शाहनूर और शबनम की मौत हो गई है। वहीं इस घटना को लेकर सीओ मयंक द्विवेदी ने कहा की दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई है। तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

भेटुआ सीएचसी से रुद्र (4) पुत्र संतोष पाठक, अयान (11) पुत्र दिलशाद, अकबर (40) पुत्र बरकत, अरसद (6) पुत्र अकबर और अरमान (10) पुत्र रफीक को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। जहां रुद्र की मौत हो गई।

बोलेरो-बुलेट की भिड़ंत

बहन-भांजे को घर ले जा रहा दुर्गेश

पीपरपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या नगर भावापुर गांव निवासी दुर्गेश उपाध्याय अपनी बहन वंदना और भांजे रुद्र को बुलेट से मुंशीगंज थाना क्षेत्र के अराड़ू पाठक का पुरवा गांव से अपने घर ले जा रहा था। दुर्गेश अभी जामो भादर चौराहे पर पहुंचा ही था कि सुल्तानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों की ही मौत हो गई।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में मौजूद बौद्ध धर्म के लोग। अमृत विचार

बौद्ध धर्म की शिक्षाओं पर हुआ संवाद

गौरीगंज, अमेठी अमृत विचार। बबुरी टोला में बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ के समापन के बाद रविवार को धम्मदेशना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। भंते धम्मदीप और भंते प्रज्ञा मित्र ने धम्मोदेश दिए। त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम और भगवान बुद्ध की पूजा वंदना के बाद धम्मदेशना शुरू हुई। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के सचिव राम फल फौजी ने कहा कि बौद्ध धर्म तर्क और तथ्य के सिद्धांत पर आधारित है। अन्धविश्वास और अवैज्ञानिक मान्यताओं को यहां कोई स्थान नहीं। शिक्षक राम चंद्र ने कहा कि बौद्ध धम्म वैज्ञानिक धम्म है।यह दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है।धम्मदेशना कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया। आयोजक रामदुलारे बौद्ध ने भिक्षु संघ और बौद्धाचार्य समूह को चीवर और धम्म दान किया।बौद्धाचार्य राम टहल बौद्ध, राम प्रताप बौद्ध, मिश्रीलाल, गुरु प्रसाद ,राम अभिलाष, हीरालाल, राम चंद्र सरस, श्याम कुमार, डा नन्हे लाल, किसुन पाल, ललित कुमार, हरिश्चंद्र कोरी, त्रिभुवन दत्त, राम प्रसाद, सियाराम बड़े बाबू, तुलसी राम शास्त्री, शीतला प्रसाद दाढ़ी, मास्टर श्याम लाल आदि मौजूद रहे।

एनडीए का सरकार बनने पर मिठाई का किया वितरण

गौरीगंज, अमेठी। देश में मोदी सरकार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार तीसरी बार बने पर लोगों ने मंदिर पर पूजा कर मिठाई का वितरण किया। जनपद मुख्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज के वार्ड 13 पूरे पंडित नेमधर निवासी भोला द्विवेदी ने गांव हनुमान मन्दिर पर तीसरी बार प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर 11 किलो लड्डू का वितरण किया। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

पुत्री की शादी के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

अमेठी अमृत विचार। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे गरीब व्यक्तियों जिनके पुत्रियों की शादी वित्तीय वर्ष 2024-25 में हो चुकी है अथवा होनी है उन व्यक्तियों को शादी अनुदान प्राप्त करने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर उसी वित्तीय वर्ष में शादी से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान हेतु पात्रता के तहत आवेदक की वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु रू0 1 लाख से अधिक न हो, आवेदक एवं पुत्री का आधार नम्बर मोबाइल नम्बर से अनिवार्य रूप से लिंक हो, तहसील द्वारा निर्गत ऑनलाइन आय एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जायेगी तथा माता एवं पिता के जीवित न होने की स्थिति में पुत्री द्वारा स्वयं ऑनलाइन आवेदन में निराश्रित का ऑप्सन के विकल्प का चयन करते हुये आवेदन किया जायेगा व एक परिवार से अधिकतम 2 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा।

युवक व अधेड़ महिला ने कीटनाशक निगलकर दी जान

उन्नाव, अमृत विचार। माखी थानाक्षेत्र के कोरारी गांव निवासी युवक ने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां इलाज शुरू होने पहले ही उसकी सांसे थम गई। वहीं बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ा गांव में मायके में रह रही 52 वर्षीय महिला ने कीटनाशक निगल लिया। 100 बेड अस्पताल से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन, वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट गए। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बेहाल रहे। माखी थानाक्षेत्र के कोरारी गांव निवासी श्यामू (19) पुत्र बिरजन शटरिंग लगाने का काम करता था। रविवार को वह काम पर नहीं गया था। सुबह करीब 11 बजे उसने खेत के पास जाकर कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी और उल्टियां शुरू हो गईं। यह देख ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इस पर उसे दरोगा बाग के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी हालत और बिगड़ी तो परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां इमरजेंसी वार्ड में उसका इलाज शुरू किया जाता इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। चर्चा रही कि युवक का गांव की ही एक विवाहित महिला से प्रेम प्रसंग था। उसी से फोन पर बात करने के बाद उसने कीटनाशक निगलकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से एक कीटनाशक का पैकट भी मिला है। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। वह तीन भाईयों व दो बहनों में चौथे नंबर पर था। छोटे भाई राधे श्याम ने बताया कि एरा भदियार गांव निवासी उसके नाना जगन्नाथ की कल तेरहवीं थी। माता-पिता वहीं गए थे।

सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी।

अमृत विचार। इण्डिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के जीत एवं अमेठी लोकसभा क्षेत्र का सांसद निर्वाचित होने पर बाजार शुकुल क्षेत्र के जैनबगंज में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने रविवार को कांग्रेसी नेता असलम बाबा की अगुआई में आभार कार्यक्रम का आयोजन कर जहां जनसमर्थन करने के लिए आम जनमानस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया वहीं इण्डिया गठबंधन के पदाधिकारियों कार्यकताओं ने पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी की उपस्थिति में एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाते हुए जीत की खुशी मनाकर इण्डिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जीत की बधाई दी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने सम्बोधित करते हुए जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष दिनेश द्विवेदी बब्बन, ओम प्रताप सिंह ,असलम बाबा, अरुण शर्मा, हामिद विनोद ब्लाक अध्यक्ष रवि संतोष शुक्ला पालमौर्य,आयाजखा चंदा, अनूप तिवारी, केडी मिश्रा, ममता पाण्डेय, मजहर बाबू, राम धीरज यादव, हरि प्रसाद शुक्ला, सुशील शुक्ला, सुरेश श्रीवास्तव, विकास तिवारी, आकाश तिवारी, सावल प्रसाद तिवारी, श्री निवास शुक्ला आदि इण्डिया गठबंधन के पदाधिकारी कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर लड्डू का वितरण करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

धन्यवाद जन सभा में हिस्सा लेंगे राहुल और प्रियंका गांधी

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आगामी 11 जून को अमेठी के जायस के हिमाचल का पुरवा में धन्यवाद जन सभा को संबोधित करेंगी।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि अमेठी एवं रायबरेली में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक बहादुर पुर के ग्राम सभा रामपुर जमालपुर के हिमाचल का पुरवा में 11 जून 2024 दिन मंगलवार को दोपहर बाद तीन बजे राहुल गांधी संसदीय क्षेत्र रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ धन्यवाद जनसभा को संबोधित करेंगे। सिंघल ने बताया कि राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा धन्यवाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रेम व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बढाएं जीवन की गाड़ी

संवाददाता, मुंशीगंज, अमेठी

अमृत विचार। कस्बे में स्थित कबीर आश्रम लगभग पांच साल बाद फिर से गुलजार हो गया है। आश्रम के संस्थापक संत मलंग दास शिष्यों के यहां प्रवास के बाद वापस लौट आए हैं। संत रामदास और साध्वी चेतन दास के शिष्य संत मलंग दास ने लगभग छह दशक पहले यहां कबीर आश्रम की स्थापना की थी। आश्रम में साधुओं की समाधियां बनी हुई है। संत मलंग दास ने आश्रम में सदैव पढ़ने वाले बच्चों और जरूरत मंदों को शरण देकर उनका सहयोग की और जनमानस को प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। जीवन के 102बसंत देख चुके संत मलंग दास ने आश्रम की स्थापना के बाद से अब तक कबीर जयंती पर 47भंडारे आयोजित कर चुके हैं। अमेठी जनपद के 86गांवो में संत मलंग दास जी के शिष्य फैले हुए हैं।इन शिष्यों ने कबीर महासभा के आन्दोलन को आगे बढ़ाते हुए दलित एवं गरीब परिवारों में शिक्षा, जागरूकता, अंधविश्वास से मुक्ति और संगठन की अलख जगाई। संत मलंग दास के नेतृत्व में चले सामाजिक आन्दोलन ने अनुसूचित जातियों को गंदे व्यवसायों से मुक्ति दिलाकर सम्यक् कर्म और सम्यक् आजीविका का मार्ग दिखाया। वर्तमान में 90 फीसदी दलित समाज कबीर की शिक्षाओं को आत्मसात करने के साथ धार्मिक शोषण से मुक्ति को बौद्ध धर्म के रास्ते पर चल चुका है।

धर्म-कर्म | **नेव टिकरी में गायत्री महायज्ञ एवं देवस्थापना का कार्यक्रम संपन्न**

गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का 79वां चरण संपन्न

संवाददाता, भेंटुआ, अमेठी

अमृत विचार। गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ के 79वें चरण में नेव टिकरी में गायत्री महायज्ञ एवं देवस्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ अमेठी के द्वारा विगत डेढ़ वर्ष से घर-घर में यज्ञ का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रविवार को गायत्री परिवार के परिव्राजकों की टोली के द्वारा यज्ञ कर्म संपन्न कराया गया।

विष्णु पुराण में बताई गई यज्ञ की महिमा की व्याख्या करते हुए आचार्य सुभाष चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि गायत्री को सद् विचार और यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक माना गया है। इन दोनों का सम्मिलित स्वरूप सद्भावनाओं एवं सत्प्रवृत्तियों को बढ़ाने वाला, प्राणिमात्र का कल्याण करने वाला है। यज्ञाचार्य डॉ. धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि यज्ञ आत्म संयम और उदार व्यवहार का प्रेरक है, आदर्श कर्म का दिशा निर्देश है। यज्ञ का मतलब त्याग, बलिदान, शुभ कर्म। यज्ञ में अपने प्रिय खाद्य पदार्थों एवं मूल्यवान सुगन्धित पौष्टिक द्रव्यों को अग्नि को सौंप कर वायु के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण हेतु वितरित किया जाता है। वायु शोधन से सबका भला होता है, निरोग जीवन मिलता है। टिकरी के यजमान महेश सिंह चौहान एवं ओम प्रकाश सिंह के घर पर आयोजित सामूहिक यज्ञ में दर्जनों श्रध्दालुओं ने प्रतिभाग किया। यज्ञाचार्य द्वारा सभी के घरों में देव स्थापना कराई गई व एक बुराई त्याग करने का संकल्प दिलाया गया।

यज्ञ करते लोग। अमृत विचार

सालभर भी नहीं चलेगी राजग सरकार

मोदी 3.0 की नई सरकार पर जमकर बरसे आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह

संवाददाता, प्रयागराज।

अमृत विचार: आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मोदी 3.0 मंत्री मंडल पर जमकर निशाना साधा और कहा है कि यह सरकार एक साल भी नहीं चलेगी। उन्होंने घटक दलों से स्पीकर का पद अपने पास रखने की सलाह दी है। संजय ने अयोध्या में भाजपा की पराजय के मामले में भाजपा को हिन्दू विरोधी करार दिया है। प्रयागराज में मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने आप की हार पर उन्होंने इसकी समीक्षा की बात कही है।

इधर,मोदी 3.0 मंत्रिमंडल शपथ लेकर अपनी नई पारी खेलने के लिए तैयार है तो वहीं इंडिया गठबंधन के घटक दल मंत्रीमंडल पर अपनी भड़ास निकालने में लगी हुई है। आम आदमी पार्टी के आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने

पत्रकारों से बात करते आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह।

तो बाकायदा इस मंत्रिमंडल और सरकार उम्र तक तय कर दी है। संजय सिंह क्या कहना है कि यह सरकार 6 महीने से लेकर 1 साल के अंदर गिर जाएगी। संजय सिंह ने कहा कि, इस सरकार की आयु 6 माह से एक साल तक ही है। इससे ज्यादा यह सरकार नहीं चलने वाली है। एनडीए की सरकार एक बार 13 दिन चली, एक बार 13 महीने चली और अटल जी की तरह व्यक्तित्व भी नहीं है मोदी जी का.. तो मैं यह समझता हूं एक साल के अंदर यह सरकार गिर जाएगी। क्योंकि इनके घटक दल जिन्होंने इनसे इच्छाएं पाल रखी हैं, वह ऐसा कुछ करने वाले नहीं हैं।

प्रयागराज में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि टीडीपी और जेडीयू से यह कहना चाहता हूं कि स्पीकर अपना बना लेना। वरना आपकी पार्टी के कितने सांसद टूटकर इनके साथ मिलेंगे, इसका आपको भरोसा नहीं है। क्योंकि दलों के तोड़-फोड़ के लिए ही अमित शाह और मोदी जी जाने जाते हैं। संजय सिंह ने अयोध्या में भाजपा की हार पर तंज कसा है और कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का चेहरा पूरी तरह से देश के सामने बेनकाब हो गया है। पहले यह मुसलमानों को गाली देते थे, फिर सिखों को, ईसाइयों को, जाटों को, किसानों को और अब हिंदुओं यानी अयोध्यावासियों को गाली दे रहे हैं। बीजेपी यह बर्दाश्त नहीं कर पा रही है कि अयोध्या से एक सामान्य सीट से एक दलित व्यक्ति सांसद कैसे बन गया।नीट एग्जाम के घोटाले की जांच की मांग भी संजय सिंह ने उठाई है और कहा है कि नीट के एग्जाम में जो घोटाला और घपला हुआ है उसकी जांच होनी चाहिए। जो लोग इसमें जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। क्योंकि यह 24 लाख बच्चों के भविष्य का सवाल है। कोटा में एक छात्र ने आत्महत्या कर ली, पटना में एक नौजवान ने आत्महत्या कर ली। ऐसा घोटाला जिसमें 67 बच्चे 720 अंक पाकर टॉप कर रहे हैं एक साथ। इसके विरोध में 11 जून को आम आदमी पार्टी प्रदर्शन करेगी।

टोंस जलप्रपात में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

संवाददाता, बारा/नैनी।

अमृत विचार: टोंस जलप्रपात में नहाने गये तीन युवक डूबने लगें। उस दौरान एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। जबकि दो युवकों को किसी तरह से बचा लिया गया। घटना प्रयागराज जनपद के कौंधियारा थाना क्षेत्र में रविवार की है।

बता दें कि पाटीलेश्वर महादेव देवरा के बगल में स्थित टोंस नदी के जलप्रपात में नहाते समय अचानक दो युवक डूबने लगे। जिन्हें डूबता देखकर के वहां मौजूद अन्य लोगों के द्वारा किसी तरीके से एक युवक को नदी में डूबने से बचा लिया गया। वहीं दूसरा युवक तेज बहाव के कारण अधिक गहराई में चले जाने से टोंस नदी में डूब गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। डूबने से बचाए गए युवक आर्यन शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला के द्वारा बताया गया कि वह थाना क्षेत्र के ही रौहा गांव का रहने वाला है, वह अपने मित्र दीपक विश्वकर्मा पुत्र कृष्णा कांत विश्वकर्मा व करण भारतीय पुत्र हरिमोहन के साथ टोंस नदी में नहाने आया था। नहाते वक्त करन भारतीया नदी के तेज बहाव से गहराई में चला गया, जब वह उसे बचाने के लिए उसकी तरफ बढ़ा तो वह भी डूबने लगा। शोर मचाने पर कुछ लोगों के द्वारा उसे डूबने से बचा लिया गया।

ज्ञात हो कि गर्मी के दिनों में टोंस नदी के इस जलप्रपात पर प्रतिदिन दूर दराज से हजारों की संख्या में युवक इस जलप्रपात में पहुंचकर नहाते हुए देखे जाते हैं। लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से इससे पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं यहां पर घट चुकी है।

सरकारी भूमि पर बने कुएं में लगे पंप को किया बंद

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: सूबे के जनपद प्रयागराज में सरकारी जमीनो पर किये जा रहे कब्जों का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। धूमनगंज में सरकारी भूमि पर कब्जा करने का मामला संज्ञान में आया है।

मालूम हो कि धूमनगंज के मुंडेरा चक में ग्राम सभा की भूमि पर बने कुंए में लगाए गये पम्प को गांव के एक युवक ने जबरदस्ती बंद कर दिया। युवक के मुताबिक कुंआ और उसमे लगा पम्प उसकी भूमि पर लगा हुआ है। ग्रामीणों को पिछले कई महीनों से पानी नसीब नही हो रहा है। ग्रामीणों को पानी मिलना बंद हो गया है। सैकड़ों घरों में पानी नही पहुंच पा रहा है। इसकी शिकायत लोगों ने जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल से की है। शिकायत के बाद डीएम यह गर्मी और पानी की समस्या को देखते हुए मामले में प्रभाव एसडीएम सदर अभिषेक सिंह को जांच करने का निर्देश देते हुए रिपोर्ट मांगी थी। जिसके बाद एसडीएम अभिषेक सिंह ने टीम को मौके पर भेज कर जांच कराते हुए अपनी रिपोर्ट डीएम को दी गई। जांच में यह मिला है कि गांव में बने कुंआ सार्वजनिक स्थान पर ही बना हुआ है। उसमे लगे पम्प को ठीक कराते हुए जल्दी पानी को चालू कराया जायेगा।

> कुंए में लगाया गया पंप बंद करने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद जांच कराया गया। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या न हो इसके लिए एसडीएम सदर को जांच की जांच के बाद पम्प को चालू करा दिया गया है।
>
> –नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी, प्रयागराज

सात केंद्रों पर 751 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

पीबीपीजी कालेज में प्रवेश से पहले वेरिफिकेशन कराते परीक्षार्थी।

बीएड प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की ओर से आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले के सात केंद्रों पर दो पालियों में सकुशल सम्पन्न हुई। दोनों पाली में 751 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बीएड प्रवेश परीक्षा शुरू होने के पूर्व परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। बायोमेट्रिक उपस्थिति व वेरिफिकेशन के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के नोडल अधिकारी पीजी कॉलेज पट्टी के प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय की निगरानी में जीआईसी, केपी इंटर कॉलेज, एमडीपीजी कॉलेज, पीबीपीजी कॉलेज सिटी में दो, पीबी इंटर कॉलेज और पीजी कॉलेज पट्टी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। पहली पाली में सुबह 9 से 12 और दूसरी पाली में दोपहर 2 से शाम 5 बजे परीक्षा हुई। प्रथम पाली में 3412 में 377 और दूसरी पाली में 3412 में 374 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। डीआईओएस सरदार सिंह, बीएसए भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में सचल दल भ्रमणशील रहा। प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ.मो.अनीस,डॉ. प्रियंका सिंह, रामकुमार सिंह,मंजू सिंह सहित सचल दल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

भाभी के स्थान परीक्षा देती युवती पकड़ी गई

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त परीक्षा में रविवार को एक युवती अपनी भाभी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ी गई। पेपर के दौरान उसे जांच मे पकड़ लिया गया। इस परीक्षा में 88 .9 फीसदी छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया है। उत्तर प्रदेश के बीएड कालेजों में प्रवेश के लिए होने वाली यूपीबीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को प्रयागराज में हुई। इसके लिए 36 केंद्रों बनाए गए थे। पहली पाली परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक चली। प्रथम पेपर में सामान्य ज्ञान और भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में पंजीकृत 16300 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इसमें से 14357 (88 .09 प्रतिशत) उपस्थित रहे, जबकि और 1923 (11 .92 प्रतिशत) परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा के दौरान काफी सख्ती रही और परीक्षार्थियों की फेस रिकगनिशन साफ्टवेयर के जरिए पहचान सुनिश्चित की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो–दो आब्जर्वर नियुक्त किए गए थे। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रथम प्रश्नपत्र मध्यम श्रेणी का रहा। दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शुरू हो गई है। इसमें एटीट्यूड टेस्ट और संबंधित विषय की परीक्षा हुई। फाफामऊ के राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में एक युवती अपनी भाभी के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। जांच के दौरान उसे पकड़ लिया गया।

भारत की जीत के लिए संगम में प्रार्थना

प्रयागराज। अमृत विचार : न्यूयॉर्क में टी–20 वर्ल्ड क्रिकेट में रविवार को इंडिया और पाकिस्तान के बीच हो रहे महा मुकाबले को लेकर पूरे देश में टीम इंडिया के फैंस उत्साहित है और भारतीय टीम की जीत के लिए दुआ प्रार्थना कर रहे हैं।

सड़क हादसे में महिला की मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गाँव निवासी एक युवक शनिवार की देर शाम अपनी माँ को बाइक पर बैठा कर देवरी बाजार जा रहा था कि जैसे ही बडौहा गाँव स्थित झरना पानी की टंकी के पास पहुंचा कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार महिला जमीन पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौके पर पंहुचे थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों के साथ पंहुचकर महिला के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि कृपाशंकर की तहरीर पर ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। हलिया थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गाँव निवासी कृपा शंकर ने रविवार को थाने में दी गयी तहरीर में कहा है कि 46 वर्षीय माँ मनराजी को बाइक पर बैठा कर घर से देवरी बाजार जा रहा था कि सामने से आ रहे लापरवाही पूर्ण तेजगति से ट्रैक्टर चलाता हुआ चालक ने बडौहा गाँव स्थित पानी टंकी के पास बाइक में जोर दार टक्कर मार दिया।

हटाये गए बसपा जिलाध्यक्ष सुशील, प्रथमेश जिला प्रभारी

प्रतापगढ़, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद बसपा में उथल–पुथल शुरू हो गई है। बसपा हाईकमान द्वारा संगठन के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। कार्रवाई भी की जा रही है। बसपा ने प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष सुशील गौतम को बदल दिया है। अब बसपा से लोकसभा का चुनाव लड़े प्रथमेश मिश्रा को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। अशोक निगम को भी जिला प्रभारी बनाया गया है। साथ ही अश्विनी राणा को बसपा का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बसपा हाईकमान द्वारा रविवार को बदलाव की सूची जारी की गई है।

घर से लाखों की चोरी

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार: शहर के दहिलामऊ में चोरों ने बंद घर से तीन लाख नगद समेत लाखों के आभूषण उड़ा ले गए। सुबह पड़ोसियों ने पीड़ित को फोन से जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल से घर पहुंचे पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

नगर कोतवाली के शहर के सदर मोड़ निवासी कुंवर बहादुर सिंह मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं और परिजन भी उनके साथ थे। घर में ताला बंद था। उनके घर में रात में चोरी हो गई। सुबह दरवाजा खुला हुआ देख लोगों में कुंवर बहादुर सिंह के परिजनों को सूचना दिया। पीड़ित परिवार पहुंचा तो देखा कि घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने आलमारी और बॉक्स तोड़कर तीन लाख रूपये नकद समेत 25 लाख रुपये से अधिक की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीओ सिटी शिव नारायण बैश ने बताया कि बदमाशो की खोजबीन की जा रही है। घटना सीसीटीवी में कैद है।

बाइक सवार महिला की गिरकर मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पुरवा औसान सिंह गांव में बाइक सवार युवक भैंस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर बाइक सवार युवक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ग्रामीणों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये, जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला को ट्रामा सेंटर के लिए लेकर जाते समय महिला की मौत हो गई। परिजनों ने शव को थाने पर लाकर सूचना दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हलिया थाना क्षेत्र के महुगढ गांव निवासी ओमप्रकाश मौर्य (25) अपनी माता पंचराजी देवी (62) को बाइक पर बैठाकर हलिया बाजार आ रहा था। हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पुरवा औसान सिंह गांव में पहुंचने पर अचानक भैंस आ गई। जिसको बचाने के चक्कर में अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये, जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। उपचार के लिए लेकर जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गई। मौत सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महुगढ विजेंद्र पांडेय ने महिला के परिजनों के साथ शव को थाने पर लाकर घटना की सूचना दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक सवार अचानक भैंस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए लेकर जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

भारत जल्द ही होगा हिंदू राष्ट्र

संवाददाता, झूंसी

अमृत विचार: गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की बात एक बार फिर से कही है।

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती।

रविवार को शिवगंगा आश्रम झूंसी में आयोजित हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में पुरी शंकराचार्य ने भक्तों से कहा कि आजादी से पहले देश को अंग्रेजों से मुक्त कराना भले ही उस समय असंभव लग रहा होगा लेकिन देश के कर्णधारों ने इस कार्य को संभव कर दिखाया। उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने को लेकर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वह यही चाहता है कि नेपाल हमारे इशारे पर चले। अशांति होने पर सुख-समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती। इस मौके पर प्रफुल्य ब्रह्मचारी, ऋषिकेश ब्रह्मचारी, राम कैलाश पांडेय, विवेक मिश्र, दीपक शुक्ला, राजीव मिश्र राणा, मनोज त्रिपाठी, सुरेंद्र पांडेय, बीपी सिंह, आदेश भूषण, आयुष सिंह, सत्यम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

सड़क हादसे में सिपाही की मौत

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : भदोही जनपद के औराई थाने में तैनात कुंडा निवासी आरक्षी की सड़क हादसे में मौत हो गई। शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडा के रैयापुर गांव निवासी मनीष यादव (38) भदोही जिले के औराई थाने में मुख्य आरक्षी पद पर सेवारत थे। शनिवार को औराई चौराहे से ई–रिक्शा से ड्यूटी करने जा रहे थे। सामने से आ रही बेकाबू ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए ई–रिक्शा पर चढ़ गई। इससे मौके पर ही मुख्य आरक्षी की मौत हो गई। भदोही जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक ने मनीष के शव को सलामी दी। सलामी के बाद देर रात मनीष का शव घर पहुंचा तो परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के वृद्ध पिता गयादीन सहित परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। रविवार को शव का अंतिम संस्कार श्रृंगवेरपुर प्रयागराज गंगा घाट पर हुआ।

60 हजार नकदी समेत जेवरात उड़ा ले गये चोर

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : नया का पुरवा बेलहा, लालगंज निवासी लालचन्द्र गौड़ शनिवार की रात खाना खाने के बाद परिवार सहित छत पर सोने चले गए। इसी बीच छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने छत के जीने के पास लगे दरवाजे में कुंडी लगा दिया। इसके बाद चोरों ने कमरे के अंदर मौजूद बॉक्स व आलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के 10 लाख के कीमती आभूषण उड़ा ले गये। चोर घर में रखा 60 हजार नकदी भी चोरी कर ले गये। रविवार की सुबह लालचन्द्र तथा उसके भाई गुलाबचन्द्र ने बाक्स व आलमारी के ताले टूटे देखे तो आवाक रह गये। सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। पीड़ित ने घटना को लेकर लालगंज पुलिस को तहरीर दी है।

जौनपुर के ताइक्वाण्डो खिलाड़ी फिरोजाबाद रवाना

संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार : फिरोजाबाद के टूंडला में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप खेलने के लिए जौनपुर की टीम रवाना हो गयी। प्रशिक्षक अंतरराष्ट्रीय खिलाडी संजीव साहू व मैनेजर शुभम गुप्ता के नेतृत्व में जौनपुर के खिलाड़ी अलग–अलग वेट कैटेगरी में खेलने के लिए रवाना हुये। सीनियर वेट कैटेगरी में शिवानी पांडेय, अश्विन पांडेय एवं जूनियर वेट कैटेगरी में यशवर्धन कनौजिया, यथार्थ अग्रहरि, खुशी सोनी एवं सब जूनियर कडेट में अध्या सिंह, गणेश कनौजिया, अनोखी कनौजिया, गगन कनोजिया, अंजली सोनी हैं। बता दें कि यह आयोजन 9 व 10 जून को टूंडला में होगा। अंतरराष्ट्रीय खिलाडी संजीव साहू ने बताया कि नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए जनपद में ही खिलाड़ियों का अपने वेट कैटेगरी में चयन किया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह खिलाड़ी उक्त टूर्नामेंट में जनपद के लिए मेडल जीत करके वापस लौटेंगे।

संस्थापक की पुण्यतिथि पर किया गया पौधरोपण

संवाददाता, जफराबाद, जौनपुर। अमृत विचार : स्थानीय क्षेत्र के कजगांव देव चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल के संस्थापक व सपा के वरिष्ठ नेता बासदेव यादव की प्रथम पुण्यतिथि रविवार को पौधरोपण करके मनाई गई। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर रानीगंज में मना जश्न

कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता।

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष की अगुवाई में आतिशबाजी की गई।नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता ने नरेंद्र मोदी को देश का सशक्त नेता बताया। कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत,अशोक सरोज विद्या सागर, विक्रम सिंह, अविनाश मिश्र, ननकऊ सरोज, लव कुश, गयास अहमद, सुनील, माताफेर मिश्र, दीपक पाण्डेय, अरविंद मिश्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीएम से मिलेंगे सिटी बस के निकाले गए 500 संविदाकर्मी

संवाददाता, झूंसी, अमृत विचार : प्रयागराज सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के कर्मचारियों की बैठक रविवार को झूंसी रोडवेज वर्कशाप पर आयोजित की गई। बैठक में संविदा चालक व परिचालक शामिल हुए। संचालन कोषाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव ने किया। बैठक में शाखा उपाध्यक्ष विकास मिश्र ने कहा कि फरवरी 2023 में अचानक प्रयागराज महानगर बस सेवा से बिना किसी योजना के 500 संविदाकर्मियों को एक झटके में निकाल दिया गया। निकाले गए संविदाकर्मियों ने सात माह तक आंदोलन और भूख हड़ताल की। इसके बावजूद उन्हें दोबारा भर्ती नहीं किया गया। आठ बार जनता दरबार लखनऊ में सीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। संविदाकर्मियों का कहना है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से परिवहन विभाग में परिचालक एवं चालकों की खाली पदों पर समायोजित किया जाए। अन्यथा जल्दी ही निकाले गए संविदाकर्मियों के नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल लखनऊ जनता दरबार में जाएगा और अपनी मांगों को फिर से सीएम के सामने रखेगा। निकाले गए संविदाकर्मी पिछले 17 महीने से अपने बच्चों की स्कूल की फीस नहीं जमा कर पा रहे हैं। इसकी वजह से उनके नाम ही काट दिए गए हैं। इस मौके पर दयाशंकर यादव, अजय प्रताप, मिथलेश पाल, हरिशंकर यादव ,अनिल पाल ,राम शिरोमणि आदि मौजूद रहे।

बहुतायत निषाद वोट इंडिया गठबंधन को मिला: इन्द्रजीत

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : जिले के विकासशील इंसान पार्टी के जिलाध्यक्ष इंद्रजीत निषाद की सक्रियता रंग लायी, जहां निषाद पार्टी के खिसकते जनाधार व आरक्षण मुद्दे का लाभ उठाते हुए निषाद समाज का वोट इंडिया गठबंधन को ट्रांसफर करने में सफल रहे। वहीं, काफी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरक्षण का वादाखिलाफी करते हुए विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी लगातार मंच से बोलते रहे, जिसका परिणाम रहा कि जौनपुर ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 2014, 2017, 2019, 2022 में जीत में सक्रिय भूमिका निभाने वाला निषाद समाज नाराजगी की वजह से वोट इंडिया गठबंधन के पाले में पहुंच गया। जिलाध्यक्ष इंद्रजीत निषाद ने बताया कि अपने बूथ संख्या 179 केराकत विधानसभा, बरैछावीर बूथ से सपा की प्रिया सरोज को 377, भाजपा को 165 वोट, कृपाशंकर सरोज 251 वोट प्राप्त हुआ था, जो अपना बूथ जीताने में सफल रहे। साथ ही निषाद ने कहा कि हमारा समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के मामले में अभी भी पिछड़ा हुआ है, जिसे आरक्षण की सख्त जरूरत है। अगर समाज को समय रहते आरक्षण नहीं दिया जाता है तो यही निषाद समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी को फिर से वनवास करने में मजबूत भूमिका निभाएगा।

गम और गुस्से के बीच मौलाना को किया सुपुर्द–ए–खाक

- सोनपुर में रहा खाकी का पहरा, डीएम-एसपी भी रहे मौजूद
- जनाजे में जुटे राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी, विधायक डा.आरके वर्मा समेत हजारों लोग

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार: जमीयत उलमा के जिला महासचिव मौलाना मोहम्मद फारूक के शव को रविवार को गम और गुस्से के बीच सुपर्द ए खाक कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। मौलाना के शव को सुपुर्द ए खाक के बाद डीएम और एसपी सहित अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मौलाना फारूख के जनाजे में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी,विधायक रानीगंज आरके वर्मा समेत हजारों लोग शामिल हुए।

बता दें कि जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर निवासी 65 वर्षीय मौलाना मोहम्मद फारूक कादीपुर में मदरसे का संचालन करते थे। बेटे मौलाना

मौलाना फारूक के जनाजे में उमड़ी भीड़।

असद के अनुसार शनिवार की सुबह मौलाना फारूक गांव के ही चंद्रमणि के बुलावे पर जमीन के रुपये के लेनदेन के सिलसिले में स्कूटी लेकर घर से निकले थे। चंद्रमणि के घर उनके पिता की कुल्हाड़ी, फावड़ा, रंभा से प्रहार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पर वे लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। हत्या की खबर मिलते ही आसपास के लोग पहुंच गए। खून से सना शव देखकर भीड़ आक्रोशित हो उठी। पुलिस फोर्स के साथ सीओ सदर अमरनाथ राय, सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी व एएसपी पश्चिमी संजय राय पहुंचे तो एएसपी से लोगों की झड़प हुई। लोगों ने कहा कि जब तक आरोपियों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलता, गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक शव नहीं उठने देंगे।तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए प्रतापगढ़ के अलावा प्रयागराज, कौशाम्बी और फतेहपुर से जिले से भी पुलिस फोर्स बुला ली गई थी। जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के समझाने बुझाने और मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। रविवार को छावनी बन चुके सोनपुर गांव में मौलाना को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर करीब 12:15 बजे शांति पूर्वक सुपुर्द-ए- खाक कर दिया गया। इस दौरान गम और गुस्से का मिला-जुला माहौल रहा। बीच में आक्रोशित हो रहे लोगों को पुलिस और प्रशासन के अधिकारी शांत कराते रहे। हजारों की भीड़ जुटने को लेकर पुलिस सतर्क रही। डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल,एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह,एएसपी संजय राय,कई क्षेत्राधिकारी,दर्जन भर से अधिक थानों की पुलिस के अलावा पीएसी के जवानों ने पूरे माहौल पर नजर बनाए रखी।मौलाना के शव को सुपुर्द ए खाक के बाद डीएम और एसपी सहित अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी।

सुरक्षा में मौजूद अधिकारी और पुलिस फोर्स। अमृत विचार

एक व्यक्ति गलती करे तो पूरे धर्म के लोग मुजरिम नहीं बनते

जमीयत उलमा उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी मौलाना अब्दुल हादी ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की। सभी मदरसे के उलमा को मौलाना फारूक के जनाजे में अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा की किसी धर्म का एक व्यक्ति गलती करे तो पूरे धर्म के लोग मुजरिम नहीं बनते। मौलाना ने डीएम और कप्तान से दरखास्त किया कि वह दिवंगत मौलाना की पत्नी की आर्थिक मदद कराए।

इमरान प्रतापगढ़ी ने आर्थिक मदद की कही बात

राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी रविवार को मृतक मौलाना मो .फारूक के परिजनों से मिले। उन्होंने घटना पर अफसोस और दु :ख व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। कहा प्रशासन हरसम्भव मदद करेगा। उन्होंने मौलाना के परिजनों को पांच लाख रूपये की आर्थिक मदद देने की बात कही। जनाजे में रानीगंज विधायक डा .आरके वर्मा, प्रयागराज के मौलाना कमरूज्जमा, सुल्तानपुर के मौलाना मोहम्मद गनी, जिला पंचायत सदस्य मो . एजाज अहमद, सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी समेत विभिन्न जिलों के मौलाना और राजनीतिक दलों के लोग भी मौके पर पहुंचे।

> परिजनों द्वारा आर्थिक सहायता,सरकारी नौकरी,शस्त्र लाइसेंस सहित मांगों का पत्र मिला था। मांग पत्र को शासन को भेज दिया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस फोर्स तैनात है। मांग पत्र पर स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –संजीव रंजन, जिलाधिकारी प्रतापगढ़

मुख्य आरोपी की पत्नी समेत दो गिरफ्तार

जेठवारा के सोनपुर में मौलाना फारूक की हत्या के बाद उनके बेटे मो . असद की तहरीर पर गांव के चन्द्रमणि तिवारी पुत्र शिव लखन तिवारी, चन्द्रमणि की पत्नी सीमा तिवारी, बेटे सागर तिवारी, वैभव तिवारी एवं देवी प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने सीमा तिवारी व देवी प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

स्कार्पियो ने कांस्टेबल व पत्नी को रौंदा, मौत

डिवाइडर तोड़कर दूसरी पटरी पर आए बेकाबू वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, साइकिल सवार भी घायल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के हेड कांस्टेबल (मेजर) अपनी पत्नी को लेकर शहर दैनिक खरीदारी करने आ रहे थे कि लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर रविवार को कोतवाली नगर के अमहट के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। हाइवे का डिवाइडर तोड़ते हुए बेकाबू स्कार्पियो ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी, जिसमें दंपति की मौत हो गई। हादसे में साइकिल सवार भी घायल हुआ है, जिसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पीटीएस एसपी बृजेश मिश्रा ने घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है।

कोतवाली नगर के अमहट से एक एक्सयूवी गाड़ी लखनऊ-बलिया मार्ग से तेज रफ्तार से निकली। स्थानीय लोगों की मानें तो एक्सयूवी की स्पीड इतनी तेज थी कि अमहट स्थित पेट्रोल पंप के पास वह डिवाइडर तोड़कर दूसरी ओर आ गई। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति व एक साइकिल सवार को उसने रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर गए और सिर फट जाने के कारण दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि साइकिल सवार बुरी तरह घायल हुआ।

स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान कृष्ण प्रसाद यादव निवासी लौहर पश्चिम धम्मौर के रूप में हुई।

वहीं, मृतक दंपति की पहचान नहीं होने पर शवों को मर्च्युरी में रखवाया गया। घंटों बाद सुगबुगाहट हुई कि मृतक अमहट स्थित पीटीएस का कर्मी है। तब पीटीएस से आए सिपाहियों ने मृतक की पहचान रामकेवल (45) पुत्र लालू सेन निवासी पीएसी कालोनी रायबरेली व रीता (38) पत्नी रामकेवल के रूप में की। मृतक रामकेवल पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में हेड कांस्टेबल (मेजर) पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो जिस एसयूवी गाड़ी से दुर्घटना हुई है, वह चर्चित ढाबे के मालिक की है। हालांकि गाड़ी पुलिस के कब्जे में है।

हेड कांस्टेबल रामकेवल।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

मृतक कांस्टेबल के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देते पुलिस अधीक्षक ट्रेनिंग ब्रजेश कुमार मिश्र। अमृत विचार

परिवार की हर संभव मदद की जाएगी : एसपी

घटना पर दुख व्यक्त करते हुए एसपी ट्रेनिंग ब्रजेश कुमार मिश्र ने कि उनकी पूरी संवेदना पीड़ित परिवार के प्रति है। उचित कार्रवाई के लिए एसपी को कहा गया है। मृतक कांस्टेबल के समस्त देयकों का भुगतान परिवार को कराया जाएगा।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टैंकर से टकराई पिकअप, क्लीनर की मौत

गंभीर रूप से घायल चालक का चल रहा इलाज

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार : जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सब्जी से भरी पिकअप पानी के टैंकर से टकरा गई। चालक व परिचालक दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल भेजा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में क्लीनर ने दम तोड़ दिया। वहीं चालक का इलाज चल रहा है।

बदायूं जिले के विनावर थाना क्षेत्र मुझियाना निवासी शैलेश सिंह, इसी गांव के क्लीनर अमित सिंह के साथ लखनऊ से सब्जी लादकर आजमगढ़ जा रहा था। जैसे ही वह लोग रविवार की सुबह पूर्वांचल एक्स्प्रेस वे बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली बाजार चौकी के पूरे शंकर उपाध्याय (बिछौरा) के 102.700 माइल स्टोन पर पहुंचे तभी उनकी पिकअप एक्सप्रेसवे पर किनारे खड़ी पानी के टैंकर से टकरा गई।

सूचना पर पहुंचे यूपीडा के अधिकारियों ने घायल चालक व क्लीनर को एंबुलेस से कुमारगंज अस्पताल भेजा। रास्ते में ही क्लीनर अमित सिंह ने दम तोड़ दिया। वहीं चालक शैलेन्द्र का इलाज चल रहा है। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाकर यातायात बहाल करवाया। स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी। बल्दीराय थाना प्रभारी आरबी सुमन ने बताया कि क्लीनर के शव को कब्जे में लेते हुए उसके परिजनों को सूचित किया गया है। वहीं चालक का इलाज चल रहा है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर किनारे खड़ा दुर्घटनाग्रस्त टैंकर। अमृत विचार

बीएड प्रवेश परीक्षा से 408 अभ्यर्थियों ने किया किनारा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : रविवार को जिले के आठ केंद्रों पर दो शिफ्ट में यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस वर्ष परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी की ओर से किया गया। दो शिफ्ट में हुई परीक्षा में कुल 408 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। किसी भी केंद्र पर नकलची नहीं पकड़े गए।

उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए शहर के केएनआई में चार केंद्र बनाए गए थे। इसके अलावा गनपत सहाय महाविद्यालय, राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज, केशकुमारी राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज सुलतानपुर को केंद्र बनाया गया था। नोडल बनाए गए केएनआईपीएसएस के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों को मिलाकर कुल 3817 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 3412 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। 405 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में तीन अभ्यर्थियों ने और परीक्षा छोड़ दी। इस हिसाब अनुपस्थिति 408 पहुंच गई। जबकि, दूसरी पाली में 3409 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। गनपत सहाय में प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा, पर्यवेक्षक बनाए गए राणा प्रताप महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. संतोष कुमार सिंह अंश, एसडीएम के निरीक्षण किया। अन्य केंद्रों पर भी आंतरिक सचल दल के साथ वाह्य सचल दल के निरीक्षण में नकलची नहीं मिले। अभ्यर्थियों ने बताया कि इस वर्ष प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र का स्तर न ही कठिन और न ही सरल होकर मध्यम स्तर का रहा है।

राणा प्रताप कॉलेज ने पिलाया शीतल जल : उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में राणा प्रताप पीजी कॉलेज की तरफ से केशकुमारी राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज, महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट के परीक्षा केंद्र पर गुड़ और शीतल जल की व्यवस्था परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों के लिए की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष संजय सिंह, प्रबंधक बालचंद्र सिंह, दिलीप सिंह, समर बहादुर सिंह, विनय सिंह, रामलाल मिश्रा, रोहित कुमार, सुमित कुमार, अभिषेक सिंह, विष्णु पाल, ऋषिराम, परमेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

गनपत सहाय महाविद्यालय में परीक्षा का निरीक्षण करता सचल दल। अमृत विचार

जिले के आठ केंद्रों पर हुई परीक्षा में शामिल हुए 3,409 अभ्यर्थी

ऑनलाइन रकम लेना पड़ा महंगा खाता फ्रीज

सुलतानपुर, अमृत विचार : अपने बेचे हुए सामान का पैसा ऑनलाइन खाते में लेना दुकानदार को महंगा पड़ गया है। बैंक ने दुकानदार के खाते को फ्रीज कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने साइबर थाने में केस दर्ज करवाया है।

जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के चौकिया निवासी अनुज वर्मा की लंभुआ के दियरा रोड पर इनवर्टर बैट्री की दुकान है। भिटौरा शिवगढ़ निवासी प्रदीप गुप्ता को 35,500 इनवर्टर बैट्री बेचा था। प्रदीप ने किसी से 34,000 ऑनलाइन खाते में भेजवा 1,500 नगद दिया था। दुकानदार सामान खरीदने के लिए नेट बैंकिंग कर रहा था तो पैसा नहीं गया। बैंक जाकर पता किया तो बैंक मैनेजर ने कहा कि आप ने कोई ऑनलाइन भुगतान खाते में लिया है। जिसके चलते ऊपर से आपका खाता फ्रीज कर दिया गया है।

टायर फटने से लदा मिनी ट्रक पलटा, तीन घायल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : बाराबंकी से खरबूजे लादकर गाजीपुर जा रही मिनी ट्रक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टायर फटने से पलट गई। ट्रक पलटने से चालक तो बच गया, लेकिन ट्रक में बैठे तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को अस्पताल भेज ट्रक को किनारे करवा यातायात बहाल करवा दिया है।

बाराबंकी से खरबूजे लादकर मिनी ट्रक तीन लोगों के साथ पूर्वांचल एक्सप्रे-वे के रास्ते गाजीपुर जा रही थी। रविवार की भोर जैसे ही वह लोग अखंडनगर थाना क्षेत्र के 183.3 माइल स्टोन पर पहुंचे तभी ट्रक का टायर फट गया। टायर फटने अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गई, चालक तो बच गया ट्रक में बैठे तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सहायक सुरक्षा अधिकारी प्रभु नाथ यादव ने घायलों को एंबुलेंस में पवई अस्पताल भेजा। घायलों की पहचान गाजीपुर जिले के अहिया पुरवा, जंगीपुर निवासी संजय यादव, राजाईपुर निवासी उमाशंकर यादव, शिवपुर निवासी रविंद्र कुशवाहा के रूप में हुई है। घायलों का पवई के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मिनी ट्रक पलटने से बिखरे खरबूजे। अमृत विचार

वर्ग पहेली-96

बाएं से दाएं

1.1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर
5. साबूदाना।
6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।
7.1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम, खखार।
8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।
9.1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।

ऊपर से नीचे

2.1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।
3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यवस्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।
4.1. खेदजनक 2. दुखद।
6.1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।



वर्ग पहेली -95 का हल

1 कैं	स	ल	■	2 वि	के	ट
■	■	■	■	भा	■	■
■	3 वि	■	4 दे	व	की	य
5 वि	चा	र	वा	न	■	■
■	र	■	गा	■	6 भ	■
■	शी	■	7 र	स	वा	न
8 खि	ल	त	■	■	नी	■

व्यापार मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

कादीपुर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कादीपुर की नगर इकाई की बैठक नगर अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल की अध्यक्षता में संगठन कार्यालय पर हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल ने कहा कि पूरे तहसील में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रत्येक बाजारों में अपने संगठन को और मजबूत बनाएगा।

नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू

सेवा भारती ने सिलाई मशीन भेंट कर की शुरुआत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सेवा भारती जिले में अपने सेवा कार्यों को लगातार विस्तार कर रहा है। निर्धन बच्चों को पढ़ाने के साथ अब जरूरत मंद महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की है।

सेवा भारती के जिला महामंत्री डॉ सुनील त्रिपाठी ने बताया कि सिलाई प्रशिक्षण केंद्र दरियापुर के अंबेडकर पार्क में चलाया जाएगा। केंद्र की शुरुआत जिला संघ चालक डॉ अवधेश त्रिपाठी एवं नगर संघ चालक अमरपाल ने शिक्षिका उषा को सिलाई मशीन भेंट कर किया। जिला संघ चालक डॉ अवधेश त्रिपाठी ने कहा कि सेवा भारती द्वारा नगर में शिक्षा स्वास्थ्य और स्वावलंबन की ऐसे कई केंद्र चल रहे हैं। जिसका लाभ जरूरतमंद लोग ले रहे है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र रोजगार का एक नया आयाम प्रस्तुत करेगा। सभी बहनें मन लगाकर प्रशिक्षण लें। उनको प्रशिक्षण के पश्चात सेवा भारती द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

विभाग सेवा प्रमुख दयाराम ने बताया की काशी में स्वावलंबन के क्रम में सेवा भारती द्वारा एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया है। नगर प्रमुख विनय ने बताया कि यह केंद्र प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक चलेगा।

महिला को सिलाई मशीन भेंट करते जिला संघ चालक डॉ. अवधेश त्रिपाठी एवं नगर संघ चालक अमरपाल। अमृत

सुडोकू-9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2		7		1			
	8			6				
6	1			9	5	3	4	
	4		9				2	1
8								7
5	3				6		9	
	6	9	8	2			1	5
				4			6	
			6		3		8	

सुडोकू - 8 का हल

8	4	3	7	6	2	9	1	5
7	6	1	9	8	5	2	3	4
5	9	2	3	4	1	7	6	8
1	5	6	8	2	7	4	9	3
3	2	7	5	9	4	6	8	1
4	8	9	6	1	3	5	7	2
2	7	4	1	3	6	8	5	9
6	3	8	2	5	9	1	4	7
9	1	5	4	7	8	3	2	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 21.40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज आप नया कुछ सीखने का प्रयास कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ कुण्ठित हो सकते हैं। परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। जिस काम में आपको जोखिम की संभावना दिख रही है, फिलहाल उसे टालना हितकर होगा।

वृष — आज आप अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। आप सबकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

मिथुन — आज आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अधिकारियों के साथ तनाव हो सकता है। घर के बुजुर्ग जातकों की सेहत का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। अपनी वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक दौड़-धूप में अपना समय बर्बाद न करें।

कर्क — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। लोग आपसे काफी कुछ सीखना चाहेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपका समय बीतेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। यदि आप नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो दिन आपके लिए अनुकूल है।

सिंह — आज व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आज आपको किसी भी बड़ी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मशीनों के रखरखाव में सावधानी रखें। विदेश यात्रा में परेशानियां संभव है। आपको अपनी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं। आज कई अटके हुए कार्यों को शुरू करेंगे। शत्रुओं के ऊपर आपका दबाव बढ़ेगा। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अधीनस्थ कर्मचारी आपके लिए काफी अच्छा कार्य करेंगे।

तुला — आज आप नए कारोबार की तरफ बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिल सकती है। बुरे लोगों की संगत से आपको बाहर निकल जाना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। लोगों की मदद करने से आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज कई लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। व्यावसायिक संबंधों को लेकर आपके मन में शंका का भाव रहेगा। आज किसी से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा न करें। आज आपको स्वत: की आगे बढ़ना होगा। पारिवारिक जीवन शान्तिपूर्वक बीतेगा।

धनु — आज आपको अपनी सेहत का काफी ध्यान रखना होगा। पेट से जुड़े विकार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी अध्यात्मिक संस्था से आपका जुड़ाव हो सकता है।

मकर — आज आपके सहयोगी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा होगी। राजनीतिक चर्चाओं में आप समय बिता सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपका मन काम के बजाय अन्य गतिविधियों में ज्यादा होगा।

कुंभ — आज दिनचर्या को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आपकी इच्छानुसार काम न होने से मन कुछ अप्रसन्न होगा, किन्तु आपके मौके कम नहीं हुए हैं। यात्रा आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगी। यदि आप किसी जॉब में हैं, तो उसमें बदलाव को लेकर भी कुछ विचार बना सकते हैं।

मीन — आज आपके मन में तनाव रहेगा। भविष्य को लेकर चिंता रहेगी। कानूनी मामलों को लेकर कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। इस समय अपना मन शांत रखें और नए विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप अपनी व्यवहारकुशलता से लोगों को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लश्कर — सुबह : 08.09
- एक और एक ग्यारह — शाम : 06.18
- द कराटे किड — सुबह : 10.58
- जनहित में जारी — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
- स्पाइडर-मैन : फार फ्रॉम होम — सुबह : 10.32
- द रेड 2 — शाम : 06.36

ZEE CINEMA
- हैलो चार्ली — सुबह : 09.35
- ज़माने को दिखाना है — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- जीने नहीं दूंगा — सुबह : 11.30
- भगवंत केसरी — रात : 07.50

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 09.35 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं।
पंडित बेहोश!

नीट परीक्षा ने परिवारों को तोड़ दिया: राहुल

कांग्रेस नेता बोले- परीक्षा में हुई धांधली 24 लाख से अधिक छात्रों को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट परीक्षा विवाद

- शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे पेपर लीक उद्योग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

गांधी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक बच्चों को प्रभावित किया और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

छात्रों से कहा- मैं संसद में बनूंगा आपकी आवाज

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं से 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट-यूजी में अंक बढ़ाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतर अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को नकार रही है।

ट्रेन में युवती का दो हिस्सों में मिला शव हाथ और पैर गायब

इंदौर (मध्यप्रदेश)। शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात युवती का दो हिस्सों में कटा शव रविवार को बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी की सूचना पर डॉ. आम्बेडकर नगर-इंदौर यात्री ट्रेन से युवती का शव बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। युवती के सिर से कमर तक का हिस्सा ट्रेन में छोड़े गए ट्रॉली बैग में मिला, जबकि उसकी कमर से नीचे का भाग प्लास्टिक की बोरी में बंद था। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर गायब हैं। युवती की हत्या किसी और स्थान पर एक-दो दिन पहले की गई और इसके बाद उसके शव को काट कर इसके हिस्सों को शनिवार रात यात्री ट्रेन में रख दिया गया।

भाजपा को वोट नहीं देने पर बीड में मराठा समुदाय के लोगों पर हमला

जालना, एजेंसी

- जरांगे ने फडणवीस से कार्रवाई का किया आग्रह

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा की उम्मीदवार को वोट न देने पर मराठा समुदाय के लोगों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का रविवार को आग्रह किया।

अंतरवाली सारथी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन पत्रकारों से वार्ता करते हुए जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। पंकजा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनावने से हार गई थीं। जरांगे ने गृह मंत्री और बीड के पुलिस अधीक्षक से हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मराठा युवाओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

जरांगे मराठा समुदाय के लोगों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर शनिवार से अनशन कर रहे हैं। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें।

शेयर बाजार आई गिरावट पर रिपोर्ट को कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने को 3 जनवरी को दिए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और सेबी को समिति के सुझावों पर विचार करना तथा नियामक ढांचे को मजबूत, निवेशकों की सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार का कामकाज सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

एक नजर

महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में 6 गिरफ्तार

लातूर (महाराष्ट्र), नौ जून (भाषा) महाराष्ट्र के लातूर जिले में 30-वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विट्ठल नगर की रहने वाली अनीता बालाजी लश्करे ने छह जून को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार परेशान करते और धमकी देते थे।

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। लैलूंगा थाना क्षेत्र के घरघोड़ा रोड पर 3 लोग बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरघोड़ा की तरफ जा रहे थे तभी गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मोटर साइकिल के तेज गति में होने के कारण हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है वही एक अन्य घायल तीसरे युवक की हॉस्पिटल में मौत होने की जानकारी मिल रही है।

किसानों ने महिला कांस्टेबल के समर्थन में निकाला मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

कंगना थप्पड़ विवाद

- किसानों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ बयान पर रनौत की आलोचना की

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सहित कई किसान संगठनों ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल के समर्थन में मोहाली में मार्च निकाला, जिसने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

किसान नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मोहाली के गुरुद्वारा अम्ब साहिब से शुरू हुए मार्च के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था। महिला कांस्टेबल के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। किसान नेताओं ने पंजाब के लोगों के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के लिए रनौत की आलोचना की। कौर किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रनौत के रुख से नाराज थीं। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। मोहाली पुलिस ने कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही जमानती अपराध हैं।

कंगना ने गुरुवार को वीडियो संदेश में कहा था कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई थी। कंगना ने कहा था, कांस्टेबल बगल से उनकी ओर आई तथा उसने मेरे चेहरे पर (थप्पड़) मारा और मुझे गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो उसने कहा कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करती है।

कंगना ने किया हिमाचल पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा का अनुरोध

शिमला। अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उन्हें कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। सीआईएसएफ की कांस्टेबल ने शुक्रवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। महानिदेशक ने सांसद को बताया कि खतरे का आकलन करने के बाद राज्य कानून-व्यवस्था इकाई द्वारा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

बीजद की हार के बाद पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास

भुवनेश्वर। पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आने के ठीक छह महीने और 13 दिन बाद संन्यास लेने की रविवार को घोषणा की और कहा कि वह ओडिशा को अपने दिल में तथा गुरु नवीन बाबू को अपनी सांसों में रखेंगे। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद नवीन पटनायक की सहायता करना था और यही कारण है कि उन्होंने 2024 का चुनाव नहीं लड़ा।

- पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आए छह महीने और 13 दिन के बाद की घोषणा

पांडियन ने चुनावों में हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने की स्थिति में लोगों, बीजू जनता दल (बीजद) नेताओं व कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा एकमात्र मकसद नवीन बाबू की सहायता करना था। अब मैंने सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। यदि इस सफर में मैंने किसी को कोई ठेस पहुंचाई हो, तो मुझे माफ कर दें। यदि मेरे खिलाफ विमर्श ने बीजद की हार में कोई भूमिका निभाई है, तो मुझे खेद है। चुनाव प्रचार के दौरान पांडियन ने कहा था कि अगर पार्टी अध्यक्ष पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। पांडियन ने झाड़सुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में रैली में घोषणा की थी, भाजपा कहती हैं कि ओडिशा में भाजपा की लहर है और परिवर्तन की लहर है, लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं कि अगर पटनायक एक बार फिर मुख्यमंत्री नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने पांडियन के खिलाफ जारी आलोचना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और शानदार काम करने के लिए उनकी सराहना की। पटनायक ने स्पष्ट किया था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।

मणिपुर के जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर हिंसा

- उग्रवादियों के दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने के बाद से था तनाव

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं। मणिपुर पुलिस ने कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई। इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है, जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं। पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार/असत्यापित सूचना फैलाने से बचे। जातीय संघर्ष से ग्रसित मणिपुर राज्य के जिरीबाम में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद बृहस्पतिवार शाम को हिंसा भड़क उठी थी। अधिकारी ने बताया था कि सोइबम सरतकुमार सिंह नाम का व्यक्ति छह जून को अपने खेत जाने के बाद लापता हो गया था। बाद में उसका शव मिला, जिस पर नुकीली चीज से किए गए घाव के निशान थे।

ट्रक में जा रही वस्तुओं में गुस्साई भीड़ ने लगा दी थी आग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच शनिवार देर रात सोरोक अटिंगबी खुनौ में गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक को रोका और उसमें ले जाई जा रही आवश्यक वस्तुओं को कथित तौर पर आग लगा दी। मणिपुर में पिछले साल से मई से जारी हिंसा से अब तक जिरीबाम अप्रभावित रहा है। यहां भी मेइती, मुस्लिम, नगा, कुकी और गैर-मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल के मेइती और पहाड़ी इलाकों के कुकी लोगों में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक की मौत हो गई है और हजारों बेघर हो गए हैं।

रामोजी राव का हैदराबाद की फिल्म सिटी में किया गया अंतिम संस्कार

हैदराबाद। मीडिया जगत की हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी। रामोजी राव का शनिवार की सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। रामोजी राव के अंतिम संस्कार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेता शामिल हुए। रामोजी राव ने समाचार पत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल की शुरुआत करके आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था।

जल संकट को लेकर उपराज्यपाल सक्सेना आतिशी से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना सोमवार को जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे और हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुनक नहर राष्ट्रीय राजधानी के पेयजल के प्राथमिक स्रोतों में से एक है। आतिशी ने इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक के लिए सक्सेना से समय मांगा था। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा था कि दिल्ली को नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है।

कारोबार/कृषि

अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

पिछले सप्ताह हुए चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में दिखा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

8 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 3.28 लाख करोड़

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3 .28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में सेंसेक्स 2,732 .05 अंक या 3 .69 प्रतिशत उछल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने कुल 3,28,116 .58 करोड़ रुपये जोड़े। एसबीआई और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई।

एफपीआई ने जून में इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया।

चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था। जनवरी में 25,743 करोड़ निकाले थे। निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी।

एनसीएलटी ने हिमालयन मिनरल वाटर पर दिवाला कार्रवाई की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने सीआईआरपी के लिए नियुक्त किया आईआरपी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है। दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक/वित्तीय ऋणदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है।

जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।

भारत के पीसी बाजार में आसुस को दिख रहे बड़े अवसर

ताइपे। भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया कि भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 प्रतिशत है। करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं।

बजट में स्टार्टअप के लिए वाणिज्य मंत्रालय मांग सकता है ज्यादा राशि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में पेश कर सकती है बजट

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है।

अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ की राशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है। इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी।

ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतर्राष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया।

डोसा, इडली बनाने के मिश्रण पर देना होगा 18% जीएसटी : जीएएआर

नई दिल्ली, एजेंसी

- पाउडर के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है

इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है।

गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जीएसटी नियमों के तहत नहीं है, जैसे सत्तू के मामले में। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5% जीएसटी है। जीएएएआर ने कहा कि उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

चार वर्षों में यात्री वाहनों का निर्यात 2 .68 लाख इकाई बढ़ा

नई दिल्ली, एजेसी

- निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत
- यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 2022-23 में 6,62,703 इकाई हुआ।

पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 1,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में यात्रा वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको भी शामिल हैं। हुंदै ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,63,155 इकाई और 2022-23 में 1,53,019 इकाई निर्यात की।

खेल डायरी

अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकीं

गैलोवे (अमेरिका), एजेंसी। भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई। बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी। उन्होंने 16वें और 18वें होल में बर्डी बनाई लेकिन यह कट में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अदिति का दो दिन का स्कोर दो अंडर रहा जबकि कट तीन अंडर पर गया। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 132 है और वह एक शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर काबिज हैं।

शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर

हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन), एजेंसी। भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया, जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए। स्वीडन के सेबेस्टियन सोडरबर्ग ने 6 अंडर 66 का कार्ड खेल कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनका कुल स्कोर 21 अंडर पार पर है और उन्होंने आठ शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

अवनि को एलईटी एक्सेस सीरीज के कट में जगह

मोंटौबन (फ्रांस), एजेंसी। भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत एलईटी एक्सेस सीरीज के मोंटौबन लेडीज ओपन के दूसरे दौर में निराशाजनक 78 का कार्ड खेलने के बाद भी कट में जगह हासिल करने में सफल रही। शुरुआती दौर में 71 के कार्ड के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर रही अवनि ने दूसरे दौर के 15वें होल में ट्रिपल-बोगी और 18वें होल में डबल बोगी करने के साथ ही 17वें होल में भी बोगी कर बैठी। वह दूसरे दौर के बाद कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर खिसक गयी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय में दुर्गा नित्तूर (75-81) कट में जगह बनाने से चूक गई।

चेन्नईयन एफसी ने चीमा चुक्वू से अनुबंध किया

चेन्नई, एजेंसी। चेन्नईयन एफसी ने अपने आक्रमण को मजबूत करने के लिए 2024-25 के फुटबॉल सत्र से पहले नाइजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया है। चीमा भारतीय फुटबॉल का जाना पहचाना नाम है। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर की तरफ से खेल चुका है। उन्होंने 2022 में जमशेदपुर को आईएसएल लीग शील्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चेन्नई की टीम ने चीमा के साथ 2 साल का अनुबंध किया है। इसका मतलब है कि वह क्लब के साथ 2026 तक बने रहेंगे। चेन्नईयन ने इस सत्र में चार खिलाड़ियों से अनुबंध कर लिया है। चीमा ने आईएसएल में अभी तक 60 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 20 गोल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने चार गोल करने में मदद भी की।

होंडा टीम के मोहसिन 17वें स्थान पर

मोतेगी (जापान), एजेंसी। होंडा रेसिंग इंडिया टीम एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप में तीसरे चरण की रेस 2 से कोई अंक हासिल नहीं कर सकी क्योंकि रविवार को यहां केविन समर क्विंटल बाइक इंजन की समस्या के कारण रेस पूरी नहीं कर सके, जबकि मोहसिन परम्बन एपी 250 वर्ग में 17वें स्थान पर रहे। ग्रिड में 18वें स्थान से रेस शुरू करने वाले केविन को इंजन की समस्या के कारण छठे लैप के दौरान रेस से हटना पड़ा। केविन इस रेस से पहले कुछ 10 अंक हासिल कर चुके हैं जबकि टीम के उनके साथी राइडर मोहसिन अपने दो अंक को बढ़ाने में विफल रहे। मोहसिन ने रेस को 17वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया, जो अंक हासिल करने की सूची से बाहर था। केरल के इस राइडर ने सत्र की शुरुआती रेस से दो अंक हासिल किये थे।

अरेवालो और पाविच को फ्रेंच ओपन का खिताब

पेरिस, एजेंसी। अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं। यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था। अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था। अरेवालो ने कहा, मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है।

नागल ने नेकारकप चैलेंजर जीता

हीलब्रॉन (जर्मनी), एजेंसी। भारत के शीर्ष रैंक के एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां स्विट्जरलैंड के अलेक्जेंडर रिट्सचर्ड को हराकर नेकारकप एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता को जीत लिया। नागल ने तीन सेट तक चले मुकाबले को 6-1, 7-6 (7-5), 6-3 से अपने नाम कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को प्रबल कर लिया। वह इस जीत के बाद सोमवार को जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 80 में प्रवेश कर जायेंगे। पेरिस ओलंपिक से जुड़ी आधिकारिक घोषणा सोमवार को हो सकती है। तीसरी वरीयता प्राप्त नागल को पहला सेट जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिट्सचर्ड ने दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा द.अफ्रीका

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था।

दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा। नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी। अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी। रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है। उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे। बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे। बांग्लादेश को अगर दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में अपनी पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जो बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय होगा।

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स। **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। **यात्रा करने वाले रिजर्व :** अफीफ हुसैन, हसन महमूद। **मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।**

पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे भारत पस्त

बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ, नसीम और रऊफ ने तीन-तीन और आमिर ने झटके दो विकेट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

ऋषभ पंत (42) और अक्षर पटेल (20) रनों की पारियों के दम पर भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 120 रनों का लक्ष्य दिया है। बारिश के कारण मैच काफी देर से शुरू हो सका था। खबर लिखे जाने तक पाकिस्तान ने 6 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिए थे।

यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मैच में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में विराट कोहली (4) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (13) भी पवेलियन लौट गये। इसके बाद ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने पारी को संभाला। भारतीय टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी इस दौरान आठवें ओवर में नसीम शाह ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर पाकिस्तान को तीसरी सफलता दिलाई। पटेल ने 18 गेंदों में 20 रन बनाये। 12वें ओवर में हारिस रउफ़ सूर्यकुमार यादव (7) का विकेट चटकाते हुए पाकिस्तान की मैच में वापसी कराई। इसके बाद भारत ने लगातार पांच विकेट गवां दिये। शिवम दुबे (3), हार्दिक पंड्या (7), रवींद्र जाडेजा (शून्य), जसप्रीत बुमराह (शून्य) पर आउट हुये। अर्शदीप सिंह (9) पर रनआउट हुये। मोहम्मद सिराज (7) रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय पारी 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने तीन-तीन विकेट लिये। मोहम्मद आमिर को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी को एक विकेट मिला।

टॉस के बाद पाकिस्तान के कप्तान ने कहा कि मौसम और पिच पर नमी की वजह से हम पहले गेंदबाजी करेंगे। यह परिस्थिति हमें माकूल है, हमारे पास चार तेज गेंदबाज हैं। हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भूतकाल भूतकाल है, हम आज के मैच की ओर देख रहे हैं और हम अपना शत-प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे। भारत बनाम पाकिस्तान हमेशा से बड़ा होता है, हमारा आत्मविश्वास इस मैच के लिए हमेशा बड़ा रहता है। आज के मैच में आजम खान को आराम दिया गया है। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी ही करते। हम परिस्थितियों से तालमेल बैठाएंगे और देखेंगे कि यहां क्या अच्छा स्कोर हो सकता है। पिछले मैचों से हमें यहां की परिस्थिति से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। हमने एक बल्लेबाजी यूनिट के हिसाब से बात की है कि यहां पर क्या अच्छा स्कोर हो सकता है और क्या हम अपनी गेंदबाजी यूनिट को बचाने के लिए रन दे सकते हैं।

गुरप्रीत फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए कप्तान

दोहा, एजेंसी। भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा।

भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है। छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने इस मुकाबले के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी अमेय रानावाडे, लालचुंगनुंगा और सुभाशीष बोस शामिल नहीं है।

वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रनों से हराया

- वेस्टइंडीज के अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट लेकर युगांडा की कमर तोड़ दी
- घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण युगांडा 12 ओवर में 39 रन पर ढेर हो गया
- अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया

प्रॉविडेंस, एजेंसी

अकील हुसैन

जॉनसन चार्ल्स (44) और उसके बाद अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के 18वें मुकाबले में युगांडा को रिकार्ड 134 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अल्पेश रामजनी ने ब्रैंडन किंग (13) को बोल्ड कर युगांडा को पहली सफलता दिलाई। 10वें ओवर में निकोलस पूरन (22) आउट हुये उन्हें मसाबा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कप्तान रोवमन पॉवेल (23), शरफेन रदरफोर्ड (22) रन बनाकर आउट हुये। जॉनसन चार्ल्स ने 42 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये 44 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 17 गेदों में 30 रन और रोमारियो शेफोर्ड (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। युगांडा की ओर से ब्रायन मसाबा ने दो विकेट लिये।अल्पेश रामजनी, कॉसमास क्येवूता और दिनेश नकरानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की टीम को वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 11 रन पर पांच विकेट और अल्ज़ारी जोसेफ छह रन पर दो विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौल्त 12 ओवर में 39 रन पर ढ़ेर कर दिया। युगांड की ओर से जुमा मियाजी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड, आंद्रे रसल और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है।

महिला-पुरुष हॉकी टीम को ब्रिटेन से मिली हार

- क्रमशः 3-2 और 3-2 से हार का सामना करना पड़ा

लंदनए एजेंसी

भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को रविवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में ब्रिटेन के खिलाफ खेले गये अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय महिला टीम और पुरुष टीम को ब्रिटेन के खिलाफ खेले गये मुकाबलों में क्रमशः 3-2 और 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की लेकिन शुरुआती मिनटों में ही ब्रिटेन ने गोलकर बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम की ओर से वॉटसन चार्लोट ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल दागा। इसके बाद ब्रिटेन ने छठे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं सकी। भारत की ओर से गोल करने का प्रयास लगातार जारी रहा और 14वें मिनट में लालरेमसियामी ने भारत के लिए पहला गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में ब्रिटेन की टीम ने जोरदार वापसी की और आक्रामक रुख अपनाते हुए 55वें और 56वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। बाल्सडन ग्रेस ने 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। 58वें मिनट में बाल्सडन ग्रेस ने अपना दूसरा गोल करते हुए स्कोर को 3-2 कर दिया।

ब्रिटेन ने खेल के पहले मिनट में ही गोल करके भारतीय पुरुष टीम पर दबाव बना दिया। खेल के दूसरे क्वार्टर में भारत ने वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। खेल का चौथा और निर्णायक क्वार्टर दोनों टीमों के लिए इस मैच को जीतने के लिए महत्वपूर्ण और आखिरी मौका था। लेकिन यहां ब्रिटेन ने बेहतर खेल का मुज़ाहिरा करते हुए खेल के आखिरी क्वार्टर में एक और गोल करके मैच में जीत लिया।

भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक

स्ट्रासबर्ग, एजेंसी

भारत की अन्नू रानी ने स्टेड डी''हाउतेपिएरे में नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता।

शनिवार को फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एथलेटिक्स सत्र 2024 की अपनी चौथी प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने अपने अंतिम प्रयास में 57.48 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर तीसरे पायदान पर रही। फ्रांस की एलिज़ी मिनार्ड ने 57.77 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हमवतन जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई भाला फेंक चैंपियन का इस सत्र में यूरोप में यह तीसरा मौका था जब अन्नू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

31 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पिछले महीने जर्मनी में ऑफेनबर्ग में हाइलो जेवलिन मीटिंग में 60.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरुआत की थी। उस प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही थीं।

स्कॉट फ्लेमिंग फिर बास्केटबॉल टीम के कोच बने

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) ने रविवार को अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद स्कॉट फ्लेमिंग को फिर से पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्लेमिंग को बीएफआई ने राष्ट्रीय टीम के कोच के अलावा देश में कोचिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। फ्लेमिंग इससे पहले 2012 से 2015 तक भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने एनबीए इंडिया के बास्केटबॉल संचालन के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

पूजा तोमर यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय बनीं

केंटकी, एजेंसी

पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं।

मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं। साइक्लोन के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं।

गॉफ और सिनियाकोवा जीतीं

फ्रेंच ओपन

पेरिस, एजेंसी

कोको गॉफ ने रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

गॉफ ने कहा, तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन स्वीकार करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री आवास में अपनी नवनिर्वाचित कैबिनेट के सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

युद्ध स्मारक में शहीदों को नमन करते मोदी। ● एजेंसी

राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ समारोह में पहुंचा संत समाज। ● एजेंसी

मोदी के शपथ लेती ही भाजपाइयों ने पटाखे चलाकर जश्न मनाया। ● एजेंसी

शपथ से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट व सदैव अटल जाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

तीसरी बार मोदी के शपथ लेते ही झूमे भाजपाई, दिनभर गठबंधन के साथ चलीं बैठकें

नई दिल्ली, एजेंसी

तीसरी बार शपथ से पूर्व नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री रहे हरदीप सिंह पुरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद थे।

वहीं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा समेत पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ठाकुर ने भाजपा

समारोह में पहुंची कंगना रनौत। ● एजेंसी

और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपार जनसमर्थन देने के लिए देशवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए शिवराज सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार और ज्योतिरादित्य सिंधिया को बधाई दी है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया सभी को अनंत बधाई दी।

जम्मू के जौहरी ने तीन किलो चांदी से कमल का फूल बनाया : जम्मू। भाजपा से संबद्ध जम्मू के एक जौहरी ने नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में रविवार को तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर उनके लिए चांदी से बना तीन किलोग्राम का कमल का फूल तैयार किया है। कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है। जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित मुथी गांव के निवासी रिंकू चौहान ने कहा कि मोदी को यह अनोखा उपहार देने का विचार उनके दिमाग में तब आया, जब भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का अपना वादा अगस्त 2019 में पूरा किया और उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।



पुरी में समुद्र तट पर कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा रेत में उकेरी गई मोदी की तस्वीर।

प्रशंसक द्वारा बनाई गई तस्वीर जिसने हर किसी का मन मोह लिया। ● एजेंसी

एक नजर

चीन में कृषि प्रशिक्षण लेंगे पाकिस्तानी छात्र

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोसट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया। जियो न्यूज़ ने खबर दी है कि उन्होंने चीन में पाकिस्तान के राजदूत और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में चीनी अधिकारियों के साथ मामलों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

नियामी। अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुन: तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं।

पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह सैनिक मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया। पहले आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट किया और बाद में काफिले पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया, हमले में एक कैप्टन समेत कुल छह सैनिक शहीद हो गए।

यूरोपीय संसद के लिए 20 यूरोपीय देशों में मतदान शुरू

ब्रसेल्स। यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया। यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे। सदन में सीट जनसंख्या के आधार पर आवंटित की जाती हैं। माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं। हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते।

लेबनान में इजरायल का हवाई हमला

बेरूत, एजेंसी

- चार की गई जान, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

दक्षिणी लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और छह से ज्यादा घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया था। हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया।

हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा बीते बुधवार को कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया।

इजरायल के साथ सहयोग बंद करें इस्लामिक देश

तेहरान। ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए। इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

कतर, मिस्र ने हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

दोहा। कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इजरायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है।

अमेरिकी खुफिया डेटा ने इजरायली बंधकों को मुक्त कराने में की मदद

वाशिंगटन। अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया था। बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादी ढेर

मोगादिशु। सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सूचना मंत्रालय कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक भी मारे गए। अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है।

- अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा है अल-शबाब संगठन

यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

मुंबई एयरपोर्ट पर हादसा टला एटीसी अधिकारी को हटाया

मुंबई, एजेंसी

- जिस रनवे पर इंडिगो का विमान उतरा उसी पर उड़ान भरने के लिए दौड़ा एयर इंडिया का जेट

महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों की जान उस समय बाल-बाल बची, जब इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान उसी रनवे पर उतर गया, जहां से एयर इंडिया का एक जेट विमान तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ान भरने तेजी से आगे बढ़ रहा था।

घटना का वीडियो तरुण शुक्ला नाम के एक यूजर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। इससे मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुंबई से एक वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी (एटीसीओ) को ड्यूटी से हटा दिया। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके दावा किया कि इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई 6053 के पायलट ने एटीसी की ओर से दिये गए निर्देशों का पालन किया था। इंडिगो के एक प्रतिनिधि ने कहा 8 जून, 2024 को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई एयरपोर्ट पर एटीसी की ओर से लैंडिंग की मंजूरी दी गयी। पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया। इंडिगो में, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

उत्तर कोरिया के खिलाफ संदेश प्रसारित करेगा दक्षिण कोरिया

सियोल। उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया में गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के खिलाफ लाउडस्पीकर के जरिए संदेश प्रसारित फिर से शुरू करेगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन के नेतृत्व में रविवार को एक आपात सुरक्षा बैठक की गई जिसमें अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। चांग और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया के लोगों में घबराहट पैदा करने और शांति में खलल डालने के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की। साथ ही कहा कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के लिए पूरी तरह उत्तर कोरिया ही जिम्मेदार होगा। सेना ने बताया कि सप्ताहांत में कचरे से भरे सैंकड़ों गुब्बारे सियोल की ओर भेजे थे। उत्तर कोरिया ने मई के अंत से अब तक तीसरी बार कूड़ा-कचरे वाले गुब्बारे भेजे।

- गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में सीमावर्ती क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से देगा संदेश

राजनीतिक सुलह में इमरान खान बाधा : नवाज शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नवाज ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है।

नेपाल से प्रत्यर्पित मुख्य संदिग्ध से सीआईडी ने की पूछताछ

कोलकाता, एजेंसी

बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड

सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में नेपाल पुलिस द्वारा भारत प्रत्यर्पित किए गए मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू की।

बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था। सीआईडी अधिकारी ने कहा हम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। सांसद की तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी नेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए बारानगर आवास से निकले थे।

मुठभेड़ में त्रिपुरा सीमा पर बंगलादेशी तस्कर की मौत

अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कलामचौरा इलाके में किराने के सामान की तस्करी की कोशिश कर रहे तेजधार हथियारों से लैस बंगलादेशी नागरिक रविवार को सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया। बीएसएफ ने कहा कि सुबह 7:30 बजे तस्करों के एक समूह को सीमा पार बंगलादेश में तस्करी की कोशिश करते हुए देखा।

तस्कर सीमा बाड़ की दोनों ओर थे। बीएसएफ ने उन्हें रोकने की चुनौती दी, तो तस्करों ने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और हमलावर हो गए। तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को घेरने की कोशिश की, उनका उद्देश्य उन पर हमला करना और उनका हथियार जब्त करना था। अपने जीवन और सरकारी संपत्ति के खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के एक जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पीएजी राउंड फायर किया।

ईरान में राष्ट्रपति पद की दौड़ में छह उम्मीदवारों को मंजूरी

दुबई, एजेंसी

ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है।

हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था। संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल-हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे।

अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला

दुबई। अदन की खाड़ी में एंटीगुआ और बारबुडा के झंडे वाले एक मालवाहक पोत पर संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को हमला किया। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि मिसाइल जहाज के आगे के हिस्से पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई लेकिन जहाज पर सवार लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एक और मिसाइल दागी गई लेकिन यह जहाज पर नहीं गिरी।

इसके बाद आस-पास छोटी नौकाओं पर सवार लोगों ने पोत पर गोलीबारी की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी शनिवार देर रात अदन के समीप उसी क्षेत्र में हमले की सूचना दी लेकिन उसने इसके बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और इसके बाद से ही वह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन से लड़ रहा है।

बॉलीवुड हलचल

योद्धा के बाद फिर एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा के बाद एक बार फिर एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस एक्शन फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करेंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म का टाइटल अभी नहीं रखा गया है। वहीं, मुराद खेतानी सिने एक स्टूडियो के साथ अपने मूवी टनल प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण करने वाले हैं। यह एक एक्शन, रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होने वाली है। फिल्म का काम इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसके बाद सितंबर के आसपास उत्तराखंड में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है,जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमें बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही हैं। करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है। मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही है, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।

गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

मुंबई। अभिनेता अमिताभ बच्चन आगामी गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में एक छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। बच्चन इससे पहले इस श्रृंखला की पहली फिल्म फक्त महिलाओ माते (2022) में दिखाई दिए थे, जिसमें उन्होंने कथावाचक की भूमिका निभाई थी। 81 वर्षीय अभिनेता फिल्म में भगवान की भूमिका निभाएंगे। आनंद पंडित और वैशाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन जय बोडास और पार्थ त्रिवेदी ने किया है। इस फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला मुख्य भूमिका में हैं।